रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,502.08 -102.57

डॉलर 83.657 -0.073

रांची सर्राफा: 10 ग्राम 72,980 | 01 किलो 96,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 23 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 171, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से...


# नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

## सहायक नगर निवेशक/कनीय अभियंता/स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर/पाइपलाइन इंस्पेक्टर/खान निरीक्षक/मोटरयान निरीक्षक

## का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
मा0 मंत्री, जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार


**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
मा0 मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री हफीजुल हसन**
मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री दीपक बिरुआ**
मा0 मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर), परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार




**इस अवसर पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।**

**23 जुलाई, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे**
**प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची**

PR No. 330354 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार





## एक नजर

### जिप सदस्य ने नाली का किया शिलान्यास



**मांडर।** मांडर प्रखंड के अंतर्गत तिगोई अम्बाटोली में 700 फिट पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य बिनोदित तिग्गा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास का कार्य प्राथमिकता से कराया जाएगा। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अंसारी, उप मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य रिंकू कच्छप, वार्ड सदस्य उषा देवी, शाहिद अन्सारी, शिवम पाठक, परमेश्वर लोहरा, अलीम अंसारी, विमल महतो, इजहार अंसारी,रफीक अंसारी,पप्पू महतो जहांगीर अन्सारी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### दो बाइक की सीधी टक्कर में तीन लोग घायल, रिम्स रेफर

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के कोयनारा गांव में दो बाइक के भीषण टक्कर में तीन बाइक सवार घायल हो गए। घायलों में 26 वर्षीय श्रवण मुंडा, 25 वर्षीय प्रदीप उरांव तथा 25 वर्षीय प्रेम उरांव शामिल हैं। तीनों घायलों को लौदा मुंडा ने उठाकर पहले टेंपो और बाद में एम्बुलेंस से लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घटना दिन के लगभग ढाई बजे की बताई जा रही है। लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों का डॉ नमिता आशावंती लकडा.ने ड्रेसर भीम साहु और प्रद्युम्न सिंह की मदद से प्राथमिक उपचार उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार श्रवण मुंडा के सिर में गंभीर चोटे आई थी इसलिए उसे प्राथमिक उपचार कर रिम से रेफर कर दिया गया।

### अजय कुमार को बनाया गया रामगढ़ का नया एसपी



**रांची।** स्पेशल ब्रांच में एसपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार को रामगढ़ जिले का एसपी बनाया गया है। बता दें कि इससे पहले राज्य सरकार ने रविवार की देर रात रामगढ़ एसपी के पद पर पदस्थापित डॉ विमल कुमार का ट्रांसफर कर दिया था। जारी आदेश के मुताबिक विमल कुमार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में योगदान देने के लिए कहा गया है। इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है।

# राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : हेमंत



**नवीन मेल संवाददाता। राजमहल**

राजमहल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि काम सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका लाभ लंबे समय तक लोगों को मिलना चाहिए। हमारी सरकार इसी सोच के साथ योजनाएं बना रही है। हमारी योजनाएं आपको और आपकी आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि जब राज्य की जनता सशक्त होगी तभी हमारा समाज और राज्य आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार जो भी योजनाएं और नीतियां बना रही है उसका लाभ समाज के हर वर्ग और तबके को मिल रहा है। हम आप सभी के सहयोग से इस राज्य को इतना मजबूत बनाएंगे कि हमें किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**समस्याओं के समाधान के लिए सब मिलकर प्रयास करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे राज्य में कई समस्याएं हैं। हम कई चुनौतियों के बीच से गुजर रहे हैं लेकिन इन तमाम समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो, इसके लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि समस्याओं के निजात के लिए मिलजुलकर प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमहल का क्षेत्र कई मायनो में अलग पहचान रखता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक क्षेत्र होने के साथ पर्यटन की भी यहां अपार संभावनाएं हैं। यह झारखंड का एकमात्र इलाका है, जहां से गंगा नदी गुजरती है। यहां विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन लंबे अर्से से होता आ रहा है। यहां के तमाम संसाधनों का उपयोग कोई और कर रहा है जबकि यह क्षेत्र और यहां के लोग आज भी काफी पिछड़े हैं। यह क्षेत्र आज भी कई समस्याओं से ग्रसित है। हमारी सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयत्नशील है। गंगा के कटाव को रोकने का कार्य हो रहा है। आवागमन में सुगमता लाने का प्रयास कर रहे हैं। राजमहल क्षेत्र में एक हवाई पट्टी और रोप-वे बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है, ताकि पर्यटन के लिहाज से इसे अलग पहचान दिला सकें।

**विभिन्न विकास योजनाओं की मिली सौगात :** इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 88 करोड़ 84 लाख की 34 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें करीब 86 करोड 80 लाख रुपये की 31 योजनाओं की आधारशिला एवं तीन योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। साथ ही राजमहल एवं बरहेट में आयोजित कार्यक्रमों में 10 हजार 141 लाभुकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके बीच 38 करोड़ 80 लाख रुपये से ज्यादा की परिसंपत्तियां बांटी।

### हेमंत की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका पर ईडी का जवाब दाखिल

**रांची।** समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट के पिटीशन पर एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दायर याचिका में ईडी की ओर से अदालत में जवाब दाखिल कर दिया गया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि तीन अगस्त निर्धारित की है। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।

## न्यूज बॉक्स

### आर्थिक सर्वेक्षण से देश के विकास की बढ़ती रफ्तार साफ जाहिर होती है : खंडेलवाल

**रांची ।** कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने संसद के पटल पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए आर्थिक सर्वेक्षण को सराहा है। वहीं कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत विजन की दिशा में एक बढ़ता हुआ कदम है। इससे बेरोजगारी के गिरते ग्राफ के साथ ही देश की तेजी से बढ़ती जीडीपी ग्रोथ का भी आकड़ा साफ दिखाई देता है। प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस इकोनॉमिक सर्वे में प्राइवेट सेक्टर, पीपीपी और एग्रीकल्चर सेक्टर पर विशेष जोर दिया गया है। देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 से 7 फीसदी तक लगाया गया है जो देश में व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यह सरकार को घेरने वाले लोगो के लिए करार जवाब है। इस सर्वे से हमे निजी निवेश में भी तेजी देखने को मिली है जो कि हमारे लिए बेहद अच्छी खबर है और साथ ही इसमें यह संभावना भी दिखती है कि वर्ष 2026 तक भारत का वित्तीय घाटा काफी हद तक कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कुल मिला कर ये आर्थिक सर्वे भारत के उज्वल भविष्य को दशार्ता है, इसके लिए सीतारमण को बहुत बधाई और उनके योगदान और कड़ी मेहनत की जितनी तारीफ की जाए कम है।

### गांव भ्रमण कर जन समस्याओं से अवगत हुए डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मंदरो में आमजनों के द्वारा जनसमस्याओं को लेकर ग्राम के युवकों की अगुवाई में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमे मुख्य रूप पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत शमिल हुए। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि कई तरह के मूलभूत सुविधाओं से पूरे ग्रामवासियों को वंचित रखा गया, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी योजनाओं में सीधा ग्रामीणों का लाभ न मिलना साथ ही अबूवा आवास, कृषि, स्वास्थ्य, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन और बेरोजगारी जैसे विषयो पर गंभीरता से श्री भगत को ग्रामीणों ने अवगत कराया। बैठक के दौरान चेरनालो की मीना भगत ने अपना आपबीती बताते हुए बताए की मेरे पति का निधन पिछले कुछ माह पहले ही हो गई परन्तु लाख कोशिश के बावजूद अभी तक विधवा पेंशन नहीं बन पाया, डॉ परमेश्वर भगत ने तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया से पीड़ित महिला के विधवा पेंशन के लिए बात की और अनुरोध किया की जल्द से जल्द इस महिला का प्रमाण पत्र जारी किया जाए। अंत में सभी समस्याओं से रूबरू होने के बाद डॉ परमेश्वर भगत ने ग्राम वासियों को कहा कि हम सभी एक अच्छे जनप्रतिनिधि का आभाव महसूस कर रहे हैं और इसे पूरा करने की आवश्यकता है तभी जाकर हमें हमारा पूरा हक सीधे तौर पर मिल पाएगा।

### पुलिस ने 1.18 करोड़ का डोडा किया जब्त, चार गिरफ्तार



**खूंटी।** अड़की पुलिस ने डोडा की तस्करी में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में डौडीह निवासी सामू पहान, हितडीह निवासी सिंगा मुंडू, किताहातू निवासी जगमोहन मुंडा और पंगुरा निवासी निपुन मांझी शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से एक पिकअप (जेएच-01बीआर-7471) पर 45 बोरी में लदे 791.560 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। जब्त डोडा की कीमत 1.18 करोड़ रुपये आंकी गयी है। खूंटी पुलिस के अनुसार तस्कर रविवार की देर रात वाहन पर डोडा लादकर खूंटी से तमाड़ होते हुए बुंडू की ओर जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही एसडीपीओ वरुण रजक के निर्देश पर अड़की पुलिस ने खूंटी-तमाड़ पथ में मधुकमपीड़ी के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया। देर रात करीब 1:45 बजे पुलिस ने डोडा लेकर जा रहे पिकअप वैन को पकड़ा और दो लोगों को कब्जे में ले लिया। पकड़े गये आरोपियों की निशानदेही पर दो और आरोपियों को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

## सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली मुरी आस पास के क्षेत्र में सावन माह के पहले दिन सोमवार को सिल्ली मुरी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही पूजन-अर्चन, जलाभिषेक का जो क्रम शुरू हुआ, वह दोपहर बाद तक जारी रहा। शिव मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान भक्तों द्वारा भोलेनाथ का जयघोष किए जाने से आसपास का वातावरण शिवमय बना रहा।

सबसे ज्यादा भीड़ लगाम मारदु स्थित देलबेड़ा शिव मंदिर पर रही। लोगों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पूजन-अर्चन करने वालों में महिलाओं और युवतियों की संख्या अधिक रही। क्षेत्र के सिल्लीडीह शिव मंदिर,किता लोटा शिवमन्दिर, सिल्ली शिव मंदिर, कोचों पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में दर्शन-पूजन की धूम मची रही।

### आज से आम लोगों के लिए उपलब्ध होगा रिम्स पावरग्रिड विश्राम सदन

**रांची।** रिम्स पावरग्रिड विश्राम सदन मंगलवार से संचालित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरा नहीं होने तक विश्राम सदन का संचालन रिम्स करेगा। इसमें 62 बेड हैं, उसकी बुकिंग की जाएगी। एक बेड के लिए प्रतिदिन 100 रुपये के हिसाब से भुगतान करना होगा। सात दिनों से आगे के लिए 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से बुकिंग कर पाएंगे। सिक्योरिटी डिपाजिट के तौर पर 500 रुपये देने होंगे। एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंड की निगरानी में इसे शुरू किया जा रहा है। वर्तमान में मैनुअल तरीके से डेंटल और ओपीडी के पास काउंटर से बुकिंग कर सकेंगे। कुल 17.82 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पावरग्रिड विश्राम सदन का उद्घाटन नौ जुलाई को किया गया था।

## मोमिन कांफ्रेंस के पदाधिकारियों को सम्मान सह प्रमाण पत्र दिया गया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश मोमिन कान्फ्रेस की राज्य कार्यकारणी की रविवार की बैठक में रांची जिला मोमीन कान्फ्रेस के पदाधिकारियों को सम्मान सह प्रमाण पत्र दिया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष जनाब आबिद अली, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जनाब अनवार अहमद अंसारी, प्रधान महासचिव अब्दुल करीम अंसारी, महसचिव मुफ्ती अबदुल्लाह अजहर कासमी के हाथो से सभी रांची जिला मोमीन कान्फ्रेस के पदाधिकारियों क्रमशः जफर इमाम, सफीउल्लाह अंसारी, जुल्फिकार अली, ऐनुल अंसारी,कयूम अंसारी,अशफाक आलम, नाम अंसारी, सफीउल मजीद, इशरत अंसारी, नौशाद अंसारी, रिजवान अंसारी, सखावत हुसैन, प्रो गफ्फार अंसारी, कलाम अंसारी (सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष), अख्तर हुसैन, मसिउद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन को प्रमाण पत्र दिया गया।

## बाघवार एकेडमी में करियर काउंसलिंग का आयोजन



**चान्हो।** सोमवार को बाघवार एकेडमी के प्रांगण में कक्षा 8 से 12वीं तक के चयनित बच्चों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित ने अपने कार्य अनुभव को बच्चों के साथ साझा किया ?। स्वामी सुशिल आनंदजी के द्वारा कृषि के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को बच्चों के बीच रखा गया। संजीव सिन्हाजी के द्वारा अपने कैरियर के चुनाव में किन बिंदुओं को ध्यान में रखा जाए, इस पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। मार्गदर्शन प्राप्त करने के पश्चात सभी बच्चे नई ऊर्जा से ओतप्रोत थे। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा अतिथियों का मेमंटो देकर स्वागत किया गया। अंत में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने अपने संबोधन में आज इन अतिथियों के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव के द्वारा किया गया। इस अवसर को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्णा सिंह, शिक्षिका संगीता एक्का तथा शिक्षक विकास गुप्ता का योगदान सराहनीय रहा।

## स्फटिक के शिवलिंग पर रुद्राभिषेक



*शिव परिवार का विशेष श्रृंगार करके भोग लगाकर महाआरती की गई और केसरिया पेड़ा के महाप्रसाद का वितरण किया गया*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रवण माह पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में स्थापित श्री श्यामेश्वर महादेव की पूजा अभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही । श्री श्यामेश्वर महादेव भोलेनाथ की जय जय कारों से मंदिर गूंज रहा था। ज्ञातव्य है कि श्री श्याम मंदिर में स्फटिक का शिवलिंग है । श्री शिव परिवार का प्रति दीन श्रृंगार करने वाले गोपाल खेतान (लड्डू बाबू) संदीप खेतान अमिताभ खेतान ने विशेष प्रातः कालीन श्रृंगार करके आरती की। संध्याकाल मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी अनीता शर्मा व परिजनों के साथ विशेष महारुद्राभिषेक अनुष्ठान करवाया। इसके बाद शिव परिवार का विशेष श्रृंगार करके भोग लगाकर महाआरती की गई । केसरिया पेडा के महाप्रसाद का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में भक्तजनों ने संध्या 6:30 बजे की महाआरती में भाग लिया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू स्नेह पोद्दार सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

**111वां श्री सुंदरकाण्ड श्री हनुमान चालीसा पाठ आज :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में संध्या 4:30 बजे से 111 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। मुकेश कुमार बरनवाल राधादेवी बरनवाल अपने परिवार के साथ श्री हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## बीआईटी में यूएवी डिजाइन पर कार्यशाला

# सेना में ड्रोन की भूमिका अहम : डॉ संदीप




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के आरएंडडी बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में सोमवार को यूएवी डिजाइन पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि रिसर्च, इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप के डीन प्रोफेसर सी. जगनाथन और विशिष्ट अतिथि स्नातकोत्तर अध्ययन के डीन प्रोफेसर संदीप सिंह सोलंकी ने किया। मुख्य अतिथि प्रो सी. जेगनाथन ने कार्यक्रम के संस्थान परिसर मे आयोजित किए जाने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए अपने संबोधन से सभी को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ संदीप सिंह सोलंकी ने कहा कि सेना में ड्रोन की भूमिका अहम और यह कैसे बढ़ रही है। भविष्य के लिए ऐसी प्रौद्योगिकियों को लैस करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला के संयोजक इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार और कार्यशाला समन्वयक डॉ. प्रियांक सक्सेना हैं। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. प्रियांक सक्सेना ने संबोधित किया। इसके बाद कार्यशाला के संयोजक डॉ. संजय कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने विभाग में यूएवी प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रस्ताव और इसके परिणामों के बारे में बात की।

## शिक्षण सहायक सामग्री शिक्षकों एवं बच्चों के लिए उपयोगी : कैलाश कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई द्वारा 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत पहले दिन शिक्षक सहायक सामग्री (टीएलएम) निर्माण एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन करना था। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न कक्षाओं में शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा अनेक प्रकार के शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण किया गया और उसे बच्चों के बीच प्रदर्शित की गई। शिक्षकों एवं बच्चों की मदद से विज्ञान गणित , हिंदी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान एवं कंप्यूटर विषय पर आधारित शिक्षण सामग्री का निर्माण किया गया। गणित में आकर, गणित की जटिल अवधारणाओं त्रिभुज और इसके अनुप्रयोग संख्या आकृति अवधारणा तथा पूर्ण निर्धारण को रुचिकर बनाते हुए अपना प्रस्तुतीकरण किया। हिंदी एवं अंग्रेजी में व्याकरण सम्बंधित शुद्धताओं समानार्थी, विलोमार्थी, समास-संधि, अलंकार, उपसर्ग प्रत्यय आदि की समझ विकसित करने के लिए की गई।

### सावन महोत्सव मेले का हुआ शुभारंभ

# मेला महिलाओं की अद्वितीय शक्ति का प्रतीक है : प्रवीणा परब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा द्वारा तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेले की सोमवार को महाराजा अग्रसेन भवन में शुरूआत हुई। सावन मेले का उद्घाटन अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर की धर्मपत्नी प्रवीणा परब, विशिष्ट अतिथि आर्मी दंत चिकित्सक प्रियंका राठौर और आर्मी स्कूल की प्रिंसिपल मंजू ढाका ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उर्मिला पाड़िया द्वारा गणेश वंदना की गई। सावन मेले में पहुंचे अतिथियों का स्वागत अग्रवाल सभा के वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मंत्री मनोज कुमार चौधरी, महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल और सावन मेले की संयोजिका अलका सरावगी ने पुष्प गुच्छ, पौधे, स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया। मुख्य अतिथि प्रवीणा परब ने कहा कि यह मेला महिलाओं की अद्वितीय शक्ति का प्रतीक है। महिलाओं ने अपनी सृजनता और मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। आज महिलाएं किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं। महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल और मेले की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा कि सावन मेले में 100 से भी अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। मेले के उद्घाटन के बाद नीरा बथवाल ने कहा कि वर्ष 1998 में सावन महोत्सव की शुरूआत की गई थी। इस वर्ष समिति सावन महोत्सव का रजत जयंती वर्ष मना रही है। मेले का मुख्य उद्देश्य घर से काम करने वाली उद्यमी महिलाओं को एक प्लेटफॉर्म देना है। जहां से वह अपनी पहचान बना सकें। इसके माध्यम से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और वे एक-दूसरे से सीखने एवं सहयोग की भावना से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,502.08 −102.57
डॉलर 83.657 -0.073
रांची सर्राफा: 10 ग्राम 72,980 | 01 किलो 96,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 23 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 171, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-08 पेरिस ओलंपिक के बाद हॉकी से...

## न्यूज ब्रीफ

### पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन 15 सितंबर तक खुले रहेंगे

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए पोर्टल 15 सितंबर 2024 तक खुला रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन एवं सिफारिशें 1 मई 2024 से शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 जुलाई को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 24 जुलाई को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है। कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होगी। कैबिनेट की बैठक में आगामी मानसून सत्र की मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा झारखंड राज्य के गिग वर्कर के लिए विधेयक लाने की स्वीकृति दी जाएगी, जिसे विधानसभा से पारित कराया जाएगा। ऐसे वर्करों को कई तरह की सामाजिक सुरक्षा भी दी जाएगी। कैबिनेट में इसके अलावा प्रथम अनुपूरक बजट सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

# मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में, बेरोजगारी दर में गिरावट, विकास में तेजी

**आर्थिक सर्वे 2023-24**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक प्रदर्शन का विस्तार से विश्लेषण दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी है। वित्त वर्ष 2024 में वास्तविक रूप से जीडीपी 8.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 से 7 फीसद तक बताया गया है। 2024-25 में राजकोषीय घाटा 0.7 प्रतिशत कम होकर 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। भारत की अनुमानित वर्कफोर्स 56.5 करोड़ है। इसमें 45 प्रतिशत लोग कृषि, 11.4 प्रतिशत लोग मैन्युफैक्चरिंग, 28.9 प्रतिशत लोग सर्विसेज और 13 प्रतिशत लोग निर्माण क्षेत्र में रोजगार कर रहे हैं। सर्वे में अनुमान जताया गया है कि बढ़ते हुए कार्यबल को रोजगार देने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को गैर-कृषि क्षेत्र में करीब 78.51 लाख रोजगार वार्षिक तौर पर पैदा करने की आवश्यकता है। सर्वे में कहा गया है,

शेष पेज 09 पर

## गैर-कृषि क्षेत्र में करीब 78.51 लाख रोजगार वार्षिक तौर पर पैदा करने की आवश्यकता

**'अमृत काल' आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम :** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 में कहा गया कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य को बेहतर करने, मांग और आपूर्ति के बीच की बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया। संभावित विकास को बढ़ाने और अपनी क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए बड़े पैमाने पर सुधार किए गए जो 'अमृत काल' और वर्तमान में लोगों की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, 'अमृत काल' की विकास रणनीति छह प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित है।

### अमृतकाल में विकास के छह प्रमुख क्षेत्र

1. निजी निवेश को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।
2. भारत की 'मित्तेलस्टैंड' (एमएसएमई) की वृद्धि और विस्तार एक रणनीतिक प्राथमिकता है।
3. भविष्य के विकास के इंजन के रूप में कृषि की क्षमता को पहचाना जाना चाहिए और नीतिगत बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए।
4. भारत में ग्रीन ट्रांजिशन (जीटी) के वित्तपोषण को सुरक्षित करने की आवश्यकता है।
5. शिक्षा और रोजगार के अंतर को पाटना होगा।
6. भारत की प्रगति को बनाए रखने और तेज करने के लिए राज्य की क्षमता और योग्यता का बेहतर निर्माण आवश्यक है।



### मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन ने कहा

1. हम निराशावादी नहीं हैं, हम विकास के बारे में आशावादी हैं। लेकिन हम चुनौतियों के बारे में सजग हैं।
2. मौजूदा ग्लोबल माहौल के बीच 7 फीसदी जीडीपी ग्रोथ हासिल करने के लिए सजगता ज्यादा जरूरी।
3. कैपिटल मार्केट में रिटेल निवेशकों की भागेदारी बाजारों के लिए बफर के रूप में काम किया।
4. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोजगार बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। लेकिन हमें रोजगार पर इसके प्रभाव के बारे में सावधान रहने की जरूरत है।
5. भारत को चीन के साथ बढ़ते ट्रेड-डेफिसिट कम करने के लिए गुड्स और कैपिटल इंपोर्ट के बीच सही संतुलन बनाने की जरूरत है।

**पहली सोमवारी**

## राज्यभर में भोले के दरबार में भक्तों का उमड़ा सैलाब

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बाबा नगरी बैद्यनाथधाम में सावन के पहले दिन ही सोमवार को कांवड़ियों की भीड़ रही। सावन की पहली सोमवारी को लगभग सावा लाख से अधिक कांवरियों ने जलार्पण किया। भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान रहा। शिवालयों और मंदिरों में भक्तों भारी भीड़ उमड़ी। सुबह तीन बजे मंदिर का पट खुला और समय के साथ कांवड़ियों की कतार भी बढ़ती चली गई। वहीं राजधानी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में भी सुबह से भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली।

सुबह तीन बजे सरकारी पूजा के बाद मंदिर का पट आम लोगों के लिए खोल दिया गया। दिनभर



**हर हर महादेव के जयकारे से माहौल गुंजायमान**

भारी संख्या में श्रद्धालु भोले बाबा का जलाभिषेक करने मंदिर आते रहे। शिवभक्तों की गूंज से इलाका बोल बम से गुंजायमान रहा। सभी कांवड़ियां कतारबद्ध हो कर बाबा का जयघोष करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे थे। वहीं राजधानी सहित पूरे राज्य के प्रमुख शिव मंदिरों में यही दृश्य देखने को मिला।

# गांव की झोपड़ी तक रोशनी पहुंचाना लक्ष्य : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**साहेबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को साहेबगंज के बरहेट प्रखंड में 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (बरहेट) एवं 132 केवी (पाकुड़-राजमहल) द्विपथ लिलो संचरण लाइन का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीणों के घरों को रोशन करना है। शहर का मकान हो या फिर गांव की झोपड़ी अब सभी घर रोशन रहें यही हमारा उद्देश्य है। हर घर बिजली की उपलब्धता उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

कहा, लंबे समय से बरहेट व आसपास क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण बिजली की समस्या का दंश झेल रहे थे आज उसका निदान सरकार कर रही है। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर से आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। बहुत जल्द पुलिस बहाली के लिए दौड़ का आयोजन होगा। इसकी तैयारी हो गई है। सिपाही भर्ती के लाखों आवेदन प्राप्त हुए हैं उसकी भी बहाली शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत तेजी से अड़चनों को दूर कर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। नियुक्ति देने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।




**फिर से शुरू किया जाएगा आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम**

**बहुत जल्द पुलिस बहाली के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा**

### 200 यूनिट बिजली निशुल्क दे रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिर्फ बिजली ग्रिड का उद्घाटन ही नहीं हुआ है, बल्कि राज्य के गरीब, गुरबा, गांव-देहात के लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें सरकार 200 यूनिट बिजली भी मुफ्त उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई जगह से यह शिकायत आती है कि किसी के घर में मीटर नहीं लगा है, फिर भी बिजली का बिल आ रहा है और उन्हें 200 यूनिट का लाभ नहीं मिल रहा है। इन सभी शिकायतों का समाधान हम लोग शीघ्र कर देंगे। 24 तारीख को आयोजित होने वाले कैबिनेट की बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा, ताकि राज्यवासियों की बिजली से संबंधित सभी समस्या का समाधान हो सके। बिजली विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि यह ग्रिड सब-स्टेशन सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए। ग्रिड सब-स्टेशन में ब्रेकडाउन न के बराबर हो इसका पुख्ता इंतजाम रहे।

**मुख्यमंत्री ने राजमहल ने कहा- 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मिलेगी सम्मान राशि :** राज्य सरकार ने 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। शेष पेज 09 पर


**बरहेट प्रखंड बिजली सब-स्टेशन ग्रिड**

| योजना का नाम | ग्रिड की क्षमता | परियोजना राशि | लाईन की लंबाई |
|---|---|---|---|
| 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, बरहेट एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाईन। | 100 एमवीआई। | 70.64 करोड़ रुपये। | 27.414 किलोमीटर। |

**लाभान्वित क्षेत्र:** सीतापहाड़, पतना, बरहरवा एवं बरहेट।

## राहत फतह अली ने गिरफ्तारी की खबर को फर्जी बताया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी के मशहूर प्लेबैक सिंगर राहत फतेह अली खान को दुबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया है। पाकिस्तानी मीडिया के रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसा उनके पूर्व मैनेजर सलमान अहमद की शिकायत के बाद किया गया है। बताया जा रहा है कि पहले उन्हें प्लेन पर चढ़ने से रोका गया, फिर उन्हें हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गायक विभिन्न संगीत कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने के लिए वहां गए हुए थे।

शेष पेज 09 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 8292553444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

**आज | कल**




## सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन खत्म

- सरकार की ओर से गठित छह सदस्यीय समिति से वार्ता के बाद पांच बिंदुओं पर बनी सहमति
- दो से आंदोलन पर थे, 19 जुलाई को सीएम आवास घेराव करने पर हुआ था लाठीचार्ज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों ने सोमवार को अपने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा कर दी है। सरकार की ओर गठित समिति की ओर से हुई बैठक में पांच बिंदुओं पर सहमति बनी। इसके बाद आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा सहायक पुलिसकर्मियों ने की। इससे पहले सर्किट हाऊस में सरकार की ओर गठित समिति में छह विधायक मथुरा प्रसाद महतो, नमन विक्सल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप, सुदिव्य कुमार सोनू, विनोद सिंह और सुखराम उरांव शामिल थे। सभी छौ विधायकों ने सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनकी मांगों को सुना। सहायक पुलिसकर्मियों की मांगों में समायोजन, मानदेय बढ़ोत्तरी, संविदा अवधि का विस्तार, मातृत्व अवकाश सहित अन्य मांग शामिल थे। वहीं सहायक पुलिस कर्मियों की ओर से वार्ता में अविनाश कुमार द्विवेदी, विवेकानंद गुप्ता, बसंत कुमार, शुभम कुमार रविंद्र साहू, पप्पू कुमार बैठा, प्रवीण कुमार, उज्जवल कुमार सहित अन्य शामिल थे। उल्लेखनीय है कि रांची के मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मी बीते दो जुलाई से लगातार आंदोलन पर थे। सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था।

**इन मांगों पर बनी सहमति**

**समायोजन:** वनरक्षी, उत्पाद सिपाही और होमगार्ड के रिक्त पदों के विरुद्ध 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान करने तथा जिला बल के अधीन आरक्षी के रिक्त पदों के विरूद्ध की अधिमान्यता जो नियमावली के तहत मान्य है, पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में जो विज्ञापन निकल चुके हैं उसे छोड़कर भविष्य में निकलने वाले विज्ञापन पर लागू होगा।

शेष पेज 09 पर

## लोकसभा में 20 घंटे से ज्यादा हो सकती है बजट पर चर्चा, स्पीकर बिरला ने दी नसीहत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को संसद में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी। लोकसभा में बजट पर बुधवार से चर्चा शुरू होगी। लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में बजट पर चर्चा के लिए समय आवंटित कर दिया गया है। बजट पर चर्चा के लिए लोकसभा में 20 घंटे का समय रखा गया है।



हालांकि, वक्ताओं की संख्या और राजनीतिक दलों के आग्रह को देखते हुए इस आवंटित समय में बढ़ोतरी की भी संभावना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में बजट पर हुई चर्चा का जवाब सदन में 30 जुलाई को दे सकती हैं। रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, एमएसएमई और फूड प्रोसेसिंग जैसे बड़े मंत्रालयों की डिमांड और ग्रांट पर चर्चा के लिए 5-5 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, बीएसी की बैठक में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी दलों के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि सदन में विरोध तो कर सकते हैं, लेकिन, तख्तियां लहराने को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। सदन के अंदर तख्तियां लहराने वाले सांसदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शेष पेज 09 पर

**इंडिया**

## आकाशवाणी नाम की सार्थकता से ब्रेकिंग न्यूज तक का सफर और चुनौतियां



सुनील बादल

**आज** 23 जुलाई को राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के दिन आज फिर पिछले लगभग 100 वर्षों की प्रसारण यात्रा पर प्रसारकों और श्रोताओं/दर्शकों के बीच चर्चा हो रही है कि कभी ईश्वर की वाणी यानी आकाशवाणी से लेकर आज की ब्रेकिंग न्यूज संस्कृति में हम कहां से कहां पहुंच गए हैं। इस दिन वर्ष 1927 में इंडियन प्रसारण कंपनी ने बंबई स्टेशन से रेडियो प्रसारण शुरू किया था।पहला कार्यक्रम 1923 में मुंबई के रेडियो क्लसब द्वारा प्रसारित किया गया था। इसके बाद 1927 में मुंबई और कोलकाता में निजी स्वाशमित्व् वाले दो ट्रांसमीटरों से प्रसारण सेवा की शुरुआत हुई। सन 1930 में तत्कालीन सरकार ने इन ट्रांसमीटरों को अपने नियंत्रण में ले लिया और 'भारतीय प्रसारण सेवा' के नाम से उन्हें परिचालित करना शुरू कर दिया। 1936 में इसका नाम बदलकर 'ऑल इंडिया रेडियो' कर दिया और 1957 में आकाशवाणी के नाम से पुकारा जाने लगा।आज 591 केन्द्रों से 23 भाषाओं और 179 लोकभाषाओं में लगभग सभी प्रमुख केंद्र न्यूजऑनएआइआर मोबाइल एप पर उपलब्ध हैं जिन्हें मोबाइल या कंप्यूटर पर पूरे विश्व में कहीं भी सुना जा सकता है । पारंपरिक प्रसारण से 90% से अधिक भारतीय क्षेत्रफल और लगभग 98% जनसंख्या को आच्छादित किया गया है । इस बड़े नेटवर्क और अत्याधुनिक प्रसारण उपकरणों से सजी आकाशवाणी आज विभिन्न कारणों से अप्रासंगिक हो रही है जबकि पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से इसमें नई जान फूंकी थी । इसका बड़ा कारण है बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के मूलमंत्र पर काम करने वाली आकाशवाणी का अव्यावसायिक रवैया जिसमें व्यवसाय के बजाय जनकल्याण को प्राथमिकता दी जाती है जबकि दूसरी ओर समय के हिसाब से

**राष्ट्रीय प्रसारण दिवस**

कामकाज में लचीलापन भी नहीं आया और अभी भी सरकारी ठस्सेपन का बना होना जिससे विज्ञापन के रूप में बड़ा नुकसान इस सबसे बड़े प्रसारण तंत्र को हो रहा है । लंबे समय से आकाशवाणी के कार्यक्रमों से जुड़े लोगों श्रोताओं का कहना है कि आप देश के किसी हिस्से में आंख मूंदकर भी प्रसारण की गुणवत्ता से अंदाजा लगा सकते हैं कि कौन सा निजी एफएम का स्टीरियोफोनिक प्रसारण है और कौन सा सरकारी एफएम ! जबकि आकाशवाणी के पास अधिक महंगे और आधुनिक ट्रांसमीटर या उच्च वेतनमान वाले कुशल अभियंता हैं पर रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता जबकि इसके विपरीत निजी एफएम सीमित साधनों और बिना तकनीकी विशेषज्ञों के आकाशवाणी के ही परिसर में लगे अपने ट्रांसमीटरों से बेहतरीन गुणवत्ता देते हैं।

इसके पीछे एक बड़ा कारण मॉनिटरिंग तंत्र का अभाव है जिसमें निजी एफएम बहुत कड़ाई रखते हैं । कभी पं नरेंद्र शर्मा, सुमित्रानंदन पंत,राधाकृष्ण, हरिवंश राय बच्चन जैसे अनेकों नाम हैं जिन्होंने आकाशवाणी को समृद्ध किया उनके बाद की पीढ़ी में भी अनेक चर्चित साहित्य संस्कृतिकर्मी या तो इससे जुड़े या अपनी सेवाएं दीं । आज के ब्रेकिंग न्यूज के जमाने में जब टीआरपी की गलाकाट स्पर्द्धा के दौर में टीवी चैनल अपनी विश्वसनीयता की लड़ाई भी लड़ रहे हैं आकाशवाणी भारत का सबसे विश्वसनीय ब्रांड बनकर यह साबित कर रहा है कि वह आज भी अपनी नीतियों से समझौता नहीं करता और अभी भी अपनी कमियों को दूर कर ले तो उसका मुक़ाबला कोई नहीं कर सकता ।सबसे पहले आकाशवाणी को अधिकारी या तकनीकी अधिकारी केंद्रित संस्था की पहचान से ऊपर उठना चाहिए। इसके लिए पूर्व की तरह साहित्य,संस्कृति और पत्रकारिता से जुड़े ऐसे समर्पित लोगों को बहाल करना चाहिए जो सिर्फ नौकरी करने नहीं बल्कि इस महान संस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने का माद्दा रखते हों । खाली पड़े हजारों उद्घोषकों के पदों को भरकर बीबीसी की तरह प्रोड्यूसर की शक्ति देनी चाहिए अन्यथा धीरे धीरे अपनी अशुद्धियों और बेतरतीब पुरातनपंथी कार्यक्रमों से यह ऐतिहासिक संस्था अपनी वह पहचान खो देगी जिसकी मधुर स्मृतियाँ आज भी लोगों के मानस पटल पर अंकित हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का निर्णय**

## यूपी में कांवड़ मार्ग पर नेमप्लेट लगाने के आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी दुकानों पर नेमप्लेट लगाने का आदेश जारी किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रोक लगा दी। कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों और ढाबों पर मालिकों और कर्मचारियों के नाम लिखने का आदेश दिया गया था। भक्त और श्रद्धालु कांवड़ लेकर भोले शंकर को जल चढ़ाने के लिए कई किलोमीटर की यात्रा करते हैं। उसी यात्रा के दौरान कई दुकानों और ढाबों से वो खाने का सामान व अन्य चीजें खरीदते हैं। यूपी सरकार ने सबसे पहले आदेश जारी कर इन दुकानों पर मालिकों का नाम लिखने का आदेश जारी किया था ताकि श्रद्धालु अपनी पसंद की दुकान से सामान खरीद सकें। उसके बाद ऐसा ही आदेश उत्तराखंड सरकार ने भी जारी किया। इस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए जस्टिस ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि श्रद्धालुओं को मानक स्वच्छता बनाए रखते हुए उनकी पसंद का भोजन परोसा जा सकता है।



शेष पेज 09 पर

# सावन की पहली सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

## सुबह तीन बजे से शुरू हुई पूजा, शाम के सात बजे आरती के साथ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सावन की पहली सोमवारी को जहां भक्तों में जलार्पण को लेकर उत्साह नजर आ रहा था। वहीं सुबह से देर शाम तक रांची पहाड़ी बोलबम और हर हर महादेव के जयकारों से गूंजती रही। जयकारे देर शाम तक सुनाई दिए और शाम की आरती के साथ रुके। पहली सोमवारी का असर शहर और आसपास के इलाकों के मंदिरों और देवालयों में भी नजर आया। जल चढ़ानेवालों और पूजा के लिए कतारें लगी दिखीं। शिव भक्ति की बयार से रांची पहाड़ी शिवमय नजर आई। मंदिरों और शिवालयों में भी सुबह से देर शाम तक भक्तों की भीड़ दिखी। सावन के पहले सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महादेव का जलाभिषेक और पूजा- अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। अधिकतर मंदिरों की रंग बिरंगी लाइटों से विशेष सजावट की गई है।

राजधानी का पहाड़ी मंदिर आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। पहले सोमवार को करीब 25 हजार कांवरियों ने पहाड़ी मंदिर और एक लाख शिव भक्तों ने शहर के शिव मंदिरों में जल चढ़ाया। स्वर्णरिखा नदी से जल और घर से दूध लेकर पहुंचे कांवड़िए बाबा के जलाभिषेक को उमड़ पड़े। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक नजर आई। हाथों में पूजन की थालियां लिए महिलाएं और कांवर कलश उठाए श्रद्धालु तन-मन से बाबा को समर्पित नजर आए। शाम ढलने पर पहाड़ी बाबा का फूलों और चांदी से श्रृंगार कर भोग लगाकर आरती उतारी गई।



दर्शन-पूजन और आरती के बाद 9 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए गए।

**नाग मंदिर में पाहनों ने की सबसे पहले पूजा :** शिखर पर शिव मंदिर के सामने नाग मंदिर में भी पाहनों ने सबसे पहले पूजा की। नागवंशी राजाओं में नाग देवता की पूजा होती है। नाग शिव के श्रृंगार भी हैं। भक्त यहां आते हैं और नाग मंदिर में भी शीश नवाते हैं। आदिवासियों में नाग देवता के प्रति काफी श्रद्धा है। पहाड़ी के अन्य मंदिरों में भी भीड़ रही। काली मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि मंदिर, विश्वनाथ मंदिर में भी श्रद्धालु संध्या तक आते रहे। वैकल्पिक मार्ग से भक्तों को भेजने के कारण काफी रही राहत रही। भीड़ को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कराया गया था। महिलाओं के लिए भी व्यवस्था की गई थी।

**शिविर लगाकर भक्तों में निःशुल्क दूध बांटा गया :** राजधानी के हर इलाके के शिव मंदिरों और देवालयों में दर्शनार्थियों की कतारें लगने लगी। जलाभिषेक दर्शन-पूजन का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कालोनी, अरगोड़ा शिव मंदिर, हरमू कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, मोरहाबादी शिव मंदिर, बरियातू चेशायर होम रोड शिवशक्ति मंदिर, कडरू शिव मंदिर, अशोक नगर देवालय के अलावा धुर्वा, हिनू, डोरंडा, कांटाटोली, किशोरगंज, कोकर, बूटी रोड, आर्यपुरी स्थित पंचमुखी श्रीशिव मंदिर, बरियातू और कांके स्थित देवालयों में भी श्रृंगार-पूजन और महाआरती के साथ पाठ और भजन कीर्तन का कार्यक्रम देर शाम तक चला। सावन के मौके पर इन मंदिरों और शिवालयों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।

**पहाड़ी मंदिर का सुबह तीन बने खुला था पट :** ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को सुबह 3 बजे मुख्य मंदिर का पट खोला गया। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसडीओ उत्कर्ष कुमार की मौजूदगी में पहाड़ी मंदिर के पुजारी मनोज कुमार मिश्रा और पुजारी पिंटू पांडेय द्वारा विधि-विधान के साथ सरकारी पूजा की गई।

इस अवसर पर विकास समिति के उपाध्यक्ष कुमार राजा, सचिव राकेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, वित्त प्रभारी राजेश कुमार साहू, बादल सिंह, अरुण वर्मा, रंजीत बिहारी, राज कुमार तलेजा, दीपक नंदा, बेबी सिंह, जया सोनी भी मौजूद रहे। पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक और पंचामृत अभिषेक के बाद फूल-पत्तियों से श्रृंगार कर आरती उतारी गई और 4 बजे मंदिर के पट्ट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। पट खुलते ही कतारबद्ध आम भक्तों ने बाबा के दरबार में अरघा से जलाभिषेक कर परिवार की सुखसमृद्धि और खुशहानी के लिए मंगलकामना की। यह सिलसिला दिन भर जारी रहा। दोपहर में एक बजे मंदिर की साफ-सफाई कर दो बजे तक बाबा को विश्राम दिया गया। उसके बाद पूजा अर्चना और दर्शनों का सिलसिल जारी रहा। शाम 7 बजे मंदिर की साफ-सफाई करनें के बाद अरघा हटा दिया गया।

### सावन का पहला मंगला गौरी व्रत आज

**रांची।** सावन का पहला मंगला गौरी व्रत 23 जुलाई को स्वार्थ सिद्धि योग में पड़ेगा। सावन के हर मंगलवार को मंगला गौरी का व्रत रखा जाता है इस व्रत में माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। इस बार सावन में चार मंगला गौरी व्रत पढ़ेंगे। खास बात यह है कि इसकी शुरूआत स्वार्थ सिद्धि योग में होने जा रही है। सावन का महीना सोमवार से शुरू हो चुका है। भगवान शिव के भक्त अपनी मनोकामना के लिए सावन के हर सोमवार को व्रत रखते हैं। अधिकतर शिव भक्तों को मंगला गौरी व्रत के बारे में जानकारी नहीं है सावन के मंगलवार का महत्व कम नहीं है। सावन के हर मंगलवार को मंगला गौरी का व्रत रखा जाता है और इस व्रत में माता पार्वती की उपासना की जाती है। मंगला गौरी का व्रत करने से हर मनोकामना पूरी हो सकती है। पहले मंगला गौरी के व्रत शुरूआत 23 जुलाई को सुबह 4.48 बजे से लेकर 11.32 तक स्वार्थ सिद्धि योग में होगी। पहाड़ी मंदिर के पुजारी मनोज मिश्रा का कहना है कि मंगला गौरी व्रत के दिन सुबह स्नान करें और साफ-सुथरे वस्त्र पहन कर पूजा स्थल की सफाई करें एक चौकी रखें उस पर लाल रंग का कपड़ा बिछाए और माता पार्वती और भगवान गणेश की मूर्ति रखें उसके बाद देवी को सुहाग सामग्री अर्पित करें भोग में सूखे मेवे के साथ नारियल इलाइची लोंग सुपारी और मिठाई अर्पित करें पूजा के बाद माता की आरती उतारे और कथा सुने उसके बाद माता को अर्पित किया हुआ प्रसाद लोगों में भी बांटे और खुद भी ग्रहण करें।

## न्यूज बॉक्स

### रांची विवि के वोकेशनल शिक्षकों ने मानदेय में बढ़ोतरी का स्वागत किया



**रांची।** वोकेशनल टीचर एसोसिएशन ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा वोकेशनल शिक्षकों के मानदेय में की गई बढ़ोतरी का स्वागत किया है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि लंबे समय से वोकेशनल शिक्षकों को कम मानदेय के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिक्षकों की इस परेशानी को समझते हुए मानदेय में बढ़ोतरी का निर्णय लिया, जिसके लिए वोकेशनल के सभी शिक्षकों की तरफ से रांची विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अटल पांडेय ने कहा कि यह निर्णय हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य है। लंबे समय से हम मानदेय में बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हो गई है। इससे शिक्षकों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और वे अपने परिवारों का भरण-पोषण बेहतर तरीके से कर सकेंगे। एसोसिएशन ने प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों से भी आग्रह किया है कि वे अपने वोकेशनल शिक्षकों के मानदेय में सुधार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी सभी शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने की व्यवस्था अविलंब होनी चाहिए। शिक्षकों का सम्मान और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि वे पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर समाहरणालय संवर्ग, काम प्रभावित



**रांची।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) अपने 9 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चला गया है। सोमवार को जिला इकाई रांची के द्वारा समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी हड़ताल पर रहे। बड़ी संख्या में समाहरणालय संवर्ग ने राजभवन के समीप धरना दिया। जिससे एसडीओ कार्यालय, भू-अर्जन, सामाजिक सुरक्षा, रिकार्ड रूम, महिला और बाल कल्याण, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल कार्यालय के काम प्रभावित रहे। एसडीओ कार्यालय का कोर्ट भी नहीं चला। साथ ही जन्म, मृत्यु, जाति जैसे प्रमाण पत्र भी नहीं बने। सभी कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। कर्मचारियों ने कहा कि राज्य ईकाई के बैठक के बाद सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए रणनीति तैयार कि जाएगी। सोमवार को रांची में धरना के दौरान अभय प्रभाकर तिर्की (जिला अध्यक्ष), जसीम अख्तर, राजीव रंजन दुबे, सचिन कुमार, त्रिलोक उरांव, प्रणेश मिंज, अमित कुमार गुप्ता, विकास दुबे ललन कुमार, संजय कुमार, अभिषेक कुमार, मेरी ग्रेस टोप्पो, शिलवन्ति, शान्ति एक्का, धर्मेन्द्र उरांव समेत सैंकड़ों कर्मी मौजूद थे।

### आरयू के बॉटनी विभाग में लाइब्रेरी ओरिएंटेशन का हुआ आयोजन



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में सोमवार को लाइब्रेरी ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान संकाय के 102 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार करन ने पुस्तकालय की गतिविधियों, कार्य प्रणाली और सेवाओं के बारे में बताया। रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और शोध संबंधित गतिविधियों में लाइब्रेरी की भूमिका के बारे में बताया। इसके अलावा, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ अरुण कुमार, डॉ सुनील कुमार सिंह समेत विज्ञान संकाय के प्राध्यापक और छात्र मौजूद थे।

### पीएलवी की सूचना पर डालसा रांची ने विक्षिप्त बालक को पहुंचाया बालाश्रय



**रांची।** पीएलवी भारती देवी ने डालसा कार्यालय में सूचना दी कि एक अज्ञात विक्षिप्त बालक कांके क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से भटक रहा है। यह बच्चा मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। इस पर डालसा सचिव, रांची ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया। इस टीम में पीएलवी भारती देवी, स्नेहलता दुबे को अविलंब अज्ञात विक्षिप्त बालक के पुनर्वास के लिए उचित विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया गया। इस आदेश के आलोक में पीएलवी भारती देवी ने कांके थाना प्रभारी के सहयोग से विक्षिप्त बालक को सीडब्ल्यूसी, रांची में प्रस्तुत कराया। उस बालक के उचित देखभाल के लिए बालाश्रय, रांची में रखने का आदेश सीडब्ल्यूसी द्वारा दिया गया। डालसा सचिव ने उस बालक के उचित इलाज के लिए पीएलवी भारती देवी को रिनपास के चिकित्सकों के समक्ष प्रस्तुत कर रिपोर्ट डालसा, रांची में सौंपने का निर्देश दिया।

### रांची में चला अतिक्रमण मुक्ति अभियान, सामान जब्त



**रांची।** रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम, जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से सोमवार को बरियातु पेट्रोल पंप से रिम्स चौक होते हुए हिल व्यू चौक तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस दौरान नो वेडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा तथा सब्जी विक्रेताओं, दुकानों का सामान जब्त किया गया। साथ ही अवैध अस्थायी दुकानों को हटाया गया। इस अभियान के दौरान दो टेबल, दो काउंटर, एक गुमटी, एक दर्जन प्लास्टिक के कैरट जब्त किया गया। इसके अलावा गंदगी फैलाने और अतिक्रमण करने पर कुल 5500 का फाइन किया गया। इस अभियान के बाद निगम की टीम ने सभी वेंडर्स को भविष्य में सड़कों पर फिर से अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी। प्रशासक अमित कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया।


## एक नजर

### रांची चैंबर भवन में बीएसएनएल कैंप का आयोजन



**रांची।** उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु आज चैंबर भवन में बीएसएनएल द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लगभग 80 उपभोक्ताओं ने शामिल होकर मोबाइल सिम से जुडी सुविधा का लाभ उठाया। बीएसएनएल के अधिकारियों ने कैंप में उपभोक्ताओं को नया 5जी सिम, सीम अपग्रेडेशन, मोबाइल नंबर पोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराई। चैंबर के टेलिकम्यूनिकेशन उप समिति चेयरमेन अनिस सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चैंबर के पहल पर आयोजित कैंप काफी सफल रहा।

### बच्चों के आंखों की हुई जांच



**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरिखा रांची ने राजकीय मध्य विद्यालय करमटोली में सारप साइट अस्पताल के सहयोग से आंखों के प्रति जागरूक रहने की सलाह एवं बच्चों के आंखो की जांच की गई। इसके साथ ही विद्यालय में फलदार पौधा का पौधा रोपण किया गया। उत्सुक बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका शुफिया के सहयोग से सम्पन्न हुआ, क्लब की अध्यक्ष दीपा चौहान, आइ एस ओ शालिनी सिन्हा, रीता वर्मा, मंजु सिंह उपस्थित थी।

### लायंस क्लब ने भोजन का किया वितरण



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने लायंस रोटी प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड मे लगभग 200 लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। लायंस रोटी प्रोजेक्ट कार्यक्रम का उद्घाटन ज़िलापाल सीमा वाजपेयी, पूर्व जिलापाल सिद्धार्थ मजूमदार, उप-जिलापाल सुभ्रा मजूमदार ने की।

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 27वीं बैठक का हुआ आयोजन

# राजभाषा नियमों का पालन शत-प्रतिशत हो : संजय

*झारखंड के केंद्रीय कार्यालयों के 120 से ज्यादा सदस्य हुए शामिल*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) केंद्रीय कार्यालय, रांची की छमाही बैठक सोमवार को रांची के होटल रैडिशन ब्लू में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त, रांची कुमार संजय ने की। यह बैठक नराकास की 27वीं छमाही बैठक थी। समिति के सदस्य कार्यालयों में से लगभग 120 लोग शामिल हुए, जिसमें कार्यालय प्रमुख, विभागाध्यक्ष, हिंदी अधिकारी एवं सहायक शामिल हैं। बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष के साथ-साथ उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया।



स्वागत भाषण में उन्होंने नराकास बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा भी की। अध्यक्षीय संबोधन में समिति के अध्यक्ष कुमार संजय ने कहा कि केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है। उन्होंने राजभाषा नीतियों, नियमों एवं आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया। उन्होंन कहा कि राजभाषा अधिकारियों पर हिंदी के प्रगामी प्रयोग का बड़ा दायित्व होता है। हिंदी बैठकों एवं कार्यशालाओं का आयोजन प्रत्येक तिमाही के प्रारंभ में ही कर लेना अच्छा होता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए आयकर देने और इसके बारे में लोगों को प्रेरित करने के लिए ककहरा के माध्यम से रोचक जानकारी दी।

## बर्लिन हॉस्पिटल व डायग्नोस्टिक सेंटर है आधुनिक सुविधाओं से लैस : आरके सिंह

मनोज मिश्रा



**रांची।** बर्लिन जनरल हॉस्पिटल करीब 3 वर्ष पहले रांची के हरमू में शुरू हुआ था और आज यह राजधानी के लोगों के बीच बेहतर इलाज के केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। इसी तरह, बर्लिन डायग्नोस्टिक एंड डे केयर रांची के बरियातू में करीब पांच वर्ष पहले खोला गया था। यह सेंटर भी पैथोलॉजिकल टेस्ट में अब जाना-पहचाना नाम है। राष्ट्रीय नवीन मेल को दिए गए साक्षात्कार में बर्लिन जनरल हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक एंड डे केयर के एचओडी सह एचआर आरके सिंह ने बताया कि उनके यहां आधुनिकतम व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा, मेडिकल के क्षेत्र में झारखंड से अधिसंख्य पलायन होता है, लोग बाहर जाकर इलाज कराते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए बरियातू स्थित बर्लिन डायग्नोस्टिक एंड डे केयर में सीटी स्कैन, पेट सीटी स्कैन, गामा कैमरा स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे पैथलैब एमआरआई, ईसीजी, ईईजी, टीएमटी, भ्रूण चिकित्सा और सभी प्रकार के पैथोलॉजिकल टेस्ट उपलब्ध कराए गए हैं। यह सेवा विगत पांच वर्षों से दी जा रही है। आरके सिंह ने बताया, हरमू चौक स्थित बर्लिन जनरल अस्पताल में न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोसर्जरी, जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, यूरोलॉजी, प्रसूति और स्त्री रोग, नेफ्रोलॉजी, डायलिसिस, गैस्ट्रोलॉजिस्ट आदि की सुविधा पिछले तीन वर्ष से उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हमारे यहां पेट का अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट द्वारा किया जाता है। रेडियोलॉजिस्ट द्वारा पेट का अल्ट्रसाउंड शायद ही रांची में कहीं होता हो।

## नुक्कड़ नाटक से दी जा रही है योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार सोमवार को जिला जन संपर्क इकाई, रांची, द्वारा पांच प्रखंड- ओरमांझी, लापुंग, बेड़ो, कांके तथा मांडर अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में लोक कला दलों द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से झारखण्ड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का वृहद प्रचार प्रसार कार्यक्रम संचालित किया गया। पंचायत स्तर पर स्थानीय भाषा में गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कल्याणकारी योजना यथा-



मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना एवं अन्य सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

## एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण का झारखंड हाई कोर्ट में हुआ स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में योगदान दे रहे हैं। एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में न्यायालय में सुनवाई से पूर्व हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने उनका स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जस्टिस विद्युत रंजन षाडंगी हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद से शनिवार को रिटायर हो गए। इसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को हाई कोर्ट का एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद का आज पहला कार्यदिवस था।



### बर्न इंटेंसिव केयर यूनिट एंड औद्योगिक चिकित्सा के ओपीडी का हुआ भव्य उद्घाटन

# देवनिका हॉस्पिटल के प्रयास सराहनीय हैं : सत्यानंद भोक्ता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** देवनिका हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर की अल्ट्रा आधुनिक बर्न यूनिट का उद्घाटन सोमवार को उद्योग और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया। उन्होंने चेयरमैन डॉ अनंत सिन्हा के साथ पूरे अस्पताल का दौरा किया। विशेष रूप से कार्डियोलॉजी (कैथ लैब और कार्डियक ऑपरेशन थिएटर), न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव एवं बर्न केयर में सभी माइनर विवरण सामने लाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एक ही छत के नीचे न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, ऑफ्थैल्मोलॉजी, ईएनटी और डेंटल चिकित्सा सेवाओं से युक्त पूर्वी भारत की पहली क्रेनियोफेशियल यूनिट को देखकर खुशी



व्यक्त की। डॉ अनंत सिन्हा ने कहा कि यह अत्याधुनिक 15 बेड वाली बर्न यूनिट का प्रबंधन प्लास्टिक सर्जनों की एक टीम द्वारा किया जाएगा। कहा कि देवनिका एकमात्र अस्पताल है, जो सभी प्रकार के ट्रॉमा के इलाज में सक्षम है। ऑर्थो, न्यूरो, गैस्ट्रो के अलावा इसमें बर्न और प्लास्टिक सर्जरी भी शामिल है। अस्पताल को एक ही छत के नीचे समाज के सबसे गरीब और सबसे समृद्ध लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का प्रबंधन स्वयं डॉक्टरों द्वारा किया जाता है, इसलिए गुणवत्ता उच्चतम मानकों की है और मरीजों को लागत भी उचित आएगी। सरकार अनुमति देती है, तो हम आयुष्मान भारत, ईएसआई, सीएपीएफ, ईसीएचएस और बीपीएल जैसे सभी सरकारी कार्यक्रमों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के अध्यक्ष किशोर मंत्री अपनी सभी कार्यकारी निकाय टीम के सदस्यों के साथ उपस्थित थे। उन्होंने अस्पताल का विस्तृत दौरा किया और इसकी सुविधाओं की जानकारी ली। औद्योगिक श्रमिकों की सुरक्षा, रोकथाम और उपचार के लिए टीम देवनिका द्वारा किए गए विशेष प्रयासों की सराहना की। उन्होंने चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। विशेष आमंत्रित सदस्य सुशांत गौरव आईएएस, निदेशक उद्योग ने सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ अजय कुमार सिंह ने प्लास्टिक सर्जरी के महत्व पर जोर दिया। मौके पर डॉ राज कुमार पाठक, वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन एवं निदेशक बर्न्स एवं ट्रॉमा, देवकमल ग्रुप एवं डॉ तन्मय प्रसाद, सलाहकार प्लास्टिक सर्जन मौजूद थे।

## एक नजर

### भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा आज

**रांची।** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट पर मंगलवार को 10.30 बजे पूर्वाह्न परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट कल 23 जुलाई को संसद में पेश होगा। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची के सभागार में सामूहिक रूप से बजट भाषण को सुना जायेगा। बाद में विशेषज्ञों द्वारा इस पर प्रतिक्रिया दी जाएगी। पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी शामिल होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम विधायक सीपी सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

### दहेज प्रताड़ना के दोषी पति को तीन वर्ष की सजा



**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने के दोषी पति सुधीर कुमार को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ अदालत ने उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले के अन्य आरोपितों को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सुधीर पर उसकी पत्नी अपराजिता ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वर्ष 2019 में चुटिया थाना के मामला दर्ज करवाया था।

# आइए समझें, क्या है बजट, क्यों है जरूरी

**त्रिभुवन कुमार सिन्हा**

**रांची।** एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार (23 जुलाई) को मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। लेकिन, कई लोगों के मन में हर वर्ष प्रश्न उठता है कि देश और राज्य की सरकारें बजट क्यों पेश करती हैं। वे सोचते हैं कि केंद्र सरकार का काम है देश और देश की जनता के विकास पर खर्च करना। राज्य सरकार का काम है राज्य एवं राज्य की जनता पर खर्च करना। और, इसका परिणाम भी सामने नजर आए। पर, वे यह नहीं सोचते हैं कि पैसा आएगा कहां से। साथ ही, देश के सम्यक विकास के लिए कहां ज्यादा खर्च किया जाएगा और कहां कम। इसलिए आइए संक्षिप्त में जानते हैं बजट की महत्वपूर्ण बातें।



### बजट क्या है

बजट एक वित्तीय गणन योजना या खाका है, जो एक निश्चित अवधि के लिए प्रत्याशित आय और व्यय का विवरण प्रस्तुत करता है। यह बड़े स्तर पर (देश या कंपनी के लिए) सामान्य रूप से एक वर्ष के लिए होता है। छोटे स्तर पर सामान्यतः एक माह (व्यक्तिगत या घर के लिए) का होता है। बजट वित्तीय प्रबंधन के लिए मार्गदर्शिका की तरह होता है। बजट बताता है कि देश, राज्य, कॉरपोरेट हाउस, संगठन, घर या व्यक्ति की प्राथमिकता क्या है।

### बजट और पूर्वानुमान

बजट बनाने के लिए वित्तीय परिणामों का पूर्वानुमान लगाना जरूरी है। यह बजट निर्माण में बुनियाद की ईंट की तरह है, क्योंकि इसी से वित्तीय आवश्यकताओं और प्रगति के अवसरों की जानकारी मिलती है। इससे लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है। बजट पूर्वानुमान में उपलब्ध या प्राप्त डाटा का विश्वसनीय होना आवश्यक है। अगर बजट पूर्वानुमान में गलत डाटा का प्रयोग हुआ, तो यह परिणाम को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

### बजट के प्रकार

**देश या राज्य का बजट :** देश या राज्य का बजट सरकारी बजट है और यह उस सरकार के राजस्व (आय) एवं व्यय की योजना को बताता है। सरकारी बजट तीन प्रकार के होते हैं - परिचालन बजट, पूंजी बजट एवं नकदी प्रवाह बजट।

**कॉरपोरेट बजट :** कॉरपोरेट बजट किसी व्यावसायिक संगठन या निगम का बजट है। यह उस कॉरपोरेट हाउस का एक निश्चित अवधि के लिए वित्तीय पूवार्नुमान होता है, जो आय एवं व्यय की जानकारी देता है। यह व्यवसाय के एकीकृत विकास एवं नियोजन के लिए महत्वपूर्ण है।

**निजी या व्यक्तिगत बजट :** घर का बजट या व्यक्तिगत बजट एक ऐसी वित्तीय योजना है, जो उस घर या व्यक्ति की प्राथमिकता को स्पष्ट करता है। घर या व्यक्तिगत बजट में प्राथमिकता (बच्चे की पढ़ाई, घर या वाहन आदि खरीदना), बचत एवं कर्ज चुकाना (अगर है तो) महत्वपूर्ण घटक हैं।

**क्यों महत्वपूर्ण है बजट**

बजट देश, राज्य, कॉरपोरेट हाउस, संगठन, घर या व्यक्ति के लिए वित्तीय नियंत्रण में एक उपकरण की तरह कार्य करता है। क्योंकि, इससे पता चलता है कि जिस कार्य के लिए खर्च हो रहा है, वह आवश्यक है या नहीं। बजट वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करता है। लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में रणनीति तैयार करने में मदद करता है।

### भारतीय संस्कृति का प्रतीक है भगवा ध्वज : डॉ साहू

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बाल्मीकि नगर इकाई की ओर से रविवार को बड़गाईं के श्रीश्री पंचदेव मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज की गुरु के रूप में पूजा कर गुरु दक्षिणा के रूप में समर्पण राशि समर्पित किया। गुरु पूजन कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के झारखंड-बिहार क्षेत्र सह मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि भगवा ध्वज तपोमय व ज्ञाननिष्ठ भारतीय संस्कृति का सशक्त एवं पुरातन प्रतीक है। वेद एवं पुराण की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास को उनकी जयंती पर याद करना हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। कहा, भारत भूमि के कण-कण में चैतन्य स्पंदन विद्यमान है। सनातनी पर्व, त्योहार और संस्कार की जीवंत परम्परा इसको प्राणवान बनाती है। भारत की सनातन संस्कृति में गुरु को चैतन्य भाव जागरण का केंद्र माना गया है। गुरु को व्यक्ति नहीं अपितु विचार की संज्ञा दी गई है।

# सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बना : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**साहेबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को साहेबगंज जिला के बरहेट प्रखंड अंतर्गत सिंगा मैदान में 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (बरहेट) व 132 केवी (पाकुड़-राजमहल) द्विपथ लिलो संचरण लाइन का शुभारम्भ किया साथ ही विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास तथा परिसंपत्ति वितरण भी किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार गठन होने के साथ ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी। लगभग दो वर्षों तक कोविड-19 का प्रभाव विकास कार्यों पर पड़ा। तमाम चुनौतियों के बावजूद हमारी सरकार ने राज्य के भीतर जनकल्याण की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू किया गया, जिसका लाभ झारखंड के मूलवासी, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को बखूबी मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन



### मुख्यमंत्री ने राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

सीएम सोरेन ने सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां ओपीडी, वार्ड, दवाई, चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता और उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही यहां इलाजरत मरीजों से भी बातकर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया।

### सीएम ने इन योजनाओं की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 7064 लाख रुपये की लागत से 100 एमवीए क्षमता का 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन एवं 132 केवी द्विपथ लिलो संचरण लाईन का उद्घाटन किया। साथ ही 165,82 करोड़ रुपये की कुल 5 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 70.64 करोड़ रुपये का उद्घाटन और 95.18 करोड़ रुपये की 4 योजनाओं की आधारशिला रखी। सीएम ने राजमहल एवं बरहेट में 38.81 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति बांटी।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज धुर्वा में कुष्ठ आश्रम का करेंगे उद्घाटन



**रांची।** राजधानी रांची में कुष्ठ प्रभावितों को भव्य, सुंदर और आकर्षक आशियाना मिलेगा। जुडको के जरिए धुर्वा के मुड़मा में निर्मित कुष्ठ कालोनी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 23 जुलाई को समारोह पूर्वक उद्घाटन करेंगे। रांची नगर निगम द्वारा 256 फ्लैट में से 250 का लाटरी के माध्यम से आवंटन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से चाभी भी सौपेंगे। कुष्ठाश्रम में जी प्लस वन के सात ब्लाक साढे पांच एकड़ में बना है। कुल लागत 35 करोड़ रुपये आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत इस कालोनी का निर्माण पूरी तरह से राज्य सरकार के खर्चे से हुआ है। राज्य के नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने बताया है कि कुष्ठ प्रभावित लोगों को जीवन स्तर ऊंचा उठाने और रहन-सहन आरामदायक बनाने के उद्देश्य से इस आश्रम का निर्माण कराया गया है। एक फ्लैट की लागत लगभग 12 लाख है, जो लाभुकों को पूर्णरूप से निशुल्क दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आवासों के भीतर पंखे, ट्यूब लाइट, नल और अन्य उपस्कर ब्रांडेड कंपनियों के लगाये गये हैं। एक फ्लैट में बेडरूम, लीविंग एरिया, संयुक्त शौचालय एवं स्नानागार और एक बड़ी बालकनी का निर्माण कराया गया है। कुष्ठाश्रम में आंतरिक सड़क, सोलर स्ट्रीट लाइट, बाउंड्रीवाल, पार्किंग, पेयजलापूर्ति और रेनवाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा स्वच्छ वातावरण के लिए पार्क और लान की भी सुविधा दी गयी है। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई मंत्री, क्षेत्रीय विधायक एवं रांची के सांसद भी उपस्थित रहेंगे। कुष्ठ प्रभावित कल्याण संगठनों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। कालोनी में स्वयं सेवी संगठनों द्वारा अस्पताल भी खोला जायेगा।

### बुंडू में माकपा राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक आज से

**रांची।** माकपा की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक बुंडू (रांची) में होगी। बैठक में पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात और डॉ. रामचंद्र डोम भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और 21 से 28 अगस्त तक चलने वाले राज्यव्यापी जन आंदोलन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि माकपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड में विस्थापन आयोग का गठन किए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए उनसे अपील की है कि विधानसभा के इसी सत्र में विस्थापन आयोग के गठन का विधेयक लाया जाए ताकि यहां रैयतों के अधिकारों की रक्षा किए जाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।

### निकाय चुनाव और नगर निगम चुनाव से संबंधित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को झारखंड में नगर निगम और नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को उनकी याचिका में डिफेक्ट दूर करने का निर्देश देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह में डिफेक्ट दूर नहीं किया गया तो सरकार की याचिका स्वयं खारिज हो जाएगी। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में हुई।



## एक नजर

### पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की कटेगी बिजली : अभिषेक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ता जिनका बिजली बिल बकाया राशि पांच हजार से अधिक है वे तत्काल बिल जमा कर दें ।अन्यथा उनका कनेक्शन अभियान के तहत काट दिया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन मीटर सहित होना आवश्यक है ।क्योंकि राज्य सरकार द्वारा दो सौ यूनिट प्रति कनेक्शन विद्युत फ्री करने का आदेश निर्गत कर दिया गया है। यह लाभ केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जिन्होंने मीटर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में ऐसे सैकड़ो उपभोक्ता है जिनका बिजली बिल बकाया राशि 5 हजार से अधिक है।

### बरलंगा में भाजपा नेता ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**गोला।** सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश में भाजपा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने बरलंगा 100 केबीए का नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पूर्व यहां का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे। जानकारी होने के बाद युवा नेता ने सांसद से संपर्क कर ग्रामीणों की समस्या सुनाई। इसके बाद सांसद के अनुसंशा पर ग्रामीणों को 100 केबीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां 63 केबीए का ट्रांसफार्मर था, जिसे बदलकर 100 केबीए का कर दिया गया। इस ट्रांसफार्मर में लगभग 200 उपभोक्ताओं का लोड था। जिसके कारण ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ता था। ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

### मारवाड़ी युवा मंच की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्त संग्रह

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा की ओर से सोमवार को 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत आठवां कार्यक्रम नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में किया गया। इसके तहत कुजू में रक्तदान शिविर का आयोजन सदर ब्लड बैंक टीम के संयुक्त तत्वावधान से संपन्न हुआ। जिसमें 16 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। यह कार्यक्रम कुजू दक्षिणी पंचायत के सभागार में यहां के मुखिया राकेश कुमार के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राहुल अग्रवाल थे। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया, मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहता है, पर कुजू क्षेत्र में यह मंच का पहला रक्तदान शिविर था। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुजू के रक्त मोटिवेटर दानिश खान, राकेश कुमार, मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सावन की प्रथम सोमवारी पर शिव भक्तों के बीच 31 लीटर दूध व बेलपत्र का किया गया वितरण

# सावन सोमवारी हिंदू धर्म के लिए विशेष महत्व रखता है : चंद्रप्रकाश जैन



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा पिछले कई वर्षों से निरंतर रूप से सावन माह की सोमवारी में शिव भक्तों को सेवा प्रदान की जा रही है इसी के निमित्त इस वर्ष भी सावन माह के प्रथम सोमवारी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच दूध एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। जिसे पूर्व समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। वितरण कार्यक्रम में कई समाजसेवी गण शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से युवा समाजसेवा हर्ष अजमेरा उपस्थित रहे, सभी लोगों ने संयुक्त रूप से आने वाले तमाम शिव भक्तों के बीच दूध,बेलपत्र का वितरण किया वही सभी ने हर हर महादेव एवं ॐ नमः शिवाय का जयकारा लगाया। वितरण के दौरान 31 लीटर दूध का वितरण किया गया। सावन के प्रत्येक सोमवारी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम को आयोजित कर टीम के समस्त सदस्यों को काफी ऊर्जा मिलती है। यह कार्यक्रम सावन के समस्त सोमवारी को किया जाएगा। साथ ही कहा कि सावन के सोमवार, हिन्दू धर्म में एक विशेष दिन माना जाता है। बुढ़वा महादेव मंदिर में इस दिन शिव जी की विशेष पूजा-अर्चना देखने को मिली, भक्तगण शिवलिंग पर जल, दूध, और बेलपत्र चढ़ाकर भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करने की प्रार्थना कर रहे थे। हैं। इस मंदिर का धार्मिक महत्व और इसकी प्राचीनता इसे एक प्रमुख तीर्थ स्थल बनाते हैं, जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं को लेकर आते हैं। वही अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि सेवा के प्रति सदैव समर्पित है भाव से हजारीबाग यूथ विंग कार्य करती है। मौके पर :झ संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी,जय प्रकाश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक पांडे, विकाश तिवारी, गुंजन मद्धेशिया सहित कई लोग मौजूद थे।

### एकदिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ सह कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** सावन माह के प्रथम सोमवारी के शुभ अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड स्थित रामदेव खेरका पंचायत के ग्राम कवालू स्थित प्राचीन शिव मंदिर में एकदिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ सह कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रातःकाल में मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकली गई कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए 3 किलोमीटर की दूरी को तय कर कोनार नदी पहुंची जहां पर पूजा अर्चना के बाद पुनः मंदिर परिसर मंदिर आया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए पूजा समिति के द्वारा श्री अजमेरा का भव्य रूप से स्वागत व अभिनंदन किया गया। कलश यात्रा में हर्ष अजमेरा स्वयं शामिल होकर महादेव का जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा में चल रहे थे कलश यात्रा की समाप्ति के बाद दोपहर में भंडारा का आयोजन किया गया वहीं संध्या में आरती के पश्चात भव्य भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मुख्य पुरोहित पंडित कामेश्वर शर्मा एवं मुख्य पुजारी के रूप में सुशील सिंह,नीलम देवी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ सावन के प्रथम दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूर्व विधायक जलसा कार्यक्रम में हुए शामिल

## पैगम्बर साहब के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत : जानकी यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत पंचायत तुइयो के ग्राम जमुआ स्थित यादें हुसैन कर्बला मैदान जमुआ में मोहर्रम के अवसर पर पैगंबर मोहम्मद साहब की याद में जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड, सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम का त्योहार शांति व सदभाव का प्रतीक है। मोहम्मद पैगम्बर साहब के योगदान को भुलाया जा नहीं सकता। हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है।

*मुर्हरम का त्योहार शांति व सदभाव का प्रतीक है, यह शहीद कर्बला की याद दिलााता है*

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि संतोष शर्मा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जून राणा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, परमेश्वर यादव,जितेंद चंद्रवंसी, श्यामसुद्दीन मियां, सुलेमान अंसारी, नबी मियां, हाजी साहब, कुजूर मियां मौला मियां , फरीब मियां, मुस्ताक मियां, अशीम मियां, समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय रुआर कार्यशाला संपन्न

# हजारीबाग जिला में कुल 306 विद्यार्थियों ने विद्यालय छोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या स्थाई रहे और विद्यालय छोड़ने वालों की संख्या नगण्य हो. इसे लेकर प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में रुआर की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में प्रखंड के करीब 100 विद्यालय के प्रधानाध्यपक शामिल हुए. कार्यक्रम की रूपरेखा उउवि खोड़ाहार के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार यादव और संचालन उमवि खेरौन के विद्यालय प्रधान तुलसी दास ने किया. कार्यक्रम बीपीएम अरुण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमे बतौर मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू सहित जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, बिजैया मुखिया मकीना खातून, पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे आदि कई लोग शामिल हुए. जिनका बीपीएम ने बुके देकर स्वागत किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. सभी ने अध्ययन पूर्व विद्यार्थियों के विद्यालय छोड़ने पर चिंता जताई.

*बीपीएम ने विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या स्थाई रहने पर जोर दिया ताकि विद्यालय की गरिमा बनी रहे*

*बीते सत्र में पूरे जिले में कुल 306 विद्यार्थियों ने विद्यालय छोड़ा था*

साथ ही इसे हर हाल में शून्य पर लाने की बात कही. बीपीएम ने विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या स्थाई रहने पर जोर दिया. बताया कि बीते सत्र में पूरे जिले में कुल 306 विद्यार्थियों ने विद्यालय छोड़ा था. जिसमें 6 से 14 वर्ष के बीच 231 और 15 से 18 वर्ष के 75 विद्यार्थी शामिल थे. कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रधानाध्यापको ने विद्यार्थियों की संख्या में कमी नहीं आने और शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने का आश्वासन दिया.

## नदी पर पुल नहीं बनने से जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं बच्चे : किशोरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जहां एक ओर राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा पर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करती है। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। बच्चे आज भी कई कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे। काटकमासंड़ी प्रखण्ड के बंझा पंचायत के हटकोना गाँव मे नदी पर रोजाना ऐसा नजारा देखा जा सकता है। जिसकी कल्पना आज के दौर में करना भी मुश्किल है। दरअसल यहां के बच्चों को हर रोज जान जोखिम में डालकर डर से हनुमान चालीसा का पाठ करते स्कूल जाने के लिए नाव से नदी पर कर आना जाना पड़ता है समाजसेवी किशोरी राणा ने बैठक कर उनकी जन समस्याओ को सुना और बताया कि कई सालों से इस नदी पर पूल बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, अभी तक इस नदी पर पुल नहीं बन पाया है। किशोरी राणा जायजा लेने के बाद आस्वाशन दिया है कि पुल बनेगा। लेकिन आज तक कोई पहल नहीं हुआ और न ही विभाग के द्वारा कोई व्यवस्था हुआ जिसके कारण परेशानी होती है। बैठक मे रोहन सिंह, जानकी सिंह, रामकिशुन राजकुमार सिंह, महादेव, अनुज यादव, जगदेव राणा, सतीश पांडेय, आदि बैठक मे सैकड़ो लोग उपस्थित थे जिन्होंने सरकारी व्यवस्था का पुर जोर विरोध किया।

### महर्षि वेदव्यास जयंती व आचार्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली में गुरु पूर्णिमा उत्सव, महर्षि वेदव्यास जयंती व आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर महर्षि वेदव्यास के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया ' मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने गुरु को पूर्ण ज्ञान का प्रकाशक बताते हुए कहा- गुरु ब्रह्मा विष्णु एवं महेश से ऊपर हैं क्योंकि गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता ' आप सभी भैया- बहन अपने गुरु के बताए गए पथ पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं' गुरु ही आपका सर्वांगीण विकास कराएंगे' गौरतलब है कि इस अवसर पर विद्यालय में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ' मौके पर विद्यालय के संरक्षक श्रद्धानंद सिंह ने कहा गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति वंदन एवं समर्पण का पर्व है। हमें इस प्रकार की शिक्षा हमें बच्चों को देना चाहिए जिससे वे भारत का परचम पूरे विश्व में लहरा सकें ।शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का भाव भी बच्चों में समाहित हो ।

## बेडोकला मुखिया रिंकी देवी ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के बेडोकला पंचायत में दो विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुखिया रिंकी देवी ने विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सर्व प्रथम पंद्रहवीं वित्त आयोग से 286600के लागत से बेडोकला हेठजोंगी टोला में नाली निर्माण एंव उदयासिंघा टोला में 159500के लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य होगा। मौके पर मुखिया रिंकी देवी ने कहा पंचायत का विकास हमारी प्राथमिकता है। पंचायत के सभी गांव टोला में विकास कार्य जारी है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय, अभिकर्ता फूलचंद पंडित, टिप लाल ठाकुर, होरिल पंडित सूरजदेव पंडित, श्यामलाल बैठा, महेंद्र बैठा ,राजेश बैठा, राजू पंडित, वीरेंद्र शर्मा, वैजयंती देवी, प्रकाश पांडे, बैजनाथ पंडित, होरिल पंडित, सुरेश ठाकुर, छोटू ठाकुर, धानेश्वर पंडित, संदीप बैठा, राजकुमार पंडित, दीपक कुमार, जानकी पंडित समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।


## मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के सुधार के लिए बीएलओ या प्रखंड कार्यालय से संपर्क करें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जिला निर्वाचन आयोग ने विस चुनाव को देखते हुए तैयारियां प्रारंभ कर दी है. इसके लिए एक बार फिर मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है. सभी बीएलओ को घर घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने के निर्देश दिए जा चुके है. इसके साथ ही सभी मतदाताओं को रंगीन फोटो युक्त लेमिनेटेड वोटर आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है. 1 जुलाई 2024 को अहर्ता मानकर नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं. विस चुनाव के पहले मतदाता सूची दुरुस्त करने के लिए आयोग युद्ध स्तर कार्य प्रारंभ कर चुका है. इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने तिथि भी जारी किया है. जारी तिथि के अनुसार 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन, 25 जुलाई से 9 अगस्त तक नया नाम जोड़ना, स्थानांतरित या मृत मतदाताओं का नाम हटाना, शुद्धिकरण अथवा बूथ परिवर्तन हेतु दावा व आपत्ति स्वीकार किए किए जायेंगे. 27 व 28 जुलाई तथा 3 व 4 अगस्त को विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जायेगा. 19 अगस्त को दावा एवम आपत्ति का अंतिम रूप से निष्पादन होगा और 20 अगस्त को फाइनल रूप से मतदाता सूची प्रकाशन किया जायेगा. उक्त जानकारी बीपीआरओ सवाना

**लापरवाही** देखरेख के अभाव में बेकार हुआ कस्तूरबा विद्यालय का एमएचएम लैब

# बेड पर कई दिनों से मृत पड़े हैं कबूतर, कोई हटाने वाला नहीं





**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सरकारी विद्यालयों का आलम ही कुछ और है. सरकार तो सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए नित्य नए उपाय करती है. स्थानीय प्रबंधन व्यवस्था की कमी बताकर संभव कार्य को भी अनदेखी कर सुविधाओ को तितर बितर करने में कमी नहीं छोड़ते हैं. ऐसा ही कुछ मामला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही में देखने को मिला. करीब एक वर्ष पूर्व छात्राओं के माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए लाखों रुपए की लागत से बनाया गया मेंस्ट्रुअल हाइजीन मैनेजमेंट (एमएचएम) लैब में छात्राओं के आराम करने वाले बेड पर कई दिनों से कबूतर मृत पड़े हैं इसको हटाने वाला कोई नहीं है। दीवार में पपड़ी उखड़ गए है. लैब पूरी तरह धूल धूसरित है. इससे स्पष्ट है कि लैब कई महीनों से नहीं खुला है. जिसमें विद्यालय के वर्तमान वार्डेन नेहा कुमारी की लापरवाही प्रतीत होती है, जिन्होंने महीनों से इस लैब को खोलना भी उचित नहीं समझा. छात्राओं की माहवारी सुरक्षा व जानकारी के लिए तैयार किए गए लाखों रुपए की इस लैब का उपयोग तो दूर साफ-सफाई करवाना भी उचित नहीं समझा गया. इससे जहां सरकार के लाखों रुपए की बर्बादी हुई वहीं सरकारी योजना उपहास का पात्र है बना. मामले के संबंध में वार्डन से बात करने का प्रयास किया गया परंतु उन्होंने फोन/व्हाट्सएप रिसिव नहीं किया. विदित हो कि सरकार ने माहवारी धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) का निर्माण स्कूल अवधि के दौरान आए माहवारी व उसके समाधान व निदान के उद्देश्य से किया गया था. एमएचएम लैब में गर्म पानी, दवाइयां के साथ बेस चेयर, बेड, शुद्ध पेयजल और माहवारी संबंधित पुस्तकें व मैगजीन रखना अनिवार्य है. जहां बच्चियों को माहवारी से संबंधित जानकारियां मिल सके और रूढ़िवादिता समाप्त किया जा सके. परंतु वार्डेन की लापरवाही ने सरकार के इस जरूरी उद्देश्य को उदेश्यविहीन बना दिया.

*वार्डेन नेहा कुमारी की लापरवाही ऐसी है कि महीनों से लैब तक नहीं खुला, बच्चे कुछ नहीं कर पा रहे हैं*

## न्यूज बॉक्स

### मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर कवालू में निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा



**दारू।** दारू प्रखंड के रामदेव खरिका पंचायत के कवालू गांव में प्राचीन शिव मंदिर जीर्णोद्धार पुनर्प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को एकदिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ के साथ भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसमे 251 महिलाएं एवं कुंवारी कन्याओं ने अपने सिर पर कलश लेकर यात्रा शुरू की। कवालू शिव मंदिर से कलश लेकर कोनार नदी पहुंचा। जहां आचार्य के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ गंगा पुजन व आरती कर कलश में जल भराया गया। जिसके बाद यात्रा हर हर महादेव, जय शिव शंकर, जय महाकाल, जय भोलेनाथ के जयकारों के साथ वापस मंदिर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई। इसके पश्चात समिति के द्वारा भंडारा और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि सन 1960 में प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण पूर्वजों के द्वारा कराया गया था। जिसका समिति के द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया है। कलश यात्रा के दौरान समिति के अध्यक्ष सुशील सिंह, सचिव वीरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष अजय साव, उदय सिंह, प्रभात सिंह, अर्जुन कुमार दास, रिशु सिंह, संतनु सिंह, कुलदीप गुप्ता, मनीष सिंह, सूरजदेव कुमार, सीताराम मिस्त्री, सेवा राम, संजय राम, चिटू सिंह, रोहित यादव, प्रदीप साव, आशीष साव, छोटन साव एवं समस्त ग्रामीण शामिल रहे।

### खंडेलवाल महिला संघ कार्यकारिणी का हुआ गठन



**हजारीबाग।** खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के द्वारा महिला संघ का गठन करते हुए ,अध्यक्ष सचिव सहित अन्य पाधिकारियों का चयन किया गया । जिसके बाद खंडेलवाल महिला संघ की पहली कार्यकारिणी की बैठक अतिथि भवन के सभागार में रविवार को देर शाम की गई,बैठक की अध्यक्षता खंडेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष रूना खंडेलवाल ने किया, वहीं संचालन सचिव रूपा खण्डेलवाल के द्वारा किया गया।बैठक में सभी की सहमति से कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया । कार्यकारिणी की गठन के बाद विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, चर्चा के दौरान भगवान भोलेनाथ के पावन माह सावन की उपलक्ष पर सावन मेला आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया सभी की सर्वसहमति से आगामी 4 अगस्त दिन रविवार को अतिथि भवन के सभागार में भव्य सावन मेला आयोजन किया जाएगा। इस मेले में बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न प्रकार के खेल,महिलाओं के लिए सावन के झूले सहित विभिन्न प्रकार की सामग्रियां आकर्षण का केंद्र के रूप में लगाया जाएगा। सावन मेला में कोऑर्डिनेटर के के रूप सरिता दुसाध को चयनित किया गया है। खंडेलवाल महिला संघ के गठन के बाद यह पहला कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसे लेकर महिलाओं में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है सभी लोग कार्यक्रम बेहतर तरीके से संपादित करने को लेकर एकता के साथ कार्य कर रहे हैं। मौके पर अध्यक्ष रूना खण्डेलवाल ने कहा कि खण्डेलवाल महिला संघ के गठन के बाद पहला कार्यक्रम सावन मेला का जो ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा।

### भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने सेंट ग्रेबियल हाई स्कूल में किया पौधरोपण



**हजारीबाग।** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा 5 जून से प्रारंभ हरियाली महोत्सव एक नई उम्मीद की ओर अग्रेषित होता नजर आ रहा है इसी बीच सदर विधानसभा क्षेत्र की सदर प्रखंड के गुरहेत में सेंट ग्रेबियल हाई स्कूल धवैया में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद शामिल हुई विद्यालय के प्रिंसिपल ब्रदर जौर्ज तिर्की के द्वारा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद का स्वागत व अभिनंदन किया गया जिसके बाद श्री प्रसाद ने बच्चों के संग मिलकर विद्यालय परिसर में हरियाली महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया, इसके उपरांत बच्चों के बीच पौधा का वितरण किया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया इस बीच बच्चों ने झारखंडी नृत्य की अलग प्रस्तुति से लोगों को प्रभावित किया। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण मुहिम पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पौधे न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभकारी होते हैं वर्तमान और आने वाली पीढ़ी भी इसका कई फायदे ले सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की।

### राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी

**हजारीबाग।** राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंदों को ध्यान में रखकर योजना बनाती है ताकि जरूरतमंद वर्ग को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें उनका हक दिलाते हुए स्वरोजगार व अन्य लाभ दिलाया जा सके। उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर हो रही अवैध उगाही की सूचना पर कही। उपायुक्त ने कहा कि लोकहित से जुड़ी लाभ की योजनाओं में अगर कहीं भी कोई अवैध वसूली करता पाया जाए तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्रखंड विकास अधिकारी एफआईआर दर्ज करवाएं। योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत कहीं से भी आए संबंधित अधिकारी तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न सूत्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर अवैध वसूली की खबर प्राप्त हो रही है जो अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों के सीएससी सेंटर के संचालकों और मुखियाजनों के साथ उक्त बिंदुओं पर प्रभावी बैठक करने को कहा है।

### हजारीबाग समेत रांची, बरकाकाना व कोडरमा के लिए स्पेशल ट्रेन मिलना खुशखबरी : शेफाली गुप्ता



**हजारीबाग।** सावन महीने में हजारीबाग से सुलतानगंज जाने वाली स्पेशल ट्रेन को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने आधी रात्रि हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं कांवरियों के संग ट्रेन का स्वागत किया। कांवरियों को हर हर महादेव एवं बोल बम का जोरदार नारा लगाकर स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना किया तथा यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं दिया। हजारीबाग की जनता ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने लोगों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, हजारीबाग की जनता ने इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, रांची डीआरएम तथा भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार व्यक्त किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सावन महीने में हजारीबाग से सुलतानगंज जाने वाली स्पेशल ट्रेन मिलने की खुशी जाहिर कर कहा कि हजारीबाग समेत रांची, बरकाकाना एवं कोडरमा के लोगों के लिए स्थानीय रूप तथा जुड़े क्षेत्र के लिए यह बहुत बड़ी खुशखबरी है।

# अवैध माइका कारोबार के खिलाफ कार्रवाई, माफियाओं में हड़कंप

## वन विभाग की टीम ने गावां में अवैध माइका लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह (तिसरी)**

अवैध माइका कारोबार के खिलाफ वन विभाग की लगातार कार्रवाई से माइका माफियाओं में हड़कंप का माहौल है। इस अवैध कारोबार पर विभाग द्वारा नकेल कसे जाने से इससे जुड़े माफियाओं के हाथ पांव फूलने लगे हैं। वन विभाग ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए ढिबरा लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि इस दौरान चालक भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि सोमवार अहले सुबह तिसरी और गावां वन विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। जिसमें तिसरी के मनसाडीह से डोमचांच के मसनोडीह जा रहे अवैध ढिबरा लदे एक ट्रैक्टर को टीम ने तिसरी से पीछा कर गावां थाना क्षेत्र के बेंड़रो के पास पकड़ा है।



मिली जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी को अवैध ढ़िबरा परिवहन की गुप्त सुचना मिली थी। जिसके आधार पर छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई के लिए टीम निकल गई। इस बीच टीम ने रास्ते में ही उक्त ट्रैक्टर को देखा और उसे रुकने का इशारा किया लेकिन चालक ट्रैक्टर को लेकर भागने लगा। वन विभाग की टीम ने उक्त ढ़िबरा लदे ट्रैक्टर का लगातार पीछा किया,पकड़े जाने के डर से ट्रैक्टर ड्राइवर बेंड़रो के पास ढ़िबरा लदे ट्रैक्टर को खड़ा कर भाग गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर गांव वन प्रक्षेत्र कार्यालय लेकर चली गई।विभाग इसमें संलिप्त लोगों की पहचान करने में जुटी है।

छापेमारी टीम में मुख्य रूप से वन परिसर पदाधिकारी अमर कुमार विश्वकर्मा, पवन चौधरी,वन उप परिसर पदाधिकारी अशोक कुमार, मुकेश दास, सुनील हेम्ब्रम ,राजेन्द्र प्रसाद आदि शामिल थे।

**अवैध माइका कारोबार के खिलाफ वन विभाग एक्शन मोड़ में**

अवैध माइका उत्खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ वन विभाग एक्शन मोड में आ चुकी है। पिछले कुछ दिनों से वन विभाग द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई ने माइका माफियाओं की चिंता बढ़ा दी है। इससे पूर्व ही वन विभाग तिसरी की टीम ने घंघरीकुरा से अवैध ढ़िबरा लदे पिकअप वाहन को जब्त किया था।वहीं पंचरूखी में अवैध ढ़िबरा भंडारण किए गए तीन घरों को चिन्हित किया जा चूका है। वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि किसी भी कीमत पर वन क्षेत्र में अवैध करोबार बर्दास्त नहीं किया जाएगा,कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### जंगली हाथियों ने अनाजों को किया चट

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के शंकरडीह पंचायत अंतर्गत प्रयागपुर में एक पक्का घर एवं बेलाटांड़ में 2 कच्चा मकान में रखे अनाज जंगली हाथियों ने चट कर गया। रविवार की अर्द्धरात्रि हाथियों की झुंड ने बेलाटांड़ निवासी सुमिता देवी और सोमर टुडु का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त कर दिया जबकि प्रयागपुर निवासी बंधनी देवी का पक्का मकान क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखा अनाज को खा गया। साथ ही दरवाजा व खिड़की तोड़ दिया। वहीं घटना की जानकारी पाकर आजसू पार्टी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी पीड़ित परिवार से मिल हुए नुकसान की जानकारी ली। साथ ही बीडीओ डुमरी एवं वन विभाग को जानकारी दी। वन विभाग के कर्मी ने हाथियों के उत्पात से हुए नुकसान की जानकारी ली जबकि बीडीओ सह प्रभारी एमओ ने डीलर के माध्यम से पीड़ित परिवार को अनाज उपलब्ध कराया।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।**
(निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

–:: मतदाताओं से अपील ::–

मंत्रिमण्डल(निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा वर्तमान में संचालित मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के निमित दिनांक–25.07.2024 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके तहत् मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से #NaamJancho अभियान का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान का प्रारम्भ दिनांक–25.07.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे से 01:00 बजे तक किया जाना है। उक्त के आलोक में रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी मतदाताओं से अपील है कि :–

i. उक्त अभियान के तहत् अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन Voter Helpline App या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का वेबसाईट https://ceo.jharkhand.gov.in या Voters Service Portal (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से जाँच कर संतुष्ट हो लें कि नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है।
ii. यदि नाम जाँच लिया है, तो वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Instagram, Facebook, Whatsapp, Twitter(X), Youtube आदि पर इस आशय का पोस्ट #NaamJancho के साथ करें ताकि अन्य लोग भी इसके लिए प्रेरित हो।
iii. यदि नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु अपने संबंधित बी०एल०ओ० / सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर आवेदन समर्पित कर सकते हैं अथवा स्वयं ही अपने मोबाईल पर Voter Helpline App Download करते हुए या ऑनलाईन Voters Service Portal के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।
iv. उक्त अभियान के तहत् अपने मोबाईल पर Voter Helpline App डाउनलॉड करें एवं यदि आपका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु स्वयं ही Voter Helpline App के माध्यम से आवेदन समर्पित करें।
v. दिनांक–25.07.2024 को प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र–6, 7 एवं 8 के साथ संबंधित बी०एल०ओ० सभी मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे, उनसे सम्पर्क किया जा सकता है।
vi. इस अभियान से जुड़कर एक स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण में आपसे आवश्यक सहयोग अपेक्षित है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR 330324 Election(24-25)D


### 20 फीट की शिवलिंग की हुई विशेष पूजा-अर्चना

**रांची।** सोमवार को सावन के पवित्र माह के प्रथम सोमवारी पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवा टोली केला बगान कांके रोड स्थित विश्व ज्योति धाम में शिव भक्तो ने विशाल एवं आकर्षक 20 फिट शिवलिंग में विशेष पूजा अर्चना, ध्यान एव भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान शिव जी का भव्य श्रृंगार भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर महाआरती पर शिव भक्तो ने हर हर महादेव के नारों से जयकारा लगाया। भक्तो ने अपने आराध्य का जलाभिषेक भी किया। इस अवसर पर शिव भक्तों ने भजन कीर्तन के माध्यम से भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया साथ ही साथ भगवान शिव की विशेषताओ पर प्रकाश डाला गया। मौके पर भक्तो के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर संस्था कि संचालिका बी के राजमती, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जय श्रीवास्तव, कविता सेन, ऊर्मिला देवी,लीला देवी, शिला देवी,सोनी देवी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

### अफ्रीका में फंसे झारखंड के सभी प्रवासी मजदूर लौटे अपने घर

**गिरिडीह।** अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूर भारत लौट आए हैं। सभी मजदूर सोमवार को घर पहुंच गए। वतन वापसी पर मजदूरों में उत्साह है। साथ ही परिजनों की चिंता भी दूर हो गई है। कैमरून में झारखंड के 27 प्रवासी मजदूर फंसे हुए थे, जिसमें गिरिडीह जिले के चार समेत बोकारो और हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों के मजदूर शामिल थे। मजदूरों ने एक सप्ताह पहले सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर कैमरून में फंसे होने की बात बताई थी। साथ ही सरकार से मदद की गुहार लगाई थी। मजदूरों ने बताया था कि काम के बदले उन्हें मजदूरी नहीं दी जा रही है। इससे उन्हें खाने-पीने के लाले पड़ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद विदेश मंत्रालय हरकत में आया। मजदूरों ने बताया कि भारत सरकार के हरकत में आने के बाद कंपनी की ओर से मजदूरों के साथ बैठक की गई और मजदूरों के बीच बकाया मजदूरी का भुगतान किया गया। साथ ही वतन वापसी की गारंटी दी गई। इससे मजदूर अपने वतन लौट आए। वापस लौटे मजदूरों ने वतन वापसी के लिए सरकार

## अंडर 15 बालक वर्ग प्रतियोगिता में कोल्हान प्रमंडल की टीम बनी चैंपियन

### रांची में आयोजित 63वीं प्री–सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेलगांव में आयोजित 63वी प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का समापन हो गया। समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया, साथ ही खेल में भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह के अलावा झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, साई के पूर्व निदेशक सह अंतराष्ट्रीय फुटबॉल प्रशिक्षक सुशील कुमार वर्मा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग शामिल हुए। कोल्हान, संथाल और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल ने मारी बाजी 63वी प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल



प्रतियोगिता 2024-25 के फाइनल में अंडर 15 बालक वर्ग प्रतियोगिता में कोल्हान प्रमंडल की टीम चैंपियन बनी। उत्तरी छोटानागपुर बनाम संथाल प्रमंडल के बीच हुए फाइनल मुकाबले में कोल्हान ने संथाल को 4-3 से शिकस्त दी। कोल्हान प्रमंडल के एमानुएल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कोल्हान टीम के कृष्णा समद को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। अंडर 17 बालक वर्ग फाइनल प्रतियोगिता में संथाल परगना प्रमंडल ने कोल्हान को 1-0 से हराकर जीत अपने नाम की। अंडर 17 बालक वर्ग प्रतियोगिता में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुष किस्कू को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार मिला। अंडर 17 बालिका वर्ग प्रतियोगिता में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल को 2-0 से शिकस्त देकर टूनार्मेंट में जीत का खिताब अपने नाम कर लिया। लाली कुमारी को मैन ऑफ द मैच, अनुष्का कुमारी को मैन ऑफ द सीरीज और अनिशा उरांव को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार मिला।


किसान कॉल सेंटर–18001801551

**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़**
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक– सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़। (825101)
ई0मेल– atmaramgarh@gmail.com, वेबसाईट– atmaramgarh.org.in

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**
**–:आम सूचना:–**

किसान समृद्धि योजना के तहत कृषकों से आवेदन पत्रों की मांग,योजना की विशेषताएँ, नियम एवं शर्तें:–

1. यह योजना सौर ऊर्जा पम्पसेट आधारित उद्वह सिंचाई योजना है।
2. इस योजना के तहत 2 HP एवं 5 HP सौर पम्पसेट का वितरण 90% अनुदान पर किया जायेगा।
3. इस योजना का लाभ व्यक्तिगत किसान / कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह (JLSPS पंजीकृत) /FPO/FPC,LAMPS/ PACS के सदस्य को दिया जाना है।
4. आवेदन प्रखण्ड तकनीकी सूचना केन्द्र में प्रत्येक कार्य दिवस में जमा किया जायेगा एवं आवेदन ग्राम सभा से अनुमोदित होना चाहिए।
5. प्राप्त आवेदन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल में ऑनलाईन किया जायेगा।
6. रामगढ़ जिले को लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई है। लक्ष्य प्राप्त होने के उपरांत आवेदकों की संख्या अधिक होने पर पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर चयन किया जायेगा।
7. लाभुक कृषक को Escrow Account खोलना होगा एवं 10% कृषक अंशदान Escrow Account में जमा करने के पश्चात ही 90% अनुदान की राशि उनके खाते में जमा की जायेगी।
8. सोलर सिंचाई आपूर्तिकर्ता द्वारा GPS Monitoring किया जायेगा एवं कम से कम 5 वर्षों तक रख–रखाव तथा मरम्मत की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्त्ता की होगी।
9. योजना का लाभ एवं व्यक्तिगत लाभुक की स्थिति में एक बार एवं समूह की स्थिति में कम से कम 05 वर्ष तक नहीं दिया जायेगा।
10. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए एवं एक परिवार से एक ही सदस्य लाभुक होंगे। आधार से लिंक मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
11. बटाईदार किसान, कोई कृषक परिवार या किसान संवैधानित पद राज्य / केन्द्र / PCU/सरकारी स्वायत्त निकायों के सेवारत/ सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारी, डॉक्टर इंजीनियर, Chartered Accountant, आकिटेक्ट, वकील जैसे प्रोफेशनल्स, सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय कर्मी को छोड़कर), अन्य किसी विभाग या संस्था से समरुप सिंचाई योजना से आच्छादित लाभुक एवं उनके परिवार के सदस्य, इस योजना के पात्र नहीं होंगे। साथ ही काली सूची में दर्ज किसान उत्पादक समूह, किसान उत्पादक कम्पनी, सहकारी समिति इत्यादि को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
12. ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन आवेदन नजदीकी CSC में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
13. विशेष / अधिक जानकारी के लिए कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), कार्यालय नया समाहरणालय, भू–तल, ब्लॉक–सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ / संबंधित प्रखण्ड के बी०टी०एम० / ए०टी०एम० / कृषक मित्रों से संपर्क किया जा सकता है।
14. आवेदन–पत्र आत्मा, रामगढ़ के Website - http://www.atmaramgarh.org.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह0 /–
परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़

PR 330290 Agriculture(24-25)#D


## रांची में सेक्स रैकेट का बड़ा खुलासा छह लड़कियां सहित दस गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस शहर में लगातार सेक्स रैकेट को लेकर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में रेड कर सेक्स रैकेट में शामिल छह लड़कियों सहित दस को हिरासत में लिया है। एससपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी केवी रमन ने अपनी टीम के साथ लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली स्थित अर्बन रिट्रीट नाम के गेस्ट हाउस में रेड कर सेक्स रैकेट में शामिल छह लड़कियां और चार पुरुषों को हिरासत में लिया है।

डीएसपी केवी रमन ने सोमवार को बताया कि अनैतिक देह व्यापार को लेकर छापेमारी की गई है, जिसमे छह युवती और चार युवक पकड़े गए हैं। अधिकतर लड़कियां बंगाल की रहने वाली हैं। होटल संचालकों की मदद से उन्हें होटल में रख कर वहां ग्राहक बुला कर देह व्यापार करवाया जा रहा था। गेस्ट हाउस में छापा मारने से पूर्व पुलिस की टीम रविवार देर रात तक रेकी करती रही। इस दौरान गेस्ट हाउस में लगातार लड़कियों का आना जाना लगा हुआ था। ग्राहक भी आ जा रहे थे। पुख्ता सूचना के बाद सिटी डीएसपी ने छापेमारी कर मौके से ही सभी लडकियों को पकड़ा।

### दुर्घटना में गिरा बाइक सवार, रेफर

**गिरिडीह (तिसरी)।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खिजुरी - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित खोंटो में बाईक असंतुलित होने के कारण बाईक पर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति गांवा थाना क्षेत्र के रहने वाले 46 वर्षीय बालदेव दास बताए जा रहें हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस सेवा द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहाँ डॉ. जैनेन्द्र और स्वास्थ्यकर्मी अनूप ने उसका प्राथमिक उपचार किया। वहीं पैर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि गांवा के बगदेडीह निवासी स्व.लालकिशुन दास के पुत्र बालदेव दास अपने साढ़ू के साथ बाईक से गिरिडीह के पालगंज किसी रिश्तेदार के यहां गए थे।वापसी के समय खोंटो के समीप बाईक असंतुलित होने से वे लोग सड़क पर ही गिर गए।

## संत जेवियर्स कॉलेज के डॉ सैकत बनर्जी को सम्मानित करेगा फिक्की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की), 25 जुलाई को नई दिल्ली में पब्लिकॉन के अगले संस्करण का आयोजन कर रहा है। फिक्की अपने मजबूत प्रकाशन समिति के माध्यम से कॉपीराइट और बौद्धिक अधिकार जागरूकता, पुस्तक पढ़ने की संस्कृति का निर्माण, अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेलों के द्वारा व्यापार को बढ़ावा देने, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रकाशन पारिस्थितिकी तंत्र के साथ शैक्षिक संस्थानों को शामिल करने जैसे विभिन्न नीति और व्यापार संबंधी मुद्दों पर निरंतर कार्य करता रहा है। साथ ही, फिक्की द्वारा प्रकाशन क्षेत्र में अधिदेश का समर्थन करने के लिए हर साल फिक्की विभिन्न सेमिनारों और सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने फिक्की प्रकाशन पुरस्कार के माध्यम से प्रकाशन क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य को मान्यता देने की पहल की है। प्रकाशकों और लेखकों की प्रतिभा, पहल, उद्यमशीलता के उत्साह और अथक प्रयासों को मान्यता देने के लिए 2017 में पुरस्कारों की स्थापना की गई थी। इस कार्यक्रम में, प्रकाशकों, मुद्रकों, वितरकों, सामग्री निमार्ताओं, पुस्तकालयाध्यक्षों, लेखकों, कहानीकारों, डिजिटल विपणक, आईपी वकीलों और प्रकाशन क्षेत्र के अन्य हितधारकों का जमावड़ा देखने को मिलेगा। इस कार्यक्रम में फिक्की प्रकाशन पुरस्कार की घोषणा की जाएगी एवं व्यवसाय, अनुवाद, डिजाइनिंग, बच्चों के साहित्य आदि के क्षेत्र में प्रकाशित सर्वोत्तम पुस्तकों को पुरस्कृत किया जाएगा।


**कार्यालय दी छोटानागपुर हैण्डलूम एण्ड खादी वीवर्स को–ऑपरेटिव यूनियन लि0.**
इरबा, राँची

पत्रांक : 758/ **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 22.07.2024

| क्र. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अब्दुर्रज्जाक अंसारी हैण्डलूम कॉम्पलेक्स, इरबा राँची परिसर में गैरेज–सह–समागार निर्माण। | 3,36,74,000/- | 6,73,500/- | 10,000/- +GST 18% | 09 माह |

1. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 07.08.2024, 01:30 बजे अपराह्न तक।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 09.08. 2024, 10 : 30 बजे पूर्वाह्न।
3. निविदा शुल्क की राशि केवल ऑफलाईन मोड डी.डी. के द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
4. बिना अग्रधन राशि के निविदा मान्य नहीं होगी।
5. प्रत्येक निविदाधारक को अग्रधन की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा डी. डी./ चेक द्वारा पर The Chotanagpur Handloom & Khadi Weavers' Co-operative Union Ltd., " Payable at Ranchi पर देय होगा।
6. निवेदक द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि निविदा असफल होने पर वापस कर दी जायेगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/निविदा प्राप्त करने का पता:– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (प्रभारी), दी छोटानागपुर हैण्डलूम एण्ड खादी वीवर्स को–ऑपरेटिव यूनियन लि0. अब्दुर्रज्जाक अंसारी हैण्डलूम कॉम्पलेक्स, इरबा, राँची–835219, झारखण्ड।
8. निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या:– 0651–2276333
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. यह कार्यालय किसी भी समय बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्ध करने या/और स्थागित करने या किसी भी Bid को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ह0/–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (प्रभारी)


# आर्मी सूबेदार की जमीन पर सरिया कॉलेज प्रबंधन का कब्जा




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सरिया अंचल क्षेत्र अंतर्गत मंदरामो मोजा पोखरियाडीह गांव निवासी सेवानिवृत आर्मी सूबेदार धरम मिस्त्री ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर अपनी गुहार लगायी है। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि मैं इंडियन आर्मी के सूबेदार के पद पर देश की सेवा की है। इस दौरान सेना में कार्य करते हुए सैनिक को भूमि आवंटन प्रावधान के तहत कमान अधिकारी को भूमि आवंटन को लेकर आवेदन किया था। जिसके एकीकृत बिहार राज्य के समय अनुमंडल पदाधिकारी व भूमि सुधार उपसमाहर्ता गिरिडीह व अंचल अधिकारी बगोदर ने जांच प्रतिवेदन के बाद मौजा मंडरामो के खाता संख्या 110 प्लाट नंबर 2420 रकवा 4 एकड़ 98 डिसमिल बंदोबस्त के बाद वाद संख्या 12/88-89 के अंतर्गत बंदोबस्त किया उसके बाद बगोदर अंचल के द्वारा मुझे दखल दिलवाया गया बीते 1988 -89 से सरकार को अब तक मालगुजारी भी दे रहा हूं। और कृषि कार्य भी करता आ रहा हूँ लेकिन बीते वर्ष 2021 से मेरे जमीन से उक्त जमीन को सरिया महाविद्यालय के प्रबन्धक के द्वारा मेरे जमीन को हड़पने की कोशिश की जा रही है तथा मुझे परेशान किया जा रहा है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड**
(उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा
(संयुक्त कृषि भवन, गढ़वा प्रथम तल पिपराकलां)

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय राज्यादेश सं0 40 राँची दिनांक 16-07-2024 द्वारा प्राप्त भौतिक लक्ष्य के आलोक में राज्य उद्यान विकास योजनान्तर्गत उप योजना उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्य अवयव का सफल क्रियान्वयन किये जाने के उद्देश्य से कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला में निम्नांकित रूप से उद्यान विकास की योजना का कार्यान्वयन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयववार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक / स्वंय सहायता समूह / कृषक उत्पादक समूह (FPO) / सहकारी समिति / सखी मंडल जो योजना अवयव का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन मुखिया / जन प्रतिनिधि एवं संबंधित प्रखण्ड के बी.टी.एम / ए.टी.एम. / उद्यान मित्र से अनुशंसा कराकर 04-08-2024 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय जिला उद्यान गढ़वा में जमा कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु विवरणी निम्न प्रकार है–

| क्र0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य OSP | भौतिक लक्ष्य SCSP | कुल भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागवान / उद्यान मित्र / कृषक को 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 300 सं0 | 80 सं0 | 380 सं0 | विभाग द्वारा चयनित बागवान / उद्यान मित्र / कृषकों को 5 दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 15 सं0 | 4 सं0 | 19 सं0 | विभाग द्वारा चयनित कृषकों को 25 दिवसीय माली का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। |
| 3 | मिर्चा की खेती | 25 हे0 | 10 हे0 | 35 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 4 | ओल की खेती | 25 हे0 | 10 हे0 | 35 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.40 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 5 | अदरख की खेती | 15 हे0 | 6 हे0 | 21 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 16 इकाई | 4 इकाई | 20 इकाई | चयनित लाभुकों को 75 प्रतिशत अुनदान पर आधारभूत संरचानाओं का अधिष्ठापन कराया जायेगा। |
| 7 | खुले वातावरण में फुलों की खेती | 40 हे0 | 10 हे0 | 50 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पौध / कंद सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 8 | टिषुकल्चर केला की खेती | 10 हे0 | 2 हे0 | 12 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.60 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 25 इकाई | 10 इकाई | 35 इकाई | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा पौध एवं INM/IPM निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 10 | सब्जी की तकनीकी खेती का प्रत्यक्षण | 200 हे0 | 80 हे0 | 280 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.10 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 11 | मशरूम कीट वितरण (इकाई में) | 2490 सं0 | 900 सं0 | 3390 सं0 | इस योजना अंतर्गत अति निम्न वर्गीय SC/ST एवं अन्य गरीबी रेखा BPL से निचे गुजर बसर करने वाले भूमिहीन लोगों को निःशुल्क योजना से लाभान्वित किया जाएगा। |
| 12 | मशरूम पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 83 सं0 | 30 सं0 | 113 सं0 | क्रमांक 11 अंतर्गत चयनित लाभुकों को निःषुल्क 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। |
| 13 | पपीता की खेती (प्रति पौधा 5 रू0) | 15000 सं0 | 5000 सं0 | 20000 सं0 | कृषकों के द्वारा स्वंय पौध रोपन के पश्चात् 5 रूपये प्रति पौध की राशि का भुगतान किया जायेगा। |
| 14 | टिशुकल्चर स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती | 10 हे0 | 5 हे0 | 15 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पौध सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 15 | गुणवत्तायुक्त फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) | 20 सं0 | 10 सं0 | 30 सं0 | चयनित लाभुकों को 75 प्रतिशत अुनदान पर सैंपलिंग नर्सरी की सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। |

नोटः– आवेदन साथ संलग्न कागजात निम्न प्रकार है।
1. आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज रंगीन फोटों।
2. आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. अद्यतन भू–लगान रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन पत्र में मुखिया / जन प्रतिनिधि एवं संबंधित प्रखण्ड के बी.टी.एम / ए.टी.एम. / उद्यान मित्र का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
6. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ होना चाहिए अधूरा भरा हुआ आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
7. लाभुकों के चयन में दोहरीकरण नहीं करते हुए नये ग्राम / पंचायतों के नये कृषकों का चयन किया जाएगा।
8. पूर्व के लाभुकों को वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में योजना के कार्यान्वयन हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
9. कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई का लाभ वैसे कृषकों को दिया जाएगा जिसके पास जमीन का कागजात के संदर्भ में भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र अथवा चेक स्लिप अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत हो।
10. गृह वाटिका का लाभ वैसे कृषकों को दिया जाएगा जिसके घर के समीप न्यूनतम 25 डिसमील भूमि खाली हो तथा सिंचाई योग्य प्राप्त पानी की सुविधा हो।

PR 330323 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा

“ नीच की नम्रता अत्यंत दु:खदायी है, अंकुश, धनुष, सांप और बिल्ली झुककर वार करते हैं। - महर्षि वाल्मीकि



## निजी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को राजनीति से मुक्त रखा जाए

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से वहां दिए जा रहे 56 आरक्षण को घटाकर 7 कर दिया गया पर आरक्षण विरोधियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। कर्नाटक, हरियाणा और झारखंड जैसे राज्यों में निजी क्षेत्र की ग्रुप सी और डी वर्ग की नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने का कानून बनने से अंतरराष्ट्रीय निवेशकों पर असर पड़ सकता है और यह मुद्दा गरमाने पर आर्थिक विकास की गति पर भी असर पड़ सकता है। आरक्षण की वोट बैंक राजनीति को अंतरराष्ट्रीय नजरिये से समझना समय की मांग है। बांग्लादेश में आरक्षण की आग बढ़ने से भारतीयों का पलायन बढ़ रहा है। पर कर्नाटक में सिद्धरमैया सरकार कन्नड़ कार्ड खेल रही है। उल्लेखनीय है कि संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता, आईटी, कंपनी कानून और आरक्षण जैसे विषय पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। भाषा के आधार पर राज्यों के गठन के बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पंजाब जैसे कई राज्यों में धरती पुत्रों को रोजगार में प्राथमिकता देने की पहल नेताओं ने की। लेकिन शिक्षा, डिजिटल और संचार के प्रसार से राज्यों में उपराष्ट्रवाद के आंदोलन कमजोर होते गए। देश की राजधानी दिल्ली है, लेकिन वित्तीय राजधानी के तौर पर मुंबई और आईटी राजधानी के तौर पर बंगलूरू, हैदराबाद और चेन्नई जैसे शहरों का विकास हुआ। इन शहरों के विकास में सभी राज्यों के निवासियों के साथ केंद्रीय करों का बहुत बड़ा योगदान है। कर्नाटक के प्रस्तावित कानून से ई-कॉमर्स, स्टार्टअप, आईटी, आईटीईएस और जीसीसी सेक्टर की कंपनियां सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी। इसलिए भाषा या क्षेत्र के आधार पर निजी क्षेत्र में आरक्षण गलत और असांविधानिक है। भ्रष्टाचार और नेतृत्व परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रही सिद्धरमैया सरकार आरक्षण बिल को नए सिरे से विधानसभा में पारित कराने की कोशिश कर सकती है। मंत्रिमंडल की नई मंजूरी के बाद यदि विधानसभा में बिल को पारित किया जाए, तो उसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए राज्यपाल भेज सकते हैं। सियासत से हटकर निजी क्षेत्र में आरक्षण के सांविधानिक पहलुओं की पड़ताल बेहद जरूरी है। संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता से जुड़े मामलों में सिर्फ केंद्र सरकार और संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। संविधान के अनुच्छेद-14 में समानता और अनुच्छेद-19 में व्यापार की स्वतंत्रता के बारे में प्रावधान हैं। अनुसूचित जाति व जनजाति, महिला, ओबीसी, दिव्यांग जैसे वंचित वर्ग को आरक्षण देने के लिए संविधान में अपवाद स्वरूप प्रावधान किए गए हैं। सरकार द्वारा दी गई रियायती भूमि पर बनाए गए स्कूलों और अस्पतालों में गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के लोगों को सस्ती शिक्षा और इलाज के लिए प्रावधान हो सकते हैं। लेकिन निजी क्षेत्र में क्षेत्र या भाषा के आधार पर आरक्षण के लिए कोई सांविधानिक व्यवस्था नहीं है। इस बारे में संविधान के अनुच्छेद 16 (3) और 35 ए के तहत राज्यों के बजाय सिर्फ संसद को ही कानून बनाने की शक्ति हासिल है। वर्ष 1992 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, सरकारी क्षेत्र में आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी निर्धारित है। ऐसे में राज्यों में निजी क्षेत्र में उससे ज्यादा आरक्षण कैसे दिया जा सकता है?

> संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता से जुड़े मामलों में सिर्फ केंद्र सरकार और संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है।

# एफएसएसएआई की विकास यात्रा : वर्तमान और भविष्य




आज की बात



**जे.पी. नड्डा**
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

एनडीए शासन के दौरान दूसरी बार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बनने के बाद, पिछले सप्ताह जब मैंने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का दौरा किया, तो मुझे 2014 में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने शुरूआती कार्यकाल का स्मरण हो आया। यह वह समय था जब एफएसएसएआई खुद को देश के खाद्य-सुरक्षा नियामक के रूप में स्थापित कर रहा था और उस पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के लिए खाद्य मानक और नीतियाँ तय करने की बड़ी ज़िम्मेदारी थी। 22 अगस्त 2016 को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के एक दशक पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जब मैंने पहली बार एफएसएसएआई टीम और विभिन्न हितधारकों से मुलाकात की, तो एफएसएसएआई का दृष्टिकोण स्पष्ट था। उनका लक्ष्य नीतियों को मजबूत करना, उभरती चुनौतियों का समाधान करना तथा नागरिकों और खाद्य व्यवसायों के बीच सामाजिक और व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इन पहलों को ‘ईट राइट इंडिया मूवमेंट’ के तहत खूबसूरती से एकीकृत किया गया है, जिसने सभी भारतीयों के लिए ‘सुरक्षित, स्वस्थ और सतत’ भोजन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र ‘संपूर्ण प्रणाली दृष्टिकोण’ अपनाया है।
स्वास्थ्य मंत्रालय और एफएसएसएआई हमारे देश के खाद्य-सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। एक मजबूत खाद्य-सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र केवल मजबूत खाद्य-नीतियों और मानकों की नींव पर ही बनाया जा सकता है। यह जानकर खुशी होती है कि एफएसएसएआई के वैज्ञानिक पैनल और विशेषज्ञ समितियों में काफी विस्तार हुआ है, जिसमें 88 संगठनों के 286 विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप मानकों और नीतियों के विकास की गति में उल्लेखनीय तेजी आई है। एफएसएसएआई की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि मिलेट के मानकों का सृजन है, जिन्हें 2023 में वैश्विक मिलेट (श्री अन्न) सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। ये मानक कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग के साथ साझा किए गए हैं, जिससे मिलेट के वैश्विक मानकों के विकास और भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और मानकों के विकास के साथ-साथ उनका प्रवर्तन और परीक्षण भी उतना ही आवश्यक है। पिछले आठ वर्षों में एफएसएसएआई के खाद्य-परीक्षण बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, कैबिनेट ने राज्य खाद्य-परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के लिए ₹482 करोड़ की मंजूरी दी। एफएसएसएआई ने ‘फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स’ नाम से मोबाइल फूड लैब उपलब्ध कराकर दूरदराज के इलाकों तक पहुँचना शुरू कर दिया है। इन उपलब्धियों का उत्सव मनाते समय, हमें वैश्विक स्तर पर उभर रहे रुझानों, जैसे कि प्लांट बेस्ड प्रोटीन, प्रयोगशाला में विकसित मांस आदि को भी स्वीकार करना चाहिए। एफएसएसएआई ने नई श्रेणियों, जैसे - वीगन खाद्य पदार्थों, जैविक उत्पादों और आयुर्वेदिक आहार के लिए सक्रिय रूप से मानक विकसित किए हैं और यह खाद्य-सुरक्षा के उभरते रुझानों के अनुरूप निरंतर अनुकूलन कर रहा है।
जैसे-जैसे वैश्विक खाद्य व्यापार का विस्तार हो रहा है, एफएसएसएआई कोडेक्स जैसे विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय नियामकों के साथ साझेदारी कर रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ती आबादी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना है। एफएसएसएआई ने 2023 में दिल्ली में पहला वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन (जीएफआरएस) भी आयोजित किया, जो खाद्य नियामकों के लिए उभरती खाद्य-सुरक्षा चुनौतियों के बारे में मिलने और विचार-विमर्श करने के लिए अपनी तरह का पहला सहयोगी मंच है। एफएसएसएआई आने वाले महीनों में जीएफआरएस के दूसरे संस्करण के लिए तैयार है। जब हम खाद्य-सुरक्षा पर बात करते हैं, तो उपभोक्ताओं और नागरिकों को साक्ष्य-आधारित जानकारी के माध्यम से विभिन्न खाद्य-सुरक्षा मुद्दों पर सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। तभी हमारा काम समग्रता से पूर्ण होगा। यहीं पर एफएसएसएआई का 'ईट राइट इंडिया' अभियान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह सुनिश्चित करके कि उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर जरूरी जानकारी पहुँचे। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम को हमारे आउटरीच को मजबूत करने और व्यावहारिक बदलाव को प्रोत्साहित करने के लिए बढ़ाया जा रहा है, जो उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य विकल्पों की मांग करने के लिए सशक्त बनाता है और खाद्य व्यवसायों को बेहतर विकल्प प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।

एफएसएसए, 2006 खाद्य-उत्पादों के लिए व्यापक मानकों को अनिवार्य बनाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे उपभोग के लिए सुरक्षित हैं। साथ ही, फूड-लेबलिंग के नियम उपभोक्ता को एक सूचित विकल्प बनाने में सशक्त करते हैं। विज्ञापन और दावों के लिए नीतियां यह भी सुनिश्चित करती हैं कि खाद्य व्यवसायों द्वारा खाद्य-उत्पादों पर कोई भ्रामक दावा नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सीपीए) 2019 उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज करने के लिए पर्याप्त तंत्र प्रदान करके उनके सामने आने वाली आधुनिक चुनौतियों का समाधान करने में सहायक रहा है।

आपकी बात

## राष्ट्रीय बजट में शिक्षा को वरीयता मिले



**गिरीश्वर मिश्र**

शिक्षा की बहुआयामी और बहुक्षेत्रीय भूमिका से शायद ही किसी की असहमति हो । यह मानव निर्मित सबसे प्रभावी और प्राचीनतम हस्तक्षेप है जो जीवन और जगत को बदलता चला आ रहा है। समाज के अस्तित्व, संरक्षण और संवर्धन के लिए शिक्षा जैसा कोई सुनियोजित उपाय नहीं है। इसीलिए हर देश में शिक्षा में निवेश वहां की अर्थव्यवस्था का एक मुख्य मद हुआ करता है। आज ज्ञान - विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दृष्टि से विश्व में अग्रणी राष्ट्र अपनी शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। वे शिक्षा की गुणवत्ता को समृद्ध करने के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं और शिक्षा की तकनीकी को उन्नत करते रहते हैं। देश, काल और परिस्थिति की बनती-बिगड़ती मयार्दाओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के कलेवर में बदलाव उनके लिए एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। साथ ही शिक्षा की सुविधा और प्रक्रिया पूरे समाज के लिए लगभग एक जैसी व्यवस्था स्वीकृत है। ठीक इसके विपरीत भारत में शिक्षा अनेक विसंगतियों से जूझती आ रही है। लोकहित के व्यापक लक्ष्यों के लिए समानता और समता आवश्यक है पर भारत में शिक्षा विभेदनकारी हो रही है और परिवर्तन को लेकर शंका और प्रतिरोध है। आज इन सबके चलते क्या प्रवेश क्या परीक्षा हमारी व्यवस्था चरमरा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ढलान के लक्षण लाभकारी नहीं हैं। परंपरा में शिक्षा, विद्या और ज्ञान की प्राप्ति दुख से निवृत्ति के लिए आवश्यक मानी गई है। साथ ही ज्ञान का विस्तार लौकिक और पारलौकिक दोनों ही प्रकार के ज्ञान को समेटता है। इस पद्धति से ज्ञान देने के लिए गुरु-शिष्य की एक सशक्त प्रणाली विकसित हुई और गुरुकुल से लेकर विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय तक की अद्भुत संस्थाओं का विकास हुआ। उस प्रणाली से पठन-पाठन करते हुए साहित्य, आयुर्वेद, ज्योतिष, कामशास्त्र, नाट्यशास्त्र, व्याकरण, योग, न्याय, अर्थशास्त्र, धर्मशास्त्र, वेद आदि अनेक विषयों का अध्ययन-अध्यापन हो रहा था। आज उपलब्ध ग्रंथों से इन विषयों के पीछे हुई लंबी और कठिन साधना का कोई भी सहज ही अनुमान लगा सकता है इस व्यवस्था की क्षमता और विलक्षण दृढ़ता का भी पता चलता है कि काल क्रम में सामाजिक और राजनैतिक व्यवस्था में परिवर्तन होते रहे फिर भी अपनी आंतरिक शक्ति की बदौलत सब कुछ के बावजूद यह ज्ञान परंपरा आज भी साँस ले रही है। विदेशी आक्रांताओं ने भी यहाँ की देशज शिक्षा में षड़यंत्रकारी दखल दिया। इस का सबसे जटिल और दूरगामी असर अंग्रेजों के जमाने में शुरू हुआ। यह बात प्रमाणित है कि भारत का दोहन और शोषण ही साम्राज्यवादी अंग्रेजी राज का एकल उद्देश्य था। इस काम में पाश्चात्य ज्ञान को यहाँ रोप कर यहां की अपनी ज्ञान परंपरा को विस्थापित करने को उन्होंने अपना विशेष सहायक माना। धर्मांतरण की तर्ज.पर भारतीय मानस को एक नये पश्चिमी सांचे में ढालना और देशज ज्ञान के प्रति भारतीयों के मन में वितृष्णा का भाव पैदा करना ही अंग्रेजों का उद्देश्य बन गया था।

देश की बात


## देश में बढ़ रही कुतर्क की राजनीति



**सुरेश हिंदुस्तानी**

राजनीति में सकारात्मक दिशा के अभाव में देश को जो नुकसान उठाना पड़ता है, वह भले ही प्रत्यक्ष रूप में दिखाई नहीं दे, लेकिन उससे समाज पर प्रभाव अवश्य ही होता है। अगर यह प्रभाव नकारात्मक चिंतन की धारा के प्रवाह को गति देने वाला होगा तो देश को भी अपने अस्तित्व के लिए जूझना पड़ता है। वर्तमान में जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, उसे भटकाव पैदा करने वाली राजनीति कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं, जो विषय राजनीति के नहीं होने चाहिए, उनको भी राजनीतिक दल राजनीति के दल दल में ले जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार के किसी भी निर्णय का अपने हिसाब से परिभाषित करना राजनीति का प्रिय विषय बनता जा रहा है। इससे प्रायः मूल विषय बहुत पीछे छूट जाता है और बहस कहीं और चली जाती है। आज के राजनीतिक वातावरण का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि सभी राजनीतिक दलों के अपने अपने एजेंडे हैं। कोई भी किसी दूसरे की बात को ऐसे तर्क देकर उसका प्रक्षालन करते हैं, जैसे केवल उनकी ही बात सही है और बाकी सब गलत बयानी कर रहे हैं। हालांकि यह बात सही है कि कमी सभी जगह होती है, लेकिन कुछ अच्छे काम भी होते हैं, आज इन अच्छे कामों की चर्चा कहीं भी नहीं हो रही है। सब एक दूसरे की गलतियां निकालने में ही राजनीति का मुख्य उद्देश्य बनता जा रहा है। यह राजनीति की सकारात्मक दिशा तो कतई नहीं मानी जा सकती। हां, इसे नकारात्मक राजनीति अवश्य कहा जा सकता है। ऐसी राजनीति आम जनता में भटकाव पैदा करती है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि जो जनता सरकार के विरोध का विचार रखती है, वह विपक्ष की हर बात को सही मानकर ही व्यवहार करेगी और जो विपक्ष की बातों पर भरोसा नहीं करती, उसे सत्ता पक्ष की बात मानने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वास्तव में ऐसी राजनीति के बजाय देश हित की राजनीति करने की ओर सभी दलों को आगे आना चाहिए।

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

## बोले जा प्यारे! बम भोले!!



**राकेश अचल**

आषाढ़ निकल गया। सावन शुरू हो गया है। वो ही सावन जो लाखों का होता है और दो टकियों की नौकरी के फेर में बर्बाद हो जाता है। इस सावन का पहला सोमवार भोले बाबा के नाम है। मंगलवार इस देश की बैशाखा सरकार के नाम होगा ,क्योंकि मंगलवार को सरकार देश की जनता के लिए एक लंगड़ा बजट लेकर आने वाली है। मेरी पशोपेश ये है कि मै लिखूं तो आखिर किस मुद्दे पर लिखूं ? क्योंकि हमारे देश में मुद्दे घड़ी-घड़ी बदलते हैं। जब तक एक मुद्दे के बारे में सोचो, तब तक दूसरा मुद्दा सिर तानकर खड़ा हो जाता है। उत्तर प्रदेश में भोला भंडारियों के लिए सरकार के तुगलगी फरमान के बारे में लिख चुका हूँ। सरकार को सामाजिक समरसता से ज्यादा फिक्र भोले के भक्तों का धर्म भ्र्ष्ट होने की थी, सो मुजफ्फर नगर के सभी रेहड़ी,ठेले वालों तक को अपने-अपने नाम लिखकर टांगने का फरमान दे दिया गया। इस मांमले में चूंकि सुप्रीम कोर्ट तक बात पहुँच चुकी है ,इसलिए मैंने इस मुद्दे को छोड़ दिया है । इस मुद्दे पर अब फैसला या तो सुप्रीम कोर्ट करेगा या फिर आने वाले दिनों में सूबे की जनता। जनता को आने वाले दिनों में विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उप चुनावों में मतदान करना है। आपको पता है कि भोले बाबा के सामने शायद हिन्दू-मुसलमान का मुद्दा कभी आया ही नहीं। बेचारे पहली बार फंसे हैं इस फेर में। वो भी योगी आदित्यनाथ की वजह से। योगी जी भी भोले बाबा के भक्त हैं और वे भी जो आजकल मुस्लिम विरोधी कहे जाते हैं। देखना ये है कि योगी जी कितने दिन भोले के भक्तों को मुसलमानों की दुकानों से दूर रख पाते हैं ? कितने दिन हिन्दू मुसलमान के यहां पंचर ठीक करने नहीं जाते? कितने दिनों मुसलमानों के ठेलों से फल, साग-सब्जी नहीं खरीदते? कितने दिन उनसे बैल्डिंग नहीं कराते? कितने दिन मुसलमानों से दूसरी सेवाएं नहीं लेते? भोले बाबा को छोड़िये अब अमित शाह साहब की बात कर लें। वे भी आजकल खूब बम-बम कर रहे है। लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद उनका बमकना कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। अपने बाप की उम्र के शरद पवार पर वे खूब बमके। उन्हें भ्ष्टाचार्र का सरदार बता दिया। मजबूरी कुछ भी करा सकती है आदमी से। एक हकीकत ये है कि 2024 के आम चुनाव तक देश राम भरोसे चल रहा था, लेकिन चुनाव के बाद देश भगवान भोलेनाथ के भरोसे चल रहा है। आने वाले दिनों में हमें देशज राजनीति में भोले की माया ही देखने को मिलेगी।



**बोधि वृक्ष**

## पौधरोपण करें, निगरानी भी जरूरी

> बड़े पैमाने पर पौधरोपण को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जाता है, जिसमें सरकारें, गैर सरकारी संगठन और व्यक्ति शामिल होते हैं

पौधरोपण परियोजनाएं जलवायु परिवर्तन से निपटने और बिगड़े हुए पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने के लिए व्यापक रूप से समर्थित रणनीति के रूप में उभरी हैं। हालांकि, उनकी लोकप्रियता और उनके द्वारा उत्पन्न सद्भावना के बावजूद, इन योजनाओं को कई गंभीर मुद्दों का सामना करना पड़ता है जो उनकी प्रभावशीलता को कमजोर करते हैं। पेड़ वातावरण से कार्बन डाई ऑक्साइड को संग्रहीत और हटाकर जैविक कार्बन पृथक्करण में मदद करते हैं। बड़े पैमाने पर पौधरोपण को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जाता है, जिसमें सरकारें, गैर सरकारी संगठन और व्यक्ति शामिल होते हैं। 1950 में, भारतीय कृषिमंत्री ने वन महोत्सव ('पेड़ों का त्यौहार') कार्यक्रम शुरू किया, जिसे हर साल जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2021-2030 को पारिस्थितिकी तंत्र बहाली का दशक घोषित किया है। 350 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को बहाल करना, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं में $9 ट्रिलियन का उत्पादन करना और अतिरिक्त 13-26 गीगाटन ग्रीनहाउस गैसों को अलग करना। विभिन्न भारतीय राज्यों में एक दिन में पौधे लगाने के अभियान। विश्व आर्थिक मंच द्वारा 'एक ट्रिलियन परियोजना'। 'चीन की महान हरित दीवार'। पाकिस्तान की '10 बिलियन ट्री सुनामी'। 'बॉन चैलेंज' 2020 तक 150 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करने के लिए।



टेक वर्ल्ड

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-मीडिया के उलझे रिश्ते



**प्रो. संजय द्विवेदी**

माननीय प्रधानमंत्री जी हम आभारी हैं कि आप हमारे बीच आए। मेरी ऑन दी जॉब लर्निंग अब शुरू हो गई है और 2024 तक मैं देश की सबसे अच्छी जर्नलिस्ट होने की कोशिश करूंगी। उम्मीद करती हूं कि तब आपसे एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू करने का मौका मुझे मिलेगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ये शब्द हैं भारत की पहली एआई बॉट एंकर सना के। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मीडिया जगत में बढ़ते इस्तेमाल की कई संभावनाएं हैं। इसी में से एक है कि आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री एक एआई एंकर से देश के भविष्य और योजनाओं के बारे में चर्चा करते दिखें। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 'टेक्स्ट टू स्पीच' फीचर की बदौलत अब भारतीय न्यूजरूम में मशीन को इंसानी चेहरे में ढालकर खबरें पेश की जा रही हैं। पिछले साल अप्रैल के महीने में इंडिया टुडे ग्रुप ने एआई एंकर से समाचार बुलेटिन का प्रसारण शुरू किया था। लॉन्च कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एंकर का परिचय देते हुए कहा गया था कि वह ब्राइट है, सुंदर है, उम्र का उन पर कोई असर नहीं होता है और न ही कोई थकान होती है, वो बहुत सारी भाषाओं में बात कर सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी दुनिया को फिर से परिभाषित करने, मानवीय क्षमता की सीमाओं को पार करने और अभूतपूर्व पैमाने पर उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार देने के लिए तैयार है। मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में, एआई का आगमन कंटेंट क्रिएटर्स को सामग्री निर्माण के लिए शक्तिशाली उपकरणों से सशक्त बना रहा है, नए अनुभवों को अनलॉक कर रहा है और कलात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों का उपभोग करने, बनाने और उनसे जुड़ने के तरीके को हमेशा के लिए बदल रहा है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### सेक्रेड हार्ट स्कूल स्किट कंपटीशन का चैंपियन बना

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स के तत्वाधान में आयोजित इंटर स्किट कंपटीशन में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में अपने अभिनय कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अभिनय करने वाले छात्रों में कुणाल पांडेय, सौरव रंजन,रेशांशी जैन, साक्षी सिंह,अंशिका सिंह हैं। बच्चों ने शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह और अलका सिंह की देखरेख में अभ्यास किया था। सोमवार को स्कूल कैंपस में सभी बच्चों को विद्यालय निदेशक प्रमोद कुमार ने सर्टिफिकेट देकर उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे हर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करने स्कूल में समय-समय पर कई गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। जहां बच्चों को अपनी हर प्रकार की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

### ऑटो चालक संघ ने रूट परमिट देने और नेशनल हाइवे में टोटो पर प्रतिबंध की मांग की

**कोडरमा।** सीटू और झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के बैनर तले टेम्पो चालक संघ ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन कर नेशनल हाईवे पर टोटो चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग किया। इससे पूर्व समाहरणालय परिसर से जुलूस निकाला गया, जो रांची पटना रोड, अनुमंडल कार्यालय होते हुए जिला परिवहन कार्यालय के सामने पहुंच जमकर नारेबाजी की गई। बाद में वापस समाहरणालय पहुंचकर जुलूस धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। जुलूस में टेम्पु टोटो में टकराव बंद करो, दोनों का रूट अलग- अलग तय करो, एनएच पर टोटो चलने पर रोक लगाओ, टेम्पो चालक संघ जिन्दाबाद आदि नारे लगाए गए। सभा झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष मो रफीक की अध्यक्षता में हुई।

### सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़

**कोडरमा।** सावन का पवित्र माह सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन ही सोमवार पड़ने से भक्तों में ज्यादा उल्लास है और इस दिन जिले के सभी शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भीड उमड पडी। बता दें कि सावन में सोमवार भगवान भोले का सबसे प्यारा दिन माना जाता है। जिला मुख्यालय कोडरमा स्थित ब्रह्मा पुत्र कर्दम ऋषि की तपोभूमि ध्वजाधारी धाम में सावन की पहली सोमवारी में कांवरियों और भक्तों की भीड़ उमड़ पडी। सुबह से ही श्रद्धालु जलार्पण करते रहे। यह सिलसिलस शाम तक जारी रहा। जिले के कांवरिया जल उठाकर भक्ति भाव के साथ सुबह पांच बजे पहुंचते देखे गए। भक्तों ने 777 सीढ़ी चढ़कर हर- हर महादेव, बोल बम, बोल बम का नारा लगाते हुए पहाड़ की चोटी पर पहुंचे और शिवालय में जलाभिषेक किया।

# शिवालयों में पहली सोमवारी को उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखण्ड के विभिन्न शिव मंदिर में पहली सोमवारी पर भक्तों ने जल चढ़ाया। प्रखण्ड के बानो, सोडा, हाटिंगहोड़े, हुरदा आदि जगहों पर सुबह से ही जल चढ़ाने का तांता लगा रहा।प्रखण्ड के केतुङ्गाधाम शिव मंदिर में विभिन्न जगहों से लोग जल चढ़ाने पहुंचे थे व भक्ति पूर्वक पूजन की तथा मंगल कामना किया।जहां पंडित प्रदीप गोस्वामी ने विधिवत पूजन कराया। हाटिंगहोड़े में भक्तों ने कोयल नदी से जल उठाकर बोल बम बोल बम के नारा के साथ जलाभिषेक किया ।प्रखण्ड के हुरदा में आस पास के कावरियों ने जत्था बना कर जला चढ़ाया। पहली सोमवारी पर अरानी, गेनमेर, कोहिपाट मरानी,रायकेरा आदि गावों के ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक जलाभिषेक किया।सभी भक्त आठ किलोमीटर दूर देवनदी से जल लेकर नाचते गाते, बोल बम के नारा के साथ शिव मंदिर पहुंचे व मन्दिर का परिक्रमा करने के पश्चात जलाभिषेक किया। मौके पर संदीप बड़ाईक, हरीश सिंह, राजू साहू, अमृत साहू का सहयोग रहा। मौके पर स्थानीय पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद थे।

### लोहा लदा टेलर अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोगों की मौत, एक गंभीर

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप रांची-पटना रोड पर लोहा लोड टेलर अनियंत्रित होकर पलट गयी। इससे दो व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार सुबह की है। मृतक की पहचान, मुन्ना राय, उम्र 40 वर्ष, पिता- योगी राय मोतिहारी, बिहार और पांची लाल राय, उम्र 48 वर्ष, पिता- बुधन राय, हाजीपुर,बिहार के रूप मे हुई है। घायल की पहचान रमेश यादव, पिता- देवन यादव, ग्राम प्राव, चंपारण, बिहार के रूप में की गयी है। जानकारी के मुताबिक टेलर में पं बंगाल से लोहा लोड कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा था।

## न्यूज बॉक्स

### जहरीले सांप के काटने से दो की हालत गंभीर, एक को भेजा गया रिम्स



**सिमडेगा।** जिले में इन दिनों जहरीले सांप अपना कहर बरपा रहे हैं।जिससे आम ग्राम इसका शिकार बन रहे हैं।हर दिन सांप का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात्रि फिर सर्पदंश के चपेट में आने से दो लोगों की हालत गंभीर हो गई। जिनमें से एक को रिम्स रेफर किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार सिकरियाटांड़ निवासी 14 वर्षीय किशोरी झरना तिर्की अहले सुबह सोए अवस्था में जहरीला सांप ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे तत्काल सदर अस्पताल लेकर आए। यहां इलाज के दौरान उसकी हालत और बिगड़ती चली गई। उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं किनकेल निवासी संदीप केरकेट्टा को भी सोए अवस्था में एक जहरीला सांप ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी।उसकी स्थिति भी गंभीर बनी हुई है।फिलहाल वो सदर अस्पताल इलाजरत है।

### बोलबा प्रखण्ड में रुआर पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



बोलबा। बोलबा प्रखंड सभागार में रू-आर 2024 से संबंधित एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम की शुरूवात बीपीओ मनमोहन गोस्वामी ने स्वागत भाषण के साथ शुरूआत किया गया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में शत प्रतिशत बच्चो का नामांकन और उसका ठहराव सुनिश्चित किया जाय। शिक्षा के अधिकार 2009 की जानकारी दी गई । उम्र 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चे का शत प्रशिक्षण नामांकन विद्यालय में करने की जानकारी दी गई।वहीं मुख्य अतिथि में आए मुखिया सुरजन बड़ाइक ने सभी विद्यालय प्रधानों को शत प्रतिशत बच्चे का नामांकन एवम बच्चे की उपस्थिति का सुझाव दिया। उन्होंने इसके लिए आने वाले कल को पंचायत से लेकर स्कूल को भी कंप्यूटर से जोड़ने का संकल्प लिया।वहीं मुखिया बिनोद बड़ाइक ने सभी लोगो को अपने कार्य के प्रति ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की सलाह दी।ताकि प्रखंड का सर्वांगीण विकास हो सके।वही पिरियापोंछ मुखिया शांति देवी ने भी सभी को मिल जुलकर सभी के सहयोग से बच्चो का नामांकन करने का सुझाव दिया और मुखिया स्नेहलता केरकेट्टा के द्वारा कहा गया की विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को जागरूक करना होगा।

## 25वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी अंतिम चरण में



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** 25वां अंतर्राज्य वीर शहीद थॉमस सोरेंग स्मारक फुटबाल टूर्नामेंट 2024 का भव्य उदघाटन 25 जुलाई को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में 3:00 बजे अपराह्न से होगा। इस खेल में झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओड़िसा राज्यों से 23 बेहतरीन टीमें टूर्नामेंट में शामिल हो रही है। इस खेल का उद्घाटन मैच 25 जुलाई बृस्पतिवार को 3:45 दोपहर से संत जोन्स स्कूल रांची बनाम शिव शंकर एफसी झारसुगड़ा (ओड़िशा) के बीच होगा। उद्घाटन समारोह की सारी तैयारियां पुरी कर ली गई है। इस शुभारम्भ के बाद प्रतिदिन 3:45 बजे दोपहर से एक मैच होगा तथा जश्न -ए-आजादी 15 अगस्त को फाइनल खेल होगा। टूर्नामेंट के संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर के मैच रेफरी लौह नगरी टाटा से रहेंगे। टूर्नामेंट के सफलतापूर्वक संचालन हेतु कमेटी के आयोजक मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह,अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, सचिव मोनू बड़ाईक सहित सभी खेल के सदस्य दिलो जान से मेहनत कर रहें है।

# महिलाओं को क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था के सहयोग से सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड के तीन पंचायत मेरोमडेगा में 21.7.2024, घुटबहार में 22.7.2024 तथा ठेठईटांगर में 20.7.2024 के पंचायत भवनो के सभागार में ₹पंचायत प्रतिनिधि और ग्राम सभा₹ प्रावधानों के लिए महिलाओं और युवाओं का छमता निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। सबसे पहले संयुक्त रूप दिप प्रज्वलित कर किया गया।जिसमें उन्हें ग्राम सभा की अध्यक्षता और ग्राम सभा की स्थाई समिति का गठन,ग्राम पंचायत की स्थाई समिति के साथ उनका दायित्वों के बारे में बताया गया।इस प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि अगर ग्राम सभा सशक्त होता है तो पूरा पंचायत सशक्त होगा। इस तरह से ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के बारे में इस प्रशिक्षण में पूर्ण जानकारी दिया गया। जिससे पंचायत प्रतिनिधि और ग्राम प्रधान को अपने दायित्व और कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी द्वारा कई तरह के सवाल पूछे गए।इस प्रशिक्षण में कई प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें मेरोमडेगा पंचायत कि मुखिया लक्ष्मी देवी, घुटबहार के मुखिया जागेश्वर माझी ,सुरजन प्रधान ,नीरज बा, जसिंता केरकेट्टा , गुटबाहर की मुखिया नेमी सुरिंन उप मुखिया शालिनी जोजो, ठेठईटांगर के मुखिया संगीता मिंज तीनों पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं बेरनदिकता सोरेंग साथ कई हितधारक भी उपस्थित थे।इसके अतिरिक्त महिला समूह के नेतृत्व करता दीदी भी उपस्थित थी।

## प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में आमरण अनशन पर जाने की बनी सहमति



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा की बैठक जिला संघ भवन सिमडेगा में जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में महासचिव संजय कुमार के द्वारा बैठक के एजेंडा की जानकारी दी गई।जिसमें राज्य के आह्वान पर आमरण अनशन का समर्थन, जिले के शिक्षक की प्रोन्नति, अंतर जिला स्थानांतरण, वार्षिक वेतन वृद्धि एवं अन्य एजेंडा को रखा गया।बैठक में उपस्थित सभी संघीय पदाधिकारी एवं सदस्यों के विचार उपरांत यह निर्णय लिया गया कि राज्य के आह्वान पर तय की गई कार्यक्रम आमरण अनशन को तन मन धन से पूरा सहयोग सिमडेगा जिला की ओर से की जाएगी।जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने कहा कि अंतर जिला स्थानांतरण में जिन साथियों का जिला स्थानांतरण हुआ है उन्हें शुभकामनाएं दी और जिला शिक्षा अधीक्षक से मांग करती है की शेष बचे हुए शिक्षको का नियम अनुसार अंतर जिला स्थानांतरण किया जाए। वार्षिक वेतन वृद्धि का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जुलाई माह का वेतन वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ जिले के सभी शिक्षकों को मिलेगी।महासचिव संजय कुमार ने कहा सरकार के द्वारा एमएसपी नहीं देने से शिक्षकों में काफी रोष है। उन्होंने कहा की एमएसपी हमारा अधिकार है।मौके पर नौशाद परवेज,अजीत तिर्की, अमर कुमार सिंह, सुबोध कुमार, धीरज कुजूर,सुरेंद्र कुमार साहू सहित अन्य शिक्षक उपस्थित है।

### बच्चों में क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरूआत



**सिमडेगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सिमडेगा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान विषय पर प्राथमिक शिक्षकों का प्रथम बैच की कार्यशाला की शुरूआत किया गया। यह कार्यशाला अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं डायट सिमडेगा के संयुक्त तत्वधान में जिले में कक्षा तीन तक के बच्चों में गुणवत्तायुक्त पढ़ने-लिखने की क्षमता का विकास करना है। इसके लिए प्राथमिक शिक्षकों को विषयवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए कुल चार बैच बनाया गया है।इस संबंध में प्राचार्य बादल राज का कहना है कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में 2026 तक निपुणता प्राप्त करना भारत सरकार का परम लक्ष्य है।उद्देश्य की पूर्ति हेतु झारखंड सरकार सतत प्रयास कर रही है। चूंकि डायट को इसकी अनुश्रवण की जिम्मेवारी दी गई है, इसलिए डायट और अजीम प्रेमजी जी फाउंडेशन मिलकर इस संबंध में अपना मॉड्यूल तैयार किया और इस से जुड़े शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### विधानसभा आवास समिति के सदस्य ने पदाधिकारियों संग की बैठक

## बीरू, तामड़ा व रामरेखाधाम पथ निर्माण करा रहे संवेदक को ब्लैकलिस्ट करने का दिया निर्देश



सिमडेगा। झारखंड विधानसभा आवास समिति के सदस्य -सह - विधायक भूषण बाड़ा की अध्यक्षता में परिसदन भवन, सिमडेगा में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं और कामकाज की समीक्षा किया।इस दौरान उन्होंने शिक्षा, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, खनन, कृषि, भवन निर्माण, उत्पाद विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, परिवहन, आपूर्ति, सहकारिता, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण शाहिद अन्य विभागों की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।आवास समिति के सदस्य द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि जिले की जितनी भी स्कूल हैं कितनो स्कूलों में चार दिवारी नहीं है, भवन की स्थिति एवं जर्जर से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला में जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती के कार्य की समीक्षा की गई। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने बीरू तामड़ा रामरेखाधाम पथ निर्माण पर कहा कि मेरे कई बार कहने के बावजूद संवेदक द्वारा बेहतर कार्य नहीं किया जा रहा है, उन्होंने कार्यपालक अभियंता को संवेदक को ब्लैकलिस्टेड करने की बात कहीं और कार्य में सुधार लाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। खनन विभाग की समीक्षा कर जिले में संचालित बालू घाट एवं पत्थर क्रेशर की जानकारी लिया। भवन निर्माण की समीक्षा कर सदस्य ने कहा कि भवन निर्माण विभाग के द्वारा रामरेखा डाक बंगला, नया अनुमंडल कार्यालय, सदर अस्पताल में बनने वाले बिल्डिंग की कार्यों में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि जिले में बनने वाले बिल्डिंगों को बेहतर तरीके से एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की बात कहीं श्रम विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने निबंध मजदूरों को मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी लिया।

### चेटर में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

# आजसू समाज के गरीब व दलित के हक और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखेगी : मनोज

*मनीष जायसवाल को जीताने में आजसू कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा था*

*मनोज कुमार महतो ने कहा कि अब हम सभी को विस चुनाव की तैयारी में जुट जाना है*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चेटर में 22 जुलाई को आजसू पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव की समीक्षा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में हजारीआग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की भारी मतों से जीत में आजसू कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा था। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आजसू कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी को मत दिलवाने के लिए कड़ी धूप में भी मेहनत की और मतदाताओं के घर घर जाकर उनसे एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की, जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके मनीष जायसवाल को विजय बनाया। वहीं, मनोज कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अब हम सभी को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है, इसके लिए कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं और पार्टी संगठन को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लोगों से घर घर जाकर मिलें और उनकी जो भी समस्याएं हैं उन्हें दूर करने में उनकी मदद करें। साथ ही कार्यकर्ता लोगों को पार्टी की नीति और सिद्धांतों से अवगत कराएं। आजसू गरीब, दलित, पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करती रही है और आने वाले समय में भी करती रहेगी। मौके पर डालचंद ओहदार, जयशंकर प्रसाद, वीरेंद्र कुमार , विष्णु बेदिया, मोहरलाल पाहन, मदन महतो, मुकेश मुंडा, भीखमंग मुंडा, रोशन मुंडा, टाइगर महतो, मंजू देवी, अनीता देवी, दिलीप कुमार, शिवम महतो, विकास महतो आदि उपस्थित थे।

### संगठन के विस्तार के लिए जेबीकेएसएस के केंद्रीय पदाधिकारियों ने की बैठक

**रामगढ़।** पटेल छात्रवास, कांकेबार, रामगढ़ में सोमवार को केंद्रीय चयन समिति प्रमुख पवन कुमार रजक, खजाउदिन अंसारी, पप्पू मेहता, विमल महतो, मुजफ्फर अंसारी, और मिथुन गोस्वामी द्वारा रामगढ़ जिला के जिला अध्यक्ष तथा विभिन्न मोर्चा, विंग का कमेटी के विस्तार के लिये जिला कमेटी गठन का मापदंड फॉर्म में मुख्य रूप से अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्क्ष , प्रवक्ता ,मीडिया प्रभारी, महामंत्री तथा संगठन सचिव के लिए फार्म वितरण किया गया। फॉर्म जमा करने वाले लोगो का साक्षात्कार लिया गया । केंद्र चयन समिति द्वारा स्कूटनी किया जाएगा । उसके बाद टाइगर जयराम महतो के लेटर पैड से जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी की घोषणा की जाएगी। जिसमे मुख्य विंग, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा ,अल्पसंख्यक मोर्चा कमेटी विस्तार फिलहाल किया जाना है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ के सदस्य व जेबीकेएसएस से रिलेटेड व्यक्ति ने अपने अपने योग्यता , इच्छानुसार फॉर्म भर कर जमा कर दिया। लोगों में काफी उत्साह एवं उमंग देखने को मिला।

**हादसा** जंगली हांथियों का आतंक , तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त

# ग्रामीणों में दहशत का माहौल, वन विभाग पर आक्रोशित





**नवीन मेल संवाददाता। बानो** जंगली हाथियों ने प्रखंड के तीन घरों को एक बार फिर से क्षतिग्रस्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के लोवासोकरा बांस पाहार में दो जंगली हांथी गांव में आया और भोजन की तलाश में तीन घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने पीड़ित परिवार के घरों को दो या तीन ओर से गिरा दिया। हाथियों ने घर में रखे अनाजों को खा गए तथा कुछ को रौंद डाला। भयभीत ग्रामीण किसी तरह हाथियों को गांव से खदेड़ा। सुबह जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया अनिल लुगुन गाँव जाकर पीड़ित परिवार से मिल कर हाल चाल जाना। गांव में लोग हाथियों के दहशत से घबराए हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस तरह से हाथियों का हमला होता रहा तो लोग अपने घरों में रात के समय कैसे रह पायेंगे। इस पर वन विभाग को सख्त कदम उठानी चाहिए ताकि लोग अपने घरों में महफूज रह सकें। उन्होंने बताया कि लोवासोकरा निवासी जेबेडियूस डांग,अमृत जड़िया, सुसाना जड़िया के घर को बुरी तरह से रौंद डाला है।भयभीत ग्रामीण दूसरे के घरों में शरण लेने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने बताया गांव में लगे धान - मडुवा के बिचड़ा को रौंद दिया है। इस समय जंगली हाथी पक्के कटहल के कारण बार बार गाँव आ रहे हैं।वहीं बड़काडुइल पंचायत के मुखिया अनिल लुगुन ने बानो रेंजर अभय कुमार से मुलाकात कर पीड़ित परिवार के घरों के छत को दुरुस्त करने के लिए तत्काल उपाय के लिए तिरपाल उपलब्ध कराने की मांग की है। जिसपर रेंजर जल्द तिरपाल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।वन विभाग बानो की ओर से लोवासोकरा बांस पाहार के ग्रामीणों के हाथियों को भगाने के लिये मोबाइल, जुट बोरा,छड़ आदि सामग्री उपलब्ध करा दी है।

### एएनएम का प्रशिक्षण जरूरी ताकि क्षेत्र में कुष्ठ रोग का बेहतर इलाज हो सके : डॉ अनिल

**कोडरमा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रथम बैच एएनएम को सोमवार को कुष्ठ रोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। शुयआत सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार,जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया । सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि कुष्ठ मरीज सबसे पहले एएनएम के पास ही पहुंचते हैं। इसके कारण एएनएम का प्रशिक्षण जरूरी है, ताकि क्षेत्र में कुष्ठ रोग का बेहतर इलाज और प्रबंधन हो सके। प्रशिक्षक एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के काशीनाथ चक्रवर्ती ने सभी एएनएम को कुष्ठ रोग की पहचान,इलाज के साथ कुष्ठ रोग से होने वाले विकलांगता की रोकथाम, सिंगल डोज रिफैमपिसीन और कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी।

### भाजपा नेता ने रामरेखा धाम में टेका माथा, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

## भोलेनाथ से क्षेत्र के सुख शांति व समृद्धि की मंगल कामना की



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवारी को बाबा रामरेखा धाम में माथा टेका और भगवान श्री राम और भोलेनाथ से क्षेत्र के सुख शांति व समृद्धि की मंगल कामना की। पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा के नेता मंगल सिंह भोगता ने सोमवार को कुरडेग मंडल के लगभग आधा दर्जन गांव यथा कैनबेड़ा, पालेडीह, बानाबीरा, किनबीरा, कुरडेग, सेवई आदि का भ्रमण किया और पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठन के मजबूती पर चर्चा की। मंगल सिंह भोगता ने बानाबीरा में संतोष भारती, जयराम बड़ाईक, दिनेश पाइक, धनेश पाइक, महेश पाइक, संतोष महली, पीटर किंडो, कैनबेड़ा में नंदू मेहर, उषा पेवड्ढ, पालेडीह में भुनेश्वर दास गोस्वामी आदि से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में परिणाम जो भी हुआ लेकिन भाजपा परिवार एकजुट है। विधान सभा चुनाव में एक बार फिर से कार्यकताओं को एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में काम करना है और भाजपा को सत्ता में वापस लाना है। भाजपा नेता के साथ महेश सिंह, सुदर्शन प्रधान आदि शामिल थे।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम में स्वर्ण जीतने की क्षमता : दिलीप तिर्की

## हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की को भरोसा है कि पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम स्वर्ण पदक जीत सकती है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई है। इस टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा जोश का मिश्रण है। कुछ ऐसे नाम भी हैं जिनका यह पहला ओलंपिक होगा, तो कुछ ऐसे भी हैं जिनके पास खेल के इस महाकुंभ का अच्छा एक्सपीरियंस है। भारतीय टीम ने ओलंपिक में देश के लिए 12 पदक (8 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य) जीते हैं। टिर्की ने सोमवार को 'ग्लोरी ऑफ फाइव रिंग्स' कार्यक्रम में कहा, टीम कॉम्बिनेशन अच्छी नजर आ रही है। हमारे पास मजबूत डिफेंस और स्ट्राइकर हैं, जो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हैं। हम सभी जानते हैं कि श्रीजेश क्या करने में सक्षम हैं और गोलकीपिंग की अगुवाई उनके हाथों में होगी। पिछले कुछ वर्षों में हरमनप्रीत सिंह का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। इसलिए हमें उनसे पदक की उम्मीद है और मुझे यकीन है कि पदक का रंग स्वर्ण होगा।

### टोक्यो से बहुत कुछ सीखा, पेरिस ओलंपिक में पहला फोकस पदक नहीं मैंचः मनिका बत्रा

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में अब महज कुछ दिन बाकी हैं। चाहे खेल कोई भी हो, सभी भारतीय खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उनकी नजर टोक्यो से भी बेहतर प्रदर्शन करने पर है। पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के साथ ही, स्टार भारतीय पैडलर मनिका बत्रा ने कहा कि उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के अपने अनुभव से बहुत कुछ सीखा है और उनका फोकस पदक नहीं, बल्कि एक समय में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करने पर होगा। भारत पेरिस 2024 में टेबल टेनिस की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा दोनों में प्रतिस्पर्धा करेगा। पेरिस ओलंपिक में 6 भारतीय पैडलरों की टीम उतरेगी जो किसी भी कीमत पर मेडल जीतना चाहेगी।

# पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेंगे पीआर श्रीजेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश इस महीने के अंत में शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लेंगे। श्रीजेश पेरिस में अपने चौथे ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे और टोक्यो में 2020 संस्करण से अपने कांस्य पदक के रंग को बदलने की उम्मीद करेंगे। 36 वर्षीय, जिन्होंने 2006 में भारत के लिए पदार्पण किया था, ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपने अंतिम अध्याय की दहलीज पर खड़ा हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता और प्रतिबिंब से भर जाता है। मुझे पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद। यहां एक अध्याय का अंत और एक नए रोमांच की शुरूआत है। उन्होंने कहा, ओलंपिक में कप्तान के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व करना शब्दों से परे सम्मान था। और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के रूप में नामित होना एक ऐसी मान्यता थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। टोक्यो 2020 में हमारा ओलंपिक कांस्य पदक, सबसे बड़ी उपलब्धि थी, एक सपना साकार हुआ।

> **328** अंतरराष्ट्रीय मैच भारत के लिए खेलने वाले श्रीजेश ने दो बार एशियाई खेलों का स्वर्ण, दो बार एशिया कप और चार अलग-अलग मौकों पर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। श्रीजेश को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।




### 57वां बील शतरंज रैपिड

## मार्टिरोसयान बने रैपिड के विजेता, प्रज्ञानन्दा को दूसरा स्थान



**एजेंसी। बील, स्विट्जरलैंड**

बील शतरंज महोत्सव के 57वां संस्करण के रैपिड शतरंज में अर्मेनिया के हाइक मार्टिरोसयान ने कुल 10 राउंड में से 7 अंक बनाते हुए रैपिड का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के आर प्रज्ञानन्दा , जर्मनी के विंसेंट केमर और वियतनाम के लिएम क्वांग ली ने प्रत्येक 10 में से 5 अंक बनाए पर बेहतर टाई-ब्रेक के अनुसार वह क्रमशः दूसरे से चौथे स्थान पर रहे । प्रज्ञानन्दा के लिए रैपिड अच्छा नहीं बीता और वह केवल विन्सेंट केमर के खिलाफ जीत दर्ज कर सके उन्होंने और उन्हे एकमात्र हार यूएसए के सैम शैंकलैंड खिलाफ मिली जबकि अन्य आठ बाजियाँ उन्होने ड्रॉ खेली। वही जर्मनी के ग्रांडमास्टर अलेक्जेंडर डोंचेंको ने 7 अंक बनाकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता। भारत की आर वैशाली ने 5 अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इहोर समुनेन्खोव (यूक्रेन) और मार्क एंड्रिया मौरिजी (फ्रांस) को हराया।

## प्ले स्पोर्ट्स के ब्रांड एंबेसडर बने सानिया मिर्जा मैरी कॉम और टीवी होस्ट रणविजय सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता और महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 सानिया मिर्जा, छह बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम और मशहूर टीवी होस्ट और अभिनेता रणविजय सिंह ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्ले स्पोर्ट्स से जुड़ गए हैं। प्ले स्पोर्ट का उद्देश्य स्कूलों के साथ काम करके, खेलों को विकसित करके, खेल के बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करके, अकादमियों को चलाकर और जमीनी स्तर से प्रतिभाओं की खोज करके भारत में एक स्थायी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।

अपने सहयोग के बारे में सानिया मिर्जा ने प्ले स्पोर्ट्स की ओर से जारी एक बयान में कहा कि स्कूलों के लिए खेल पाठ्यक्रम विकसित करने की प्ले स्पोर्ट की अनूठी विशेषता ने उन्हें इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य



पहले चरण में दिल्ली एनसीआर और जयपुर में स्कूलों और सोसाइटियों में खेल के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार करना है और फिर इसे पूरे देश में ले जाना है। वे स्कूलों में मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन में भी शामिल हैं और जहाँ कोई नहीं है, वहाँ विभिन्न खेलों के खेल के मैदान विकसित करने के लिए भी है। प्ले स्पोर्ट्स स्कूलों के लिए उपकरण सहायता भी प्रदान करता है और खेल पाठ्यक्रम विकसित करता है। इसने मुझे उनके साथ जुड़ने और उस खेल को वापस देने के लिए प्रेरित किया जिसने मुझे प्रसिद्धि और वैश्विक पहचान दी। पद्म भूषण और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित मैरी कॉम ने कहा, 2036 ओलंपिक 12 साल बाद आयोजित किए जाएंगे और प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य स्कूलों से प्रतिभाओं की खोज करके और उन्हें उचित प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करके ओलंपियनों के अगले बैच को तैयार करना है। मैरी कॉम, जिन्हें अक्सर एक मुक्केबाज के रूप में उनकी दृढ़ता और मानसिक शक्ति के लिए 'शानदार मैरी' के रूप में जाना जाता है, प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

## सर्बियाई राष्ट्रपति ने पेरिस ओलंपिक टीम के लिए किया स्वागत समारोह का आयोजन

**बेलग्रेड।** सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने रविवार को देश की ओलंपिक टीम के लिए एक औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया गया, जिसे वे पेरिस में होने वाले आगामी ओलंपिक खेलों में लेकर जाएंगे। अपने संबोधन में वुसिक ने खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा, मैं ऐसे महान खिलाड़ियों के सामने बहुत नर्वस हूं। मेरा काम आपको ओलंपिक खेलों में शुभकामनाएं देना है। मैं आपको और आपके परिवारों को आपके प्रयासों और त्याग के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं, आपने छुट्टियां मनाने के बजाय प्रशिक्षण लेने का विकल्प चुना, ताकि हमारे देश के लिए कुछ महान हासिल किया जा सके।

## विराट और रोहित खेल सकते हैं वनडे विश्व कप 2027 : गंभीर



*उन दोनों में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है और अगर वे अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं तो वे अगले वनडे विश्व कप में खेल सकते हैं। गौतम गंभीर*



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने श्रीलंका दौरे पर रवाना होने से पहले अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बयान दिए हैं। उन्होंने वनडे विश्व कप 2027 के लिए कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन किया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। गंभीर ने कहा कि उन दोनों में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है और अगर वे अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं तो वे अगले वनडे विश्व कप में खेल सकते हैं।

रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में जीत के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। हालांकि, दोनों खिलाड़ी खेल के अन्य प्रारूपों में खेलना जारी रखेंगे। गंभीर को लगता है कि बड़े टूर्नामेंटों में प्रदर्शन करने की रोहित और विराट की क्षमता आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे और अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में देश के लिए महत्वपूर्ण होगी। गंभीर ने सोमवार को पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने दिखा दिया है कि वे बड़े मंच पर क्या कर सकते हैं। चाहे वह टी20 विश्व कप हो या 50 ओवर का विश्व कप, एक बात जो मैं बहुत स्पष्ट रूप से कह सकता हूं वह यह है कि उन दोनों खिलाड़ियों में बहुत क्रिकेट बाकी है। अगर वे अपनी फिटनेस बनाए रख सकते हैं, तो 2027 वनडे विश्व कप भी खेल सकते हैं।

### 03 दिन काउंट डाउन — पेरिस ओलंपिक



## ओलंपिक में भारत को इन एथलीटों से है पदक की उम्मीद

**नई दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई से ओलंपिक की शुरूआत होगी। खेलों का यह महाकुंभ 11 अगस्त तक आयोजित होगा। भारत के 100 से अधिक एथलीट पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। इनमें से टॉप-10 पदक दावेदारों में नीरज चोपड़ा पहले स्थान पर हैं। भारत इन टॉप-10 दावेदारों से ओलंपिक पदक जीतने की उम्मीद है। पीएम मोदी ने एथलीटों को प्रेरित किया है।

**नीरज चोपड़ा ( जेवलिन थ्रो)**

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा लगातार दूसरा ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचना चाहेंगे। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो नीरज पहले ऐसे भारतीय एथलीट होंगे जिसने दो बाल लगातार गोल्ड मेडल जीता हो। नीरज चोपड़ा ने आखिरी बार 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में हिस्सा लिया था। 85.97 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ उन्होंने वहां स्वर्ण पदक जीता था।

**मेंस हॉकी टीम**

ओलंपिक में भारतीय हॉकी ने कुल आठ बार (1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964, और 1980) स्वर्ण पदक जीता है। वहीं एक बार (1960) सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। ओलंपिक में भारत ने तीन बार (1968,1972 और 2020 में) कांस्य पदक जीता है। पेरिस ओलंपिक में भारत गोल्ड मेडल जीतकर अपना दबदबा फिर से कायम रखना चाहेगा।

**लवलीना बोरगोहेन (बॉक्सिंग)**

लवलीना ने ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता था। हाल ही में उन्होंने चेक गणराज्य में ग्रैंड प्रिक्स टूनार्मेंट में हिस्सा लिया था। यहां वह दो मुकाबले हार गईं और एक बार जीतीं। ग्रैंड प्रिक्स टूनार्मेंट में लवलीना के हाथ सिल्वर मेडल लगा। निखत के साथ वह भी एक महीने के ट्रेनिंग कैंप के लिए जर्मनी के सारब्रुकेन में हैं।

**विनेश फोगाट (कुश्ती)**

कुश्ती चैंपियन विनेश फोगाट जल्द ही स्पेन ग्रैंड प्रिक्स में भाग लेने के लिए मैदान में उतरेंगी। स्पेन में होने वाले कार्यक्रम के बाद वह ओलंपिक की तैयारी के लिए 20 दिनों की ट्रेनिंग के लिए फ्रांस जाएंगी। विनेश फोगाट ने 2020 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई किया था। हालांकि, कोई मेडल भी नहीं जीत सकीं थी।

**पीवी सिंधु (बैडमिंटन)**

साल 2016 रियो समर ओलंपिक में सिल्वर मेडल और साल 2020 टोक्यो ओलंपिक में ब्रांज मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु से भारत को एक फिर पदक की उम्मीद होगी। अगर वह पेरिस में ओलंपिक पदक जीतती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। पीवी सिंधु फिलहाल जर्मनी के सारब्रुकेन में अपने कोच अगुस द्वी सैंटोसो और उनकी टीम के साथ ट्रेनिंग ले रही हैं।

**निखत जरीन (बॉक्सिंग)**

दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन पेरिस ओलंपिक में भी तिरंगा लहराना चाहेंगी। यह उनका पहला ओलंपिक होगा। वह आखिरी बार मई में एलोर्डा कप में खेली थीं जहां उन्होंने गोल्ड जीता था। फिलहाल, निखत जर्मनी के सारब्रुकेन में ओलंपिक सेंटर में एक महीने की ट्रेनिंग पर हैं।

### व्यापार/लाइफ व साइंस

**एलआईसी की नई पॉलिसी है सभी के लिए अच्छी**

# रोजाना ₹45 निवेश कर बना लेंगे ₹25 लाख

### जीवन आनंद पॉलिसी

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी में काफी लोग बड़ा फंड बनाने के लिए निवेश करते हैं। वहीं इसमें निवेश करने से जीवन में कुछ अनहोनी होने पर परिवार को एकमुश्त रकम मिल जाती है जिसका इस्तेमाल वे अपनी जीवनयापन में कर सकते हैं। हालांकि काफी लोग एलआईसी में निवेश से दूरी बनाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इसका प्रीमियम काफी ज्यादा है। ऐसे में एलआईसी की जीवन आनंद नाम की पॉलिसी आपको पसंद आ सकती है। इस पॉलिसी की खास बात है कि इसमें आप रोजाना महज 45 रुपये निवेश करके 25 लाख रुपये का फंड बना सकते हैं। जीवन आनंद पॉलिसी की सबसे खास बात है कि इसमें और भी कई लाभ मिलते हैं। दरअसल, यह एक तरह से टर्म पॉलिसी है। इस पॉलिसी में चार तरह के राइडर्स मिलते हैं। इनमें एक्सीडेंटल डेथ एंड डिसेबिलिटी राइडर, एक्सीडेंट बेनिफिट राइडर, न्यू टर्म इंश्योरेंस राइडर और न्य क्रिटिकल बेनिफिट राइडर शामिल हैं। अगर बीमा धारक की किसी कारण से मृत्यु हो जाती है तो नॉमिनी को पॉलिसी का 125 फीसदी डेथ बेनिफिट मिलता है।

**1 कैसे बनेगा 45 रुपये से 25 लाख का फंड**

मान लीजिए कि आपकी उम्र 30 साल है। आपको 5 लाख रुपये के सम एश्योर्ड की यह पॉलिसी लेनी होगी। ऐसे में आपको इसमें 1341 रुपये महीने का प्रीमियम देना होगा। रोजाना के हिसाब से यह प्रीमियम करीब 45 रुपये होगा। आपको इसमें 35 साल तक निवेश करना होगा। 35 साल के बाद आपको 25 लाख रुपये मिल जाएंगे। इन 25 लाख रुपये में 5 लाख रुपये सम एश्योर्ड के, 8.50 लाख रुपये बोनस और करीब 11.50 लाख रुपये फाइनल एडिशनल बोनस के रूप में मिलेंगे। इस प्रकार कुल 25 लाख रुपये मिलेंगे।

**2 क्या है जीवन आनंद पॉलिसी के फायदे**

- इसमें पॉलिसी धारक को कम से कम 6.25 लाख रुपये का रिस्क कवर मिलेगा। यह बढ़कर 30 लाख रुपये तक हो सकता है।
- इसमें मैच्योरिटी पीरियड 15 साल से 35 साल है। आप अपनी सुविधा के अनुसार मैच्योरिटी पीरियड चुन सकते हैं।
- इस पॉलिसी में दो बार बोनस दिया जाता है, लेकिन इसके लिए आपकी पॉलिसी 15 साल की होनी जरूरी है।
- इसमें न्यूनतम एक लाख रुपये का सम एश्योर्ड होता है। अधिकतम की कोई लिमिट नहीं है।
- इस पॉलिसी में निवेश करने पर इनकम टैक्स छूट का लाभ नहीं मिलता।

यहां ध्यान रखें कि इस पॉलिसी में निवेश करने पर बीमा धारक को किसी भी तरहकी टैक्स छूट का लाभ नहीं मिलता।

## चीन से विदेशी निवेश से ग्लोबल सप्लाई चेन में भागीदारी बढ़ा सकता है भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह बढ़ने से भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। संसद में सोमवार को पेश आर्थिक समीक्षा में कहा गया कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में अपनी भागीदारी को बढ़ाना चाहता है। इसलिए उसे पूर्वी एशिया की अर्थव्यवस्थाओं की सफलताओं तथा रणनीतियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इन अर्थव्यवस्थाओं ने आमतौर पर दो मुख्य रणनीतियों का अनुसरण किया हैङ्घव्यापार लागत को कम करना और विदेशी निवेश को सुगम बनाना।

इसमें कहा गया कि भारत के पास ह्यचीन प्लस वन रणनीति से लाभ उठाने के लिए दो विकल्प हैं.. या तो वह चीन की आपूर्ति श्रृंखला में शामिल हो जाए या फिर चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा दे।


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2023-24 में कहा गया है, इन विकल्पों में से चीन से एफडीआई पर ध्यान केंद्रित करना अमेरिका को भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए अधिक आशाजनक प्रतीत होता है, जैसा कि पूर्व में पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने किया था। इसके अलावा, चीन प्लस वन दृष्टिकोण से लाभ प्राप्त करने के लिए एफडीआई को एक रणनीति के रूप में चुनना, व्यापार पर निर्भर रहने की तुलना में अधिक लाभप्रद प्रतीत होता है।

## आर्थिक सर्वेक्षण के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र काफी उठापटक भरा रहा। कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स 102 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 80,502 और निफ्टी 21 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 24,509 अंक पर बंद हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसमें जीडीपी विकास दर चालू वित्त वर्ष में 6.5 से लेकर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में कारोबारी सत्र में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 716 अंक या 1.28 प्रतिशत बढ़कर 56,624 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 165 अंक या 0.90 प्रतिशत बढ़कर 18,563 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एमएंडएम, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, एलएंडटी, मारुति सुजुकी और इन्फोसिस टॉप गेनर्स थे। विप्रो, रिलायंस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और एसबीआई टॉप लूजर्स थे। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, मेटल और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं।

## विप्रो के शेयर में करीब 9% की गिरावट

**बीएसई पर शेयर 8.79 प्रतिशत गिरकर 508.25 रुपये पर आ गया**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनी विप्रो के शेयर में सोमवार को करीब नौ प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर शेयर 8.79 प्रतिशत गिरकर 508.25 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह 8.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 508.20 रुपये पर रहा।

एनएसई निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों में से विप्रो का शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहा। विप्रो ने हाल ही में जानकारी दी थी कि उसका कंसॉलिडेटिड नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु की कंपनी की आय हालांकि 2024-25 की पहली तिमाही में 3.8 प्रतिशत घटकर 21,963.8 करोड़ रुपये रही। अप्रैल-जून तिमाही (द1) में कंपनी का मुनाफा बाजार की उम्मीद से ज्यादा रहा, मगर रेवेन्यू में गिरावट देखने को मिली। जून तिमाही में विप्रो का रेवेन्यू 3.8 फीसदी कम होकर 21,964 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 22,831 करोड़ रुपये रहा था। विप्रो का ग्रॉस रेवेन्यू तिमाही आधार पर तुलना करें तो जून तिमाही के दौरान 1.1 फीसदी गिर गया।

## देश में 2030 तक सालाना 78.5 लाख नौकरियों का सृजन करने की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में बढ़ते कार्यबल को देखते हुए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। संसद में सोमवार को पेश 2023-24 के इकनॉमिक सर्वे में यह कहा गया है। इकनॉमिक सर्वे में नौकरियों की संख्या का एक व्यापक अनुमान दिया गया गया है। बढ़ते कार्यबल के लिए इन नौकरियों को देश में सृजित करने की जरूरत है। इसमें कहा गया कि कामकाजी उम्र में हर कोई नौकरी की तलाश नहीं करेगा। उनमें से कुछ खुद का रोजगार करेंगे और कुछ नियोक्ता भी होंगे। इकनॉमिक सर्वे में कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि नौकरियों से ज्यादा आजीविका पैदा करने के बारे में है। इसमें कहा गया है कि कार्यबल में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी धीरे-धीरे घटकर 2047 में 25 प्रतिशत रह जाएगी, जो 2023 में 45.8 प्रतिशत थी। इकनॉमिक सर्वे में कहा गया है, परिणामस्वरूप, भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। इसमें सुझाव दिया गया है कि गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिवर्ष 78.5 लाख नौकरियों की मांग में पीएलआई योजना (5 वर्षों में 60 लाख रोजगार सृजन), मित्र कपड़ा योजना (20 लाख रोजगार सृजन) और मुद्रा जैसी मौजूदा योजनाएं पूरक भूमिका निभा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि बढ़ते कार्यबल को संगठित रूप देने, उन क्षेत्रों में रोजगार सृजन की सुविधा प्रदान करने, जो कृषि से स्थानांतरित होने वाले श्रमिकों को अपना सकते हैं।

# एक नजर

## मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत



**पलामू।** मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के 85 वर्षीय एक कैदी की एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। वह हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा था। कैदी की पहचान गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के सरोईकाला के रहने वाले रामदेव कोरवा पिता फिरंगी कोरवा के रूप में हुई है। रामदेव को उम्रकैद की सजा हुई थी। तीन वर्ष से सेंट्रल जेल में कैद था। उम्र ज्यादा होने के कारण बीमार रह रहा था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी कैदी के परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया जाएगा।

## पलामू जिला सचिव बने नवीन, गढ़वा जिला अध्यक्ष बने राजेश



**हरिहरगंज।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के पलामू जिला सचिव नवीन कुमार सिंह तथा गढ़वा जिला अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा को मनोनीत किया है। पलामू के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह व रांची के जिला अध्यक्ष आलोक सिंह के अनुशंसा पर उक्त दोनों को मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर रांची में एक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन श्राप के द्वारा सर्वसम्मति से उन्हें यह दायित्व सौंपा गया। नवजल अध्यक्ष को प्रमाण-पत्र एवं आई कार्ड सौंपा। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संघ के उद्देश्यों से अवगत कराया। कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य मानवहित के कार्य करना है। इसकी शुरूआत सबसे पहले अपने घर व परिवार के बीच से करें। लोगों के दुखः-सुख में बराबर के हिस्सेदार बनना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## पांकी के डंडार कला गांव में सर्पदंश से युवक की हुई मौत

**पांकी।** पांकी प्रखंड के डंडार कला पंचायत के डंडार कला बिचला टोला निवासी संतोष भुईया उम्र लगभग 31 वर्ष की सर्पदंश से मौत हो गई, प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात संतोष भुईयां को घर के समीप करैत सांप ने काट लिया था, घटना के बाद से उसकी हालत बिगड़नी शुरू हो गई थी लेकिन उनके परिजनों ने झाड़ फूंक के चक्कर में इधर-उधर ले जाकर समय नष्ट कर दिए, जब उसकी हालत और ज्यादा बिगड़ने लगी तो उसे लातेहार के तुम्बागड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मुख्यमंत्री रोजगार शिविर में 329 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का विशेष शिविर लगाया। जिसमें 329 बेरोजगार युवक युवतियों ने रोजगार के लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में मौजूद बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने कहा कि प्रखंड के बेरोजगार युवक- युवतियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ मिलेगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों की ऑन स्पॉट एंट्री की गयी। इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों को व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की ओर से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। वही पिपरा प्रखंड परिसर में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी के उपस्थिति में शिविर लगाया गया। जिसमें 120 बेरोजगार युवक युवतियों ने रोजगार के लिए रजिस्ट्रेशन कराया।

# पलामू के 315 अनुसचिवीय कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे पलामू जिले में सरकारी कामकाज ठप हो गया है। सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसर गया है। अपनी 9 सूत्री मांगों पर जोर देने के लिए पलामू के कर्मियों ने समाहरणालय के समक्ष धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना देने से पहले घूम-घूम कर प्रदर्शन किया और सरकार को स्पष्ट तौर पर कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उनकी 9 सूत्री मांगों में निम्नवर्गीय लिपिक के ग्रेड वेतन को 1900 से बढ़कर 2400, उच्चवर्गीय लिपिक का ग्रेड वेतन 4200, प्रधान लिपिक का ग्रेड वेतन 4600, कार्यालय अधीक्षक का ग्रेड वेतन 4800 तथा प्रशासी अधिकारी का ग्रेड वेतन 5400 करने और पद सृजन की कार्रवाई करने सहित अन्य शामिल हैं।





सरकारी कामकाज ठप

## पाटन बीडीओ के निरीक्षण में पंचायत सचिवालय मिला बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** सोमवार को पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने काके कला पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पंचायत सचिवालय के गेट मे ताला लटका हुआ पाया। उन्होंने बंद होने का कारण पूछा, तो किसी ने नहीं बताया। पंचायत सचिवालय बंद रहने पर बीडीओ ने पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी का 1 दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। इसी पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र भी चलता



था जो की वह भी बंद पाया गया। बीडीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालक को हटाने का आदेश दिया है। उन्होंने जांच क्रम में कहा कि पंचायत भवन में पंचायत के कर्मी उपस्थित रहेंगे। नहीं रहने वाले पंचायत कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। मोके पर जीपीएस अहमद हुसैन उपस्थित थे।

## किशुनपुर का पशु चिकित्सालय राम भरोसे, हमेशा रहता है बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन के किशुनपुर में स्थित पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सालय बंद रहता है। झारखंड सरकार के करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे है। लेकिन आम नागरिकों को सुविधा नहीं मिल पा रहा है। अभी अषाढ़, सावन महीने में पशु ज्यादातर बीमार पड़ते हैं। गरीब वर्ग के लोगों सरकारी दवा पर निर्भर रहते हैं। पशु चिकित्सालय कर्मी के लापरवाही के कारण कई पशुओं की मौत हो जाती है। जहां पर पशु चिकित्सालय भवन है। उसी के 100 मी एक प्राइवेट मेडिकल स्टोर खुला रहता है। जब लोग पशु चिकित्सालय में दवा लेने जाते हैं तो वह बंद पड़ा हुआ मिलता है। और लोगों को मजबूरी में प्राइवेट मेडिकल से




ओने पौने दाम में दवा लेना पड़ता है। और उसी में पशुपालन विभाग के कर्मी का कमीशन बंधा हुआ रहता है। इस पशु चिकित्सालय के पशुपालन पदाधिकारी प्रखंड क्षेत्र में सप्ताह में एक-दो दिन आते हैं। पशु चिकित्सालय में दवाई एक्सपायर होने पर फेक दिया जाता है। समय पर कोई भी पशु को दवा वितरण नहीं किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस समस्या से परेशानी जूझते हैं।

# न्यूज बॉक्स

## निर्माणाधीन फोरलेन मुख्य पथ में आई दरार, खोल रही अनियमितता की पोल



**नावाबाजार पलामू।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत भोगू से शंखा गांव तक एनएच-39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य भारत वाणिज्य इस्टर्न कंपनी लिमिटेड के द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण अधिनियम फोरलेन मुख्य पथ पर कई जगह दरार आ गए हैं। जो घटिया निर्माण कार्य व कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने की पोल खोल रहा है। एक तरफ सड़क का निर्माण कार्य जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सड़क कई जगह दब रहे है। साथ हीं कई जगह दरार भी आ गई है। भारत इस्टर्न कंपनी लिमिटेड के द्वारा पिछले दो वर्षों से युद्ध स्तर पर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में खेत से उठाकर काली मिट्टी डाली गई है। जबकि मौरंग मिट्टी व फ्लाई ऐश डस्ट का उपयोग किया जाना था। साथ ही इसके बाद दो-तीन लेयर जीएसबी डालते हुए हाई प्रेशर मशीन से दबाया जाना है।? जिससे सड़क में दरार न आए व सड़क कहीं दबे नहीं। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। अगर ऐसा होता तो सड़कों में दरार नहीं आता। लेकिन कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में नियमों को ताक पर रखकर सब कुछ अनदेखा करते हुए केवल निर्माण कार्य की औपचारिकता पूरी की जा रही है।

## बसपा झारखंड के सभी विधानसभा सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारेगी : मनीष सिंह

**श्री बंशीधर नगर।** बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को स्थानीय अनिकेत पैलेस में सम्पन्न हुई बैठक को सम्बोधित करते हुये बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव मनीष सिंह ने कहा कि बसपा झारखंड के सभी विधान सभा सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारेगी और पूरे दम खम के साथ चुनाव लडेगी। अब तक कुछ विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी गयी है। प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने कहा की 81 सीटों में से कुछ जगह बीएसपी अच्छी स्थिति में है उन्होंने दावा किया की कई जगह बसपा के पक्ष में चौकाने वाले परिणाम आएंगे उन्होंने कहा कि 81 विधानसभा सीटों के लिये उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द किया जायेगा।

# पहली सोमवारी को प्रखंड के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** सावन माह के पहली सोमवारी को प्रखंड के सभी शिवालय भक्तों से गुलजार रहा। सुबह से शाम तक जलाभिषेक को लेकर उनके दरबार में भक्तों की भीड़ लग रही। भक्तों में खासकर महिला भक्त में जलाभिषेक को लेकर काफी उत्साह और उमंग रहा। सभी महिला भक्तों ने विधि-विधान व मंत्र उच्चारण के साथ उनका पूजा अर्चना किया साथ ही उनके सर पर जलाभिषेक करने का काम किया। उधर क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालय लवाही गांव स्थित मँगरदः महादेव पर भी सोमवार की अहले सुबह से जलाभिषेक को लेकर भक्तों की लंबी लाइन लग गई। एक-एक कर भक्तजन महादेव पर जलाभिषेक किया। इस बीच कांवर व डाक बम के भक्तों को भी वहां पर बड़ी संख्या में जलाभिषेक को लेकर आते देखा गया। उन में कई महिलाएं भी कांवर व डाक बम के साथ जलाभिषेक को लेकर बाबा मँगरदः महादेव के दरबार में पहुंचे। पूछने पर उक्त भक्तों ने बताया कि हम सभी यहां से 30 किलोमीटर दूर धुरकी प्रखंड के बाल चौरा गांव स्थित कनहर नदी से जल उठाकर जलाभिषेक के लिए बाबा के दरबार में पहुंचे हैं । उन्होंने बताया कि हर वर्ष के सावन माह में हम सभी इसी तरह कंधों पर जल लेकर बाबा के दरबार में पहुंच जाते हैं।जलाभिषेक को लेकर बालचौरा नदी से बाबा के दरबार में पहुंची महिला भक्त रितु ,अनिमा, मालती ने बताया कि हम सभी को बाबा मँगरदः महादेव पर पूरा आस्था हो गया है । हम सभी के मन में जो भी रहता है उसको लेकर बाबा के दरबार पहुंच उनके उर माता टेक उनसे मन्नत मांगते हैं और वह वर्ष के अंत तक पूरा भी हो जाता है । बाबा की शक्ति इतनी बड़ी है कि सुनकर दूर दूर के लोग भी प्रत्येक वर्ष उनके दरबार में अब पहुंचने लगे हैं । वही मंदिर कमेटी की ओर से कांवर व डाक बम भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। उनके लिए जहां मीठा जलपान की व्यवस्था की गई थी वहीं स्नान के लिए स्नानागार से लेकर कई झरनों का भी उपबंध किया गया था।



## शिव भक्तों ने कलश स्थापना कर ठाकुरबाड़ी के शिव मंदिर में गंगा जल से किया जलार्पण

**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत सिदूरवर्ती इलाका पंचायत डगरा निवासी समाज सेवी शिव भक्तों ने सावन पूर्णमः के पहली सोमवारी को सामूहिक कलशस्थपना का आयोजन कर डगरा जमुना नदी से कलश में जल भरकर संकल्प कर डगरा के प्रसिद्ध अंताकाला ठाकुर बारी मंदिर में जल को सत्यापन कर प्रस्थान दिया। वही डगरा पंचायत समाज सेवी वार्ड सदस्य राकेश सिंह, पूर्व मुखिया सिकेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, सूर्य देव सिंह, रामजन्म साहू, बाबूराम सिंह, अरुंजय सिंह, जय सिंह, जनक सिंह, कलस स्थापना के दौरान मौजूदा उपस्थित थे।



## सावन के पहले दिन शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में श्रावण माह की पहली सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के बाजार स्थित शिव मंदिर, राजडंडा शिव मंदिर, समेत रामपुर, चटकपूर व बरदौनी समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल चढ़ाया। इस अवसर पर महिला, पुरूष व बच्चों की खासी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने जलाभिषेक कर अपने , अपने परिवार की सुख-शांति की कामना की। बेलटोली गांव स्थित सरना स्थल (शिव मंदिर) व छठ घाट स्थित शिवाला मंदिर में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

## नावा जयपुर थाना प्रभारी ने सुरक्षा को लेकर शिवालय का किया निरीक्षण

**पाटन।** पाटन के नावा जयपुर में सावन के प्रथम सोमवारी को लेकर शिवालय में उमड़ी भीड़। नावा जयपुर के रोल गाँव मे सावन के प्रथम सोमवारी को लेकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा भी निकाली गईं। श्रीधालू की जयकारा हर हर महादेव से गुंजा पूरा क्षेत्र। इस अवसर पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने अपने दल बल के साथ हर गांव के शिवालयों पर विशेष निगरानी रखी।

# पहली सोमवारी पर कुंदा महादेव मठ में जलाभिषेक को उमड़ी भीड़

### प्राकृतिक सौंदर्य से भरा है तीर्थ स्थल महादेव मठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा(चतरा)।** श्रावण की पहली सोमवारी पर ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना कर जलाअभिषेक किया। जलाभिषेक करने को लेकर शिवभक्तों का मठ में आना अहले सुबह से शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण सोमवारी पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करना खास माना जाता है इन दिनों में भगवान शिव को दूध,जल बेलपत्र इत्यादि अर्पित करने से भक्त की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। ज्ञात



हो की चारों ओर पहाडो पर हरे वृक्ष एवं पहाड़ों के बीच से बहती धीमी-धीमी जलधारा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यह स्थल आधुनिकता से दूर प्राचीन ग्रामीण परिवेश में अवस्थित है जिसके कारण यहां शांत वातावरण से भक्तों को बेहद सुखद अनुभूति प्राप्त होती है। बताया जाता है की यहाँ पत्थरों को तारास कर गुफा का निर्माण किया गया है जिसमे भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है, जहाँ पर बड़े पैमाने पर, सावन पूर्णिमा व शिवरात्रि के अवसर पर दूर दराज से जलाभिषेक करने को लेकर शिव भक्त पहुंचते है। वही श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थ स्थल में व्यापक पैमाने पर अखंड हरि कीर्तन व भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।

## हुसैनाबाद में पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सावन की पहली सोमवारी को हुसैनाबाद के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा अर्चना की। शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान भोले की लिंग पर भांग, धतूरा, बिल्वपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी



स्थित शिव मंदिर, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम व कुम्हार टोली शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# आफत : अच्छी बारिश नहीं होने सें किसानों की बढ़ी चिंता, खेतों में पड़ने लगीं दरारें

## खरीफ फसल में धान की खेती केवल बारिश पर ही निर्भर करती है

**नवीन मेल सवाददता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे मानसून की बेरुखी से किसानों की चिंता बढ़ गई है बारिश के अभाव में धान के बिचड़े खराब हो रहे हैं जुलाई महीना खत्म होकर सावन की महीना शुरू होने के बाद भी अभी तक खेत और तालाब सूखे पड़े हैं। इस कारण किसानों के मन में अनिश्चितता का भाव पैदा हो रहा है। अभी तक खेती करने लायक बारिश नहीं हुई है। जिससे खरीफ फसलों की बुवाई तो दूर किसान खेतों की तैयारी भी नहीं कर पा रहे हैं आद्रा नक्षत्र में प्रखंड में सिर्फ बूंदाबांदी बारिश हुई है। प्रखंड के मुख्यालय सहित फूलसु, डाढ़ा, बालूभाँग, शिबला, गोनिया, साल्वे, टोटी, अमरवाडीह इन सभी पंचायत में बारिश अच्छी तरह से नहीं होने से सभी किसानों की खेतों में दरार पड़ा हुआ है और बिचड़ा का रंग पीला हो रहा है। खरीफ फसल में धान की खेती केवल बारिश पर ही निर्भर करती है सिंचाई के साधन होने के बावजूद जब तक बारिश की बूंदे फैसले पर नहीं पड़ती है तब तक उनका उत्पादन अच्छा से नहीं होता है।

यह प्राकृतिक स्थिति है इस बार मौसम ने अपना रूख मोड़ लिया है। आसमान से रातों में तारा दिखाई देने लगा है। बादल दिनभर उमड़ घूमड़ रहा है लेकिन जमकर बारिश नहीं हो रहा है झमाझम बारिश नहीं होने से किसान के साथ आम लोग भी चिंतित है मानसून की झमाझम बारिश नहीं होने से किसान का बिचड़ा पीला रंग का होने लगा है।



**खेतों में पड़ी है दरार किसानों को सताने लगा है डर** : किसान दहशत में है धान के बिचड़े को जैसे तैसे करके तैयार तो कर लिया है लेकिन बारिश नहीं होने से खेतों में अभी दरार पड़े हुए हैं किसान सूखे की संभावना से डरे हुए हैं मौसम का मिजाज देखकर किसानों को कुछ सूझ नहीं रहा है। किसानों के साथ आने वाला दिन में भी यही स्थिति रही तो किसानों के लिए एक बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है।

## मच्छर का प्रकोप बढ़ने सें डीडीटी छिड़काव की मांग

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे एक सप्ताह पूर्व हुए हल्की बारिश के बाद एकाएक बारिश बंद होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। बारियातू मुख्यालय सहित सिबला, टोटी, फूलसु, डाढ़ा, बालूभांग, गोनिया, साल्वे, अमरवाडीह सभी नौ पंचायत क्षेत्रों मे एक सप्ताह पूर्व बारिश हुई थी। एकाएक बारिश बंद होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों मे मछरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे लोगों मे परेशानी हो रही है। मच्छर के प्रकोप को नियंत्रण करने के लिए प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीडीटी छिड़काव कराया जाता है। इस वर्ष छिड़काव शुरूआत नहीं की गई है। ससमय छिड़काव नहीं कराये जाने से दिन प्रतिदिन और भी मछरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से डीडीटी छिड़काव कराने का मांग किया है

## पेज एक का शेष

**मुद्रास्फीति काफी हद...**

जून में एक नई सरकार ने पदभार संभाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग को मिला अभूतपूर्व तीसरा लोकप्रिय जनादेश राजनीतिक और नीतिगत निरंतरता का संकेत देता है। सर्वे में कहा गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने में मजबूती दिखा रही है। मुख्य मुद्रास्फीति दर काफी हद तक नियंत्रण में है। हालांकि कुछ खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दर बढ़ी हुई है। वित्त वर्ष 2024 में व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2023 की तुलना में कम था, और वर्ष के लिए चालू खाता घाटा जीडीपी का लगभग 0.7 प्रतिशत है। चालू खाते ने वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में अधिशेष दर्ज किया। सर्वे में कहा गया है, विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त है। सार्वजनिक निवेश के चलते पिछले कई वर्षों में पूंजी निर्माण बना है, जबकि निजी क्षेत्र ने अपनी बैलेंस शीट की समस्याओं को दूर किया और वित्त वर्ष 2022 में निवेश करना शुरू किया। अब उसे सार्वजनिक क्षेत्र से कमान लेनी होगी और अर्थव्यवस्था में निवेश की गति को बनाए रखना होगा। सर्वे में कहा गया है कि संकेत उत्साहजनक हैं।

**200 यूनिट बिजली...**

इसके लिए लाभुकों का आवेदन लेने के लिए बहुत जल्द पूरे राज्य में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को साहिबगंज जिले के राजमहल में आयोजित योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इस दिशा में हमारी सरकार ने कई आयाम जोड़े हैं तो कई नए आयाम जोड़ने का काम हो रहा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है। आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में पूरी मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को श्रावणी माह के शुभारंभ एवं पहली सोमवारी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

**राहत फतह अली ने...**

इस बीच राहत फतह अली खान ने कहा है कि मैं गिरफ्तार नहीं हूं। सिंगर ने इन आरोपों को फर्जी बताते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कहा है कि मैं राहत फतेह अली खान हूं, मैं दुबई गाने रिकॉर्ड करने आया था और सब कुछ ठीक है। मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि बेबुनियादी अफवाहों पर ध्यान न दें। ये खबरें सच नहीं हैं। मैं जल्द ही अपने भारत लौटूंगा और आपको नए गाने से सरप्राइज दूंगा। वीडियो में वह अपने होटल के कमरे की बालकनी में बैठे दिख रहे हैं और बैकग्राउंड में बुर्ज खलीफा दिख रहा है।

**सहायक पुलिसकर्मियों का...**

मानदेय बढोत्तरीः समिति की ओर से सरकार को इनके की अनुशंसा का निर्णय लिया गया है साथ ही समिति के जरिये यह भी निर्णय लिया गया कि आरक्षी पुलिसकर्मी को सलाना अनुमान्य वर्दी भत्ता के समतुल्य राशि की स्वीकृति देने पर सरकार से अनुशंसा की गई। संविदा अवधि का विस्तारणः सहायक पुलिस कर्मियों के वर्तमान में समाप्त हो रहे संविदा अवधि की तिथि से अगले एक वर्ष के लिए संविदा अवधि के विस्तारण का निर्णय समिति द्वारा लिया गया, जिसकी अनुशसा सरकार से की गई। मातृत्व अवकाशः समिति द्वारा मानवीय आधार पर अनुमान्य मातृत्व अवकाश की स्वीकृति महिला सहायक पुलिस कर्मियों को देने पर सरकार से अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया है। आर्थिक लाभ : काम के दौरान बीमार होने पर पहले 50 हजार देने का प्रावधान था लेकिन अब एक लाख रुपये और काम के दौरान मौत होने पर एक लाख के जगह चार लाख रुपये दिये जाने पर सहमति बनी।

**लोकसभा में 20...**

इसके साथ ही स्पीकर ओम बिरला ने बीएसी की बैठक में यह आश्वासन भी दिया कि नेताओं को सदन में अपनी बात रखने और मुद्दे उठाने का पूरा मौका दिया जाएगा। लेकिन, सांसदों को भी सदन का माहौल बिगाड़ने से बचना चाहिए।

**यूपी में कांवड़...**

राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार, राज्य भर में सभी खाद्य दुकानों, भोजनालयों और फूड जॉइंट्स को मालिकों/प्रोपराइटरों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने वाली नेमप्लेट लगानी होगी। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा करने वाले हिंदू श्रद्धालुओं की आस्था की पवित्रता बनाए रखने के लिए आदेश जारी करने की बात कही गई थी। आदेश के अनुसार, यात्रा मार्ग पर हलाल प्रमाणन वाले उत्पाद बेचने वालों पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जानी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

ब्रीफ न्यूज

## भूकंप से दहला जापान का इबाराकी प्रांत, रिक्टर स्केल पर 4.8 रही तीव्रता

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के उत्तर-पूर्व में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापानी मौसम विभाग ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10:07 बजे भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 4.8 दर्ज की गई। हालांकि, भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। लेकिन, झटकों के बाद लोग सहम गए और घरों से निकल कर सड़क पर आ गए। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, "भूकंप की गहराई का केंद्र 90 किलोमीटर था। जो उत्तरी इबाराकी प्रांत के 36.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 140.8 डिग्री पूर्वी देशांतर के करीब आया। भूकंप के झटके मध्य टोक्यो तक महसूस किए गए, लेकिन मौसम विभाग की ओर से सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई।

## डेमोक्रेटिक पार्टी से नामांकन के लिए कमला हैरिस का अभियान तेज

**वाशिंगटन।** जो बाइडेन के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के बाद अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस



ने इस पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन प्राप्त करने का अपना अभियान तेज कर दिया है। हैरिस ने पार्टी के सांसदों, नेताओं, अधिकारियों और बाहरी समर्थन समूहों से संपर्क स्थापित करना शुरू कर दिया है। हैरिस ने कुछ ही समय में कुछ महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त कर लिए हैं।

## गाजा शिविर पर इजरायल ने एक हफ्ते में 63 बार बमबारी की : हमास

**गाजा।** हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने सात दिनों में नुसेरात के शरणार्थी शिविर पर 63 बार बमबारी की है, जिसमें 91 फिलिस्तीनी मारे गए और 251 अन्य घायल हो गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने रविवार को शरणार्थी शिविर में लगातार हो रही हत्याओं के लिए इजरायल और अमेरिकी प्रशासन को "पूरी तरह से जिम्मेदार" ठहराया, जहां वर्तमान में विस्थापितों समेत लगभग 250,000 लोग रह रहे हैं।

# सरकार के फैसले का भाजपा ने किया स्वागत, प्रतिबंध को बताया असंवैधानिक

### आरएसएस की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने का मामला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे 58 साल पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। सरकार के इस फैसले का (भाजपा) ने स्वागत किया है। भाजपा ने आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबंध को असंवैधानिक बताया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि 58 साल पहले 1966 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में भाग लेने वाले सरकारी कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगाने वाले असंवैधानिक आदेश को मोदी सरकार ने वापस ले लिया है। मूल आदेश पहले ही पारित



नहीं किया जाना चाहिए था। यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया क्योंकि 7 नवंबर 1966 को संसद पर बड़े पैमाने पर गौ-हत्या विरोधी प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस-जनसंघ ने लाखों की संख्या में समर्थन जुटाया था। पुलिस फायरिंग में कई लोग मारे गये थे। 30 नवंबर 1966 को, आरएसएस-जनसंघ के प्रभाव से आहत होकर, इंदिरा गांधी ने सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर दशकों पहले प्रतिबंध लगाना ही असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक था। अब बैन हटाया गया है यह स्वागत योग्य कदम है, देश के लिए बहुत अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदैव ही राष्ट्र सर्वप्रथम राष्ट्र को सर्वप्रिय मानने वाला रहा है। समाज के सभी वर्गों में सभी क्षेत्रों में राष्ट्रवादी, देश के लिए सब कुछ न्योछावर करने वाले नागरिक आगे रहे हैं। कई बार देश के न्यायालय ने भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठन और उसकी सांस्कृतिक कल्पना, देश के लिए किया जा रहे हैं।

### पिछले दरवाजे से संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही सरकार : खड़गे

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि केंद्र सरकार सरकारी दफ्तरों में आरएसएस की विचारधारा को लागू कर संविधान के साथ 'पिछले दरवाजे' से छेड़छाड़



करना चाहती है। 1947 में आज ही के दिन भारत ने अपना राष्ट्रीय ध्वज अपनाया था। आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और सरदार पटेल ने उन्हें इसके खिलाफ चेतावनी दी थी। 4 फरवरी 1948 को गांधी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। खरगे ने पोस्ट में आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिबंध हटा दिया है। नरेंद्र मोदी सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटाकर, सरकारी दफ्तरों के कर्मचारियों को विचारधारा के आधार पर विभाजित करना चाहती है।

### कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से लगाया था गलत प्रतिबंध : पीयूष

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आरएसएस को देशभक्त और सांस्कृतिक संगठन बताते हुए कहा है कि कांग्रेस



ने राजनीतिक कारणों से गलत प्रतिबंध लगाया था और मोदी सरकार ने इस गलती को सुधार दिया है। कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों की आलोचना को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष को सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति में दिलचस्पी रहती है, वे विशेष समुदाय के लिए अलग मापदंड रखते हैं और हिंदू समाज के लिए उनका रवैया नकारात्मक रहता है।

## बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता : वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में शामिल जदयू के सांसद रामप्रीत मंडल ने लोकसभा में अपनी ही सरकार से पूछा कि क्या वह बिहार और शेष ऐसे राज्यों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए विशेष राज्य का दर्जा देना चाहती है? अगर सरकार ऐसा विचार रखती है तो बताइए और नहीं रखती है तो इसका कारण स्पष्ट करे। जिस पर वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने इसपर प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए नकारात्मक और सीधा जवाब दिया। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने रामप्रीत मंडल के सवाल के जवाब में बताया- राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने पहले कुछ राज्यों को योजना सहायता के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा प्रदान किया था। उन राज्यों में कुछ विशेष परिस्थितियां थीं, जिनके आधार पर यह किया गया था। यह निर्णय उन सभी कारकों और राज्य की विशिष्ट स्थिति के एकीकृत विचार के आधार पर लिया गया था। विशेष श्रेणी के दर्जे के लिए बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) ने पहले भी विचार किया था, जिसने 30 मार्च, 2012 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

## आठवीं पास ने नई कोड जेनरेट कर 10 लग्जरी कारें चुराई, गिरोह के पास 200 से ज्यादा कारें

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईसीएम (इलेक्ट्रॉनिक कंटेंट मैनेजमेंट) मशीन को री-प्रोग्राम कर नई कोड जनरेट कर डुप्लीकेट चाबी से लग्जरी वाहनों की चोरी करने वाले एक गिरोह का नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने खुलासा किया है। कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने सरगना समेत इस गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 10 कार बरामद हुई हैं। इनमें नोएडा के सेक्टर 122 से चोरी गई फॉर्च्यूनर भी शामिल है। नोएडा के डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम ने वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान संभल निवासी खलील, मोनू कुमार, करनाल हरियाणा निवासी सोनू, लुधियाना पंजाब निवासी राजेश कक्कड़, आजमगढ़ निवासी अली शेर उर्फ इमरान और करनाल हरियाणा निवासी प्रमोद के रूप में हुई है। इस गिरोह का सरगना सोनू है, जो आठवीं पास है। सोनू वाहनों के इलेक्ट्रॉनिक लॉक को हैक करने में एक्सपर्ट है और यह लोग की प्रोग्रामिंग पैड ऑनलाइन मंगा कर ईसीएम को री प्रोग्राम कर लेते थे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक चाबी बनाकर वाहनों की चोरी कर लेते थे। पूछताछ में पता चला है कि इस गिरोह ने 200 से अधिक चार पहिया वाहनों की चोरी की है और चोरी के वाहनों को यूपी के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से लेकर देश के कई राज्यों में बेच देते थे

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** टेक्सटाइल इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी का एक बड़ा रिसर्च क्षेत्र है, जो कपड़ा निर्माण की प्रक्रिया में शामिल टेक्सटाइल फैब्रिक और यार्न के उत्पादन की सभी गतिविधियों से संबंधित है। टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में फाइबर, कपड़ा और परिधान प्रक्रियाओं, कपड़ों के उत्पादों और मशीनरी के सभी पहलुओं को डिजाइन और नियंत्रित करना शामिल है। टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में मैन्युफैक्चरिंग के कई पहलु शामिल हैं जैसे- प्रोसेस इंजीनियरिंग, आर एंड डी, प्रोडक्शन कंट्रोल, टेक्निकल सेल्स, क्वालिटी कंट्रोल और इक्विपमेंट, फैब्रिक और सूत को बनाने वाली प्रक्रिया आदि।

### एंप्लॉयमेंट एरिया

- गवर्नमेंट डिपार्टमेंट्स
- कॉलेजेस और यूनिवर्सिटीज
- रिसर्च इंस्टीट्यूट
- टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज
- मेडिकल इंडस्ट्री
- क्लॉथिंग इंडस्ट्री



### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग

- **करियर की संभावना:** टेक्सटाइल के क्षेत्र में अपना करियर शुरू करने के लिए ग्रेजुएट्स के लिए नौकरी के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। टेक्सटाइल टेक्नोलॉजिस्ट, प्रोसेस इंजीनियर, क्वालिटी कंट्रोल सुपरवाइजर आदि कुछ जॉब प्रोफाइल उपलब्ध हैं।
- **पैकेज:** कोर्स में ग्रेजुएट्स के लिए शुरुआती औसत वेतन INR 4-6 लाख के बीच है, जो इंडस्ट्री में काफी अच्छा माना जाता है।
- आगे की पढ़ाई के लिए स्कोप भी उपलब्ध हैं जैसे एमटेक/एमई या यहां तक कि पीएचडी के बाद टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी जैसी विशेषज्ञता के साथ भी उपलब्ध हैं।

# टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में बना सकते हैं करियर

### टेक्सटाइल इंजीनियर की जिम्मेदारियां

- टेक्सटाइल इंजीनियर विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित वस्त्रों, फर, चमड़े, प्लास्टिक और धातुओं के साथ काम करते हैं।
- वह डिजाइनर कपड़े, साज-सामान जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए नए तरीकों से वस्त्र विकसित करने के लिए जिम्मेदार हैं।
- इंजीनियर कपड़ा, फाइबर और अन्य सम्बंधित सामग्री के उत्पादन, विपणन और खरीद पर तकनीकी और नवीन सलाह देते हैं।
- टेक्सटाइल इंजीनियर निर्देशों के अनुसार फाइनल प्रोडक्ट बनाने के लिए नमूने तैयार करते हैं, डिजाइन में संशोधन करते हैं, मूल्यांकन करते हैं और आपूर्तिकर्ताओं से कपड़े का चयन करते हैं।
- यह सुनिश्चित करना टेक्सटाइल इंजीनियरों का कर्तव्य है कि अंतिम उत्पाद की अच्छी तरह से जाँच करें।



### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कोर्सेज

- बीटेक इन केमेस्ट्री
- बीई इन टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी
- बीटेक इन मेन मेड फइबर टेक्नोलॉजी
- डिप्लोमा इन टेक्सटाइल इंजीनियरिंग
- बीटेक इन टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी
- बीटेक इन टेक्सटाइल एंड कार्पेट टेक्नोलॉजी
- डिप्लोमा इन फेबरिकेशन इंजीनियरिंग
- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन टेक्सटाइल
- टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के लिए भारतीय संस्थान
- आईआईटी दिल्ली
- कॉलेज ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, पश्चिम बंगाल
- मुंबई विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र
- एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
- वीआईटी वेल्लोर, तमिलनाडु
- भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान हावड़ा, पश्चिम बंगाल
- मणिपाल उच्च शिक्षा अकादमी मणिपाल, कर्नाटक
- कपड़ा विभाग, आईआईटी, दिल्ली
- एसएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी एंड पॉलिटेक्निक कॉलेज, तमिलनाडु
- सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली
- एलडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गुजरात

### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के प्रकार

- टेक्निकल टेक्सटाइल
- कंप्यूटर एप्लिकेशन इन टेक्सटाइल
- फैब्रिक मैन्युफैक्चरिंग
- फैब्रिक टेस्टिंग
- टेक्सटाइल केमिकल टेक्नोलॉजी
- टेक्सटाइल फाइबर
- केमिकल प्रोसेसिंग
- निटिंग
- स्किल्स
- आर्टिस्टिक्स एंड क्रिएटिव स्किल्स
- नॉलेज ऑफ ट्रैक्टर, पैटर्न, डाई एंड यान
- कलर, शेप एंड फॉर्म की समझ
- डिजाइन रिलेटेड सॉफ्टवेयर की नॉलेज
- कम्युनिकेशन
- प्रेजेंटेशन
- नेगोशिएशन स्किल्स
- प्रोबलम सॉल्विंग स्किल्स
- टीम वर्क